* वर्ष 40 * अंक 116 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर बुधवार दिनांक 29 जनवरी 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

मौनी अमावस्या आज : 10 करोड़ श्रद्धालु आएंगे! एक दिन पहले 5 करोड़ ने लगाई डुबकी, सड़कें-गलियां हो गई फुल

प्रयागराज (एजेंसी)। महाकुम्भ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या दिन-प्रतिदिन नए कीर्तिमान बनाती जा रही है। मुख्य स्नान पर्व मौनी अमावस्या पर संगम में पुण्य की डुबकी लगाने का उत्साह चरम पर दिखा। मौनी अमावस्या के एक दिन पहले ही महाकुंभ में रिकॉर्ड श्रद्धालु पहुंचे हैं। संगम डुबकी लगाने वालों की बढ़ रही संख्या के चलते मंगलवार को मकर संक्राति के पहले शाही स्नान का भी रिकॉर्ड टूट गया है। 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर 3.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम में स्नान किया था, जबकि मंगलवार को 4 करोड़ 99 लाख श्रद्धालुओं ने आस्थावान पुण्य की डुबकी लगाई थी। इनमें दस लाख से अधिक कल्पवासी भी शामिल हैं। तीन दिन से आ रहा श्रद्धालुओं का रेला मंगलवार को चरम पर पहुंच गया। सुबह से ही शास्त्री पुल, फाफामऊ पुल, नैनी नया और पुराना पुल समेत संगम की ओर जाने वाली सभी सड़कों पर बड़े-बूढ़े, युवक-युवतियां, महिला-पुरुष और बच्चे ही दिखाई पड़ रहे थे। सुबह ही पूरा मेला क्षेत्र श्रद्धालुओं से भरा नजर आया। सनातन धर्मावलम्बियों के उत्साह का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि दोपहर 12 बजे तक 1.88 करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। जबकि पौष पूर्णिमा के पहले स्नान पर्व पर पूरे दिन में 1.65 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। मंगलवार सुबह आठ बजे तक 55.07 लाख, दस बजे तक 1.13 करोड़, 12 बजे तक 1.88 करोड़, दो बजे तक 2.39 करोड़, चार बजे तक 3.90 करोड़ और शाम छह बजे तक 4.64 करोड़ ने स्नान किया था। सरकार ने मौनी अमावस्या पर आठ से दस करोड़ आस्थावानों के स्नान का अनुमान लगाया है। जिस उत्साह से श्रद्धालु आ रहे हैं उसमें यह संख्या बहुत आसानी से पार होने की उम्मीद है। महाकुंभ में शाम होते-होते भीड़ तेजी से बढ़ती जा रही है। हर तरफ सिर्फ सिर ही सिर दिखाई दे रहे हैं। प्रयागराज की सड़कों से लेकर गलियां तक फुल हैं। भीड़ संभालने के लिए प्रशासन ने जगह-जगह बैरिकेडिंग कर रखी है। लेकिन, आने वाली भीड़ बैरिकेडिंग तोड़ रही है। ऐसा ही शास्त्री ब्रिज पर देखने को मिला। यहां भीड़ ने बैरिकेडिंग तोड़ दी और पुल से डायरेक्ट नीचे उतरकर मेले के अंदर चले गए। रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर भी पैर रखने तक की जगह नहीं है।

महाकुंभ नगर दुनिया का सबसे बड़ा शहर बना

महाकुंभ नगर एक बार फिर विश्व का सबसे बड़ा जिला बन गया। आज प्रयागराज की आबादी साढ़े 4 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। मंगलवार को 4.99 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। इसमें अगर जिले की आबादी करीब 70 लाख जोड़ ली जाए, तो प्रयागराज में एक दिन की संख्या 5.69 करोड़ रिकॉर्ड की गई। ऐसे में आबादी के लिहाज से विश्व के सबसे बड़े शहर टोक्यो को भी प्रयागराज ने पीछे छोड़ दिया। इससे पहले मकर संक्रांति पर भी 4.20 करोड़ लोगों के साथ प्रयागराज विश्व का सबसे बड़ा जिला बनने का रिकॉर्ड बना चुका है।

25 क्विंटल पुष्प वर्षा होगी श्रद्धालुओं पर

महाकुंभ 2025 में मौनी अमावस्या को लेकर यूपी सरकार ने सारी तैयारियां कर ली हैं। इस बार श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए योगी सरकार ने विशेष तैयारी की है। इस अमृत स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं पर आसमान से गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्प वर्षा की जाएगी। ऐसा माना जा रहा है कि मौनी अमावस्या पर इस बार 10 करोड़ अधिक श्रद्धालु अमृत स्नान करेंगे। पुष्प वर्षा का यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए अद्वितीय अनुभव देगा। साथ ही और श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था और उत्साह को नई ऊंचाई देगा।

मौनी अमावस्या के इस पावन पर्व पर 10 करोड़ श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की जाएगी। इसके लिए लगभग 25 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों की व्यवस्था की गई है। उपनिदेशक उद्यान, प्रयागराज मंडल कृष्ण मोहन चौधरी ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए 5 क्विंटल अतिरिक्त गुलाब की पंखुड़ियां भी तैयार रखी गई हैं, ताकि आवश्यकता पड़ने पर पुष्प वर्षा की संख्या को बढ़ाया जा सके। महाकुंभ में पुष्प वर्षा के प्रभारी उद्यान वीके सिंह ने बताया कि पूरे आयोजन के दौरान सभी घाटों पर दिनभर 5 से 6 राउंड पुष्प वर्षा की जाएगी।

30 तक स्कूल बंद, हाईकोर्ट की भी छुट्टी

महाकुंभ में मौनी अमावस्या पर होने वाले अमृत स्नान की तैयारियों को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा कड़ी कर दी है। उम्मीद है कि इस बार एक दिन में करीब 10 करोड़ श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। उधर, मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर होने वाली भीड़ के कारण हाईकोर्ट की प्रधान पीठ, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट), जिला न्यायालय और नगर क्षेत्र के 12वीं तक के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई हैं। रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रधान पीठ में 28 और 30 जनवरी को अवकाश रहेगा। इसके स्थान पर 17 मई और 23 अगस्त को कार्य दिवस होगा। सोमवार को हाईकोर्ट खुला लेकिन आवागमन में परेशानी से नो एडवर्स ऑर्डर का प्रस्ताव भी रहा। कैट बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र नायक ने बताया कि प्रधान पीठ की डिप्टी रजिस्ट्रार कंचन शर्मा की अधिसूचना के अनुसार प्रयागराज पीठ में 28 से 30 जनवरी तक अवकाश रहेगा। इसके स्थान पर 5 एवं 26 अप्रैल और 3 मई कार्य दिवस होगा।

जिले के बारहवीं तक के सभी बोर्ड के स्कूल 28 से 30 जनवरी तक बंद रहेंगे। जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह ने सोमवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। माध्यमिक शिक्षक संघ (ठकुराई गुट) के प्रदेश महामंत्री लालमणि द्विवेदी ने केवल नगर क्षेत्र के स्कूल बंद करने पर आपत्ति की है। जिला कचहरी में 28 और 29 जनवरी को अवकाश रहेगा। जिला अधिवक्ता संघ के मंत्री दिनेश चंद्र पांडे ने बताया कि 29 को पूर्व में ही अवकाश घोषित किया गया था लेकिन 28 जनवरी को विशेष रूप से यह अवकाश घोषित किया गया है।

बतौर मंत्री विधानसभा सत्र में शामिल नहीं होंगे किरोड़ीलाल

स्पीकर को चिट्ठी लिखकर मांगी अनुमति; दूसरे मंत्री देंगे उनके विभाग के सवालों के जवाब

जयपुर (पुकार)। कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन में नहीं आएंगे। किरोड़ीलाल ने विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी को चिट्ठी लिखकर बजट सत्र के दौरान विधानसभा से गैरहाजिर रहने की अनुमति मांगी है। यह लगातार दूसरा मौका है, जब किरोड़ीलाल बजट सत्र के दौरान सदन में नहीं रहेंगे। वे पिछले बजट सत्र के दौरान भी पूरे समय विधानसभा नहीं आए थे। विधानसभा में मंत्री किरोड़ी के कृषि, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन और जन अभियोग निराकरण विभाग के सवालों के जवाब देने के लिए सोमवार और शुक्रवार के दिन भी तय कर दिए गए थे। अब किरोड़ी ने व्यक्तिगत कारणों से सदन से 4 फरवरी से गैरहाजिर रहने की अनुमति मांगी है। ऐसे में उनके विभागों के जवाब देने के लिए दूसरे मंत्रियों को जिम्मेदारी दी जाएगी। ग्रामीण विकास से जुड़े सवालों के जवाब पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर देंगे। पिछले बजट सत्र के दौरान भी उनके विभागों के सवालों के जवाब दूसरे मंत्रियों ने दिए थे।

लोकसभा चुनाव के बाद दिया था इस्तीफा, बाद में मान गए थे : किरोड़ीलाल मीणा ने लोकसभा चुनाव में दौसा सीट से भाजपा की हार के बाद इसकी जिम्मेदारी लेते हुए मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। उस वक्त उन्होंने तर्क दिया था कि जिस इलाके में उन्होंने पूरी जिंदगी सेवा की, उस इलाके से ही अगर उनकी पार्टी हार जाए तो वह नैतिक तौर से जिम्मेदार हैं। इस नाते उन्होंने इस्तीफा दिया है। उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया था। इस्तीफा देने के बाद जुलाई 2024 में हुए बजट सत्र के दौरान किरोड़ी विधानसभा नहीं गए थे। अतिवृष्टि और बाढ़ प्रभावित इलाकों में आपदा राहत मंत्री के तौर पर उन्होंने समीक्षा जरूर की थी। बाद में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उनसे काम शुरू करने का आग्रह किया था।

पिछली दो कैबिनेट बैठकों में शामिल हुए थे

किरोड़ीलाल मीणा पिछली दो कैबिनेट बैठकों में मंत्री के तौर पर शामिल हुए थे। उन्होंने कई बार विभागीय बैठक भी ली थीं। अब अचानक विधानसभा के बजट सत्र में गैरहाजिर रहने की चिट्ठी लिखकर उन्होंने सियासी चर्चा जरूर छेड़ दी है।

यमुना में जहर और नरसंहार के दावे का रात 8 बजे तक दें सबूत

नई दिल्ली (एजेंसी)। चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेज युमना में जहर वाले दावे पर सबूत मांगा है। चुनाव आयोग ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल यमुना नदी में जहर डालने और दिल्ली में नरसंहार के अपने गंभीर आरोपों को तथ्यों के साथ साबित करें। चुनाव आयोग ने बुधवार रात 8 बजे तक अरविंद केजरीवाल को अपने दावों पर सबूत देने के लिए कहा है। चुनाव आयोग ने कहा है कि आपके कद के नेता की तरफ से दिए गए बयानों में बहुत वजन होता है और लोग, खासकर उस पार्टी के समर्थक उस बयान पर विश्वास करते हैं। एक अनुभवी वरिष्ठ नेता होने के नाते, सार्वजनिक रूप से पड़ोसी राज्य के ऊपर यमुना में जहर मिलाए जाने के आरोपों को साबित करने के लिए आपके पास पर्याप्त सबूत होने चाहिए। इसी के साथ इस बात के भी सबूत होने चाहिए कि यमुना को जहरीला करने के लिए किस तरह और कितनी सीमा में केमिकल का इस्तेमाल किया गया था जिससे दिल्ली में नरसंहार हो जाता।

तीन साल तक हो सकती है जेल

चुनाव आयोग ने अपने नोटिस में कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा है कि राष्ट्रीय एकता के खिलाफ शरारती बयानों के लिए तीन साल तक की कैद हो सकती है। इसी के साथ इस तरह के आरोपों से दो पड़ोसी राज्यों के लोगों के बीच दुश्मनी का खतरा भी बताया है।

चुनाव आयोग ने रात 8 बजे तक मांगा जवाब

चुनाव आयोग ने अरविंद केजरीवाल को तथ्यों और कानूनी मैट्रिक्स के साथ सभी सबूत पेश करने के लिए 29 जनवरी यानी बुधवार रात 8 बजे तक का समय दिया है ताकी इनकी जांच तक उचित कार्रवाई की जा सके।

रिपोर्ट दिखाइए जिम्मेदारी हम लेंगे

यमुना में जहर के दावे पर अमित शाह की केजरीवाल को चुनौती

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली के कालकाजी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यमुना के पानी जहर के दावे को लेकर अरविंद केजरीवाल पर जोरदार हमला बोला। शाह ने कहा- कल अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड की रिपोर्ट का हवाला देकर कहा था कि दिल्ली में जो यमुना का पानी आया है उसमें हरियाणा सरकार ने जहर मिला दिया है। वहीं जलबोर्ड वालों का कहना है कि केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। अरविंद केजरीवाल जी आपके पास जलबोर्ड की जो रिपोर्ट है उसे कल सार्वजनिक कीजिए हम जिम्मेदारी लेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को चुनौती देने वाले अंदाज में कहा कि अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा सरकार पर यमुना के पानी में जहर मिलाने का आरोप लगाया है। कालकावानों आपके घर में जहर वाला पानी आया है क्या? हमने जब पूछा क्या रिपोर्ट है तो जल बोर्ड वालों ने कहा कि केजरीवाल झूठ बोल रहे हैं। ऐसा कुछ नहीं हुआ है।



राजस्थान में फिर बारिश का अलर्ट

रात में अब भी तेज सर्दी, दिन में ठंड और शीतलहर से मिली राहत

जयपुर (पुकार)। राजस्थान में अब दिन में सर्दी से राहत मिलने लगी है। हालांकि, रात का तापमान अब भी कई जिलों में 5 डिग्री के करीब बना हुआ है। फसलों पर जम रही ओस ने भी किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विशेषज्ञों ने पाला पड़ने की भी आशंका जताई है। वहीं, मौसम केंद्र ने फरवरी के पहले वीक में बारिश का भी अलर्ट जारी किया है। शीतलहर और दिन में हो रही ठंड से बीते दो दिन से राहत है। कई शहरों में दिन में तेज धूप और हल्की गर्मी ने लोगों माघ के माह में फाल्गुन जैसे मौसम का एहसास करवा दिया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में 29 जनवरी से न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी होनी शुरू होगी।

सुबह-शाम की सर्दी होगी कम : राजस्थान में पिछले दो-तीन दिन से लगातार न्यूनतम तापमान गिर रहे और सुबह-शाम की सर्दी तेज हो रही है। लेकिन कल यानी 29 जनवरी से इस कड़ाके की सर्दी से भी थोड़ी राहत मिलनी शुरू हो सकती है।

ट्रम्प की भारत-चीन पर टैरिफ लगाने की धमकी

कहा- ये देश हमारे प्रोडक्ट पर भारी टैरिफ लगा रहे; अब हम भी ज्यादा टैक्स लगाएंगे

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को फ्लोरिडा में एक कार्यक्रम में भारत, चीन और ब्राजील जैसे देशों पर हाई टैरिफ लगाने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि अमेरिका वापस उस सिस्टम को अपनाए जिसने उसे धनी और ताकतवर बनाया है।

ट्रम्प ने कहा कि ये तीनों देश (ब्राजील, चीन, भारत) अपने हितों के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन इससे अमेरिका को नुकसान पहुंच रहा है। अमेरिका एक ईमानदार सिस्टम तैयार करेगा, जिससे हमारे खजाने में पैसा आएगा और अमेरिका फिर से बहुत अमीर हो जाएगा। यह सब कुछ बहुत जल्द होगा। ट्रम्प ने कहा कि दूसरे देशों को अमीर बनाने के लिए अपने लोगों पर टैक्स लगाने की जगह हम अपने लोगों को अमीर बनाने के लिए दूसरे देशों पर टैक्स लगाएंगे। विदेशी कंपनियां हाई टैरिफ से बचना चाहती हैं, तो उन्हें अमेरिका में ही अपना प्लांट लगाना होगा।

अमेरिका फर्स्ट का नारा दोहराते हुए ट्रम्प ने कहा कि जैसे अन्य देशों पर टैरिफ बढ़ेंगे वैसे ही अमेरिकी वर्कर्स और इंडस्ट्री पर टैक्स कम हो जाएंगे। इससे हमारे देश में बड़ी संख्या में नौकरियां आएंगी और कारखाने लगेंगे।

श्रीलंकाई नौसेना की गोलीबारी में 5 भारतीय मछुआरे घायल

भारत ने उच्चायुक्त को तलब किया, कहा- इस तरह के एक्शन बर्दाश्त नहीं

कोलंबो (एजेंसी)। श्रीलंकाई नेवी ने मंगलवार सुबह 13 भारतीय मछुआरों पर फायरिंग कर दी। इसमें 5 मछुआरे घायल हो गए। ये सभी डेल्फ्ट द्वीप के पास मछली पकड़ने गए थे। यह द्वीप श्रीलंका के अधिकार में है। इन मछुआरों का श्रीलंका के जाफना टीचिंग हॉस्पिटल में इलाज हो रहा है। भारत सरकार ने फायरिंग को गंभीर मानते हुए श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को तलब किया और घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है कि ऐसी घटनाएं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों से अस्पताल में मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने मछुआरों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की है।

भारत बोला- मछुआरों से जुड़े मुद्दे मानवीय तरीके से निपटाए जाएं : भारतीय उच्चायोग ने कोलंबो में श्रीलंका के विदेश मंत्रालय के सामने इस मामले को उठाया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार ने हमेशा मछुआरों से जुड़े मुद्दों को मानवीय तरीके से निपटाने पर जोर दिया है। इसमें आजीविका से जुड़ी चिंताओं को ध्यान में रखा गया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि किसी भी हालत में बल प्रयोग स्वीकार्य नहीं किए जाएंगे। इस संबंध में दोनों सरकारों के बीच मौजूदा सहमति का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

बागपत में जैन धर्म के महोत्सव में हादसा, 7 मौतें

65 फीट ऊंचाई पर मंच, जाने के लिए लकड़ी की सीढ़ियां; भीड़ बढ़ी तो ढह गईं

बागपत (बड़ौत) (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बागपत में मंगलवार को जैन समुदाय के निर्वाण महोत्सव के दौरान हादसा हो गया। यहां 65 फीट ऊंचे मंच की सीढ़ियां टूट गईं। इससे कई श्रद्धालु एक दूसरे पर गिरते चले गए। भगदड़ जैसे हालात हो गए। हादसे में 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जबकि 80 से अधिक लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायलों को इलाज के लिए अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती किया गया है। स्थानीय लोगों ने घटना में खून से लथपथ श्रद्धालुओं को ठेले से अस्पताल पहुंचाया। सीएम योगी ने मामले का संज्ञान लिया। रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी भी घायलों से मिलने अस्पताल पहुंचे। हादसा बागपत शहर से 20 किमी दूर बड़ौत तहसील में सुबह 7 से 8 बजे के बीच हुआ। महोत्सव में आदिनाथ भगवान को प्रसाद चढ़ाने का कार्यक्रम चल रहा था। 65 फीट ऊंचा लकड़ी का मंच बनाया था। उस पर भगवान की 4-5 फीट ऊंची प्रतिमा रखी थी। श्रद्धालु भगवान तक पहुंचने के लिए मचाननुमा सीढ़ियों से ऊपर चढ़ रहे थे। वजन बढ़ने से पूरा मचान नीचे गिर गया।

संक्षिप्त समाचार

खूबसूरती से ज्यादा एक महिला का आत्मनिर्भर होना अधिक महत्वपूर्ण

उदयपुर (पुकार)। शी सर्कल इंडिया का बहुप्रतिक्षित महिला उद्यमी सेमिनार मंगलवार को सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सी बीच के हेल्थ पार्टनर गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सीईओ ऋषि कपूर थे। संस्थापिका तरीका भानुप्रतापसिंह ने बताया कि शी बीज के आयोजन के पीछे मुख्य उद्देश्य उदयपुर शहर की सभी महिला उद्यमियों को एक छत के नीचे अपने बिजनेस का आदान-प्रदान, बिजनेस ज्यादा से ज्यादा कैसे लोगों तक पहुंचाया जाए, मार्केटिंग के टिप्स, सरकारी योजनाओं के बारें में जानकारियां है। इस सेमिनार के मुख्य आयोजनकर्ता केयर हेल्थ इंश्योरेंस से राहुल पचौरी, मयूर व्यास का कहना था कि इस तरह के आयोजन उदयपुर शहर में होना अपने आप में बड़ी बात है साथ ही साथ कार्यक्रम में कई महिलाओं ने अपने हाथ से बने हुए उत्पाद भी प्रदर्शन हेतु वहां पर रखें कई नई बिज़नेस को वहां पर लॉन्च किया गया। अलग-अलग प्रकार की बिजनेस नीतियां साझा की गई। कार्यक्रम में बैंक पार्टनर इक्विटस बैंक था और उन्होंने महिला उद्योगों को बैंक से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। अन्य अतिथियों में गीतांजलि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के जनरल मैनेजर मार्केटिंग कल्पेश राजबर,इक्विटस बैंक के आशीष पोरवाल, पिज़्ज़ा गैलरिया के रुचि, स्पीकर शीतल, ओरिएंटल पैलेस से श्रद्धा गट्टानी,स्वर्ण सिल्वर से सोनू जैन, लेट अस हूण से मीनाक्षी भरवानी, लॉरेंट हाय स्कूल की सुरभि खत्री, ए के स्टूइडो के हितेश मालवीय, हर्षिता , सुशील भट्टमेवारा, स्टू इंडिया के वैभव शर्मा, कायाकल्य के योगेश पारीक, वन तो ऑल के शरद लोढ़ा, वरुण सुराना, विजयलक्ष्मी गलुण्डिया, शी सर्कल इंडिया की 50 से अधिक मेंबर्स की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में 91 महिलाओं ने भाग लिया जो कि अपने आप में बहुत ही एक अनूठी पहल थी।

पूर्व मुख्य जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी अभियन्ता नरेन्द्र धाकड़ सम्मानित

उदयपुर (पुकार)। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग राजस्थान स्टेट सेंटर जयपुर आयोजित एक समारोह में मूलतः उदयपुर निवासी द्वारा पूर्व मुख्य जनस्वास्थ्य अभियान्त्रिकी अभियन्ता को आउटस्टैंडिंग इंजीनियरिंग सर्विसेज टू सोसाइटी अवार्ड से सम्मानित किया गया। इंजीनियर नरेंद्र धाकड़ उदयपुर क्षेत्र के पहले और अब तक आखिरी जयपुर में मुख्य अभियंता जन स्वास्थय अभियांत्रिक विभाग के सर्वोच्च पद पर पदस्थापित होकर सेवानिवृत हुए। सेवा कार्य के दौरान उदयपुर शहर की मानसी वाकल परियोजना, देवास परियोजना, जयसमंद परियोजना, उदयपुर फ़िल्टर प्लांट्स के क्रमोनत करने, पूरे भीलवाड़ा जिले के शहर और गावों को चम्बल परियोजना कोटा से लाभान्वित करने, राजसमंद शहर की पुनर्गठित योजना, राजसमंद जिले के सभी ग्रामीण योजनाओ का संचालन और संधारण की स्वीकृति, कोटा शहर की 24गुना 7 घंटे जल वितरण के क्रियान्वयन एवं संचालयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इनके इसी समर्पण कार्य को पूर्व में भी अधीक्षण अभियंता रहते हुए तत्कालीन जलदाय मंत्री श्रीमती किरण माहेश्वरी द्वारा भी इनको सम्मानित किया जा चूका है। सेवानिवृति के पश्चात ये विभिन्न सामाजिक संस्थाओं महावीर इंटरनेशनल, जैन इंजीनियरिंग सोसाइटी, अरावली सोसाइटी, प्रबुद्ध जनस्वास्थ्य अभियंता मंडल, कंवरपदा पूर्व छात्र परिषद्, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, महाराणा प्रताप नागरिक समिति, वरिष्ठ नागरिक सेवा संसथान के वरिष्ठ सदस्य एवं पदाधिकारी के रूप में मानव सेवा, मनोरंजन, सामाजिक सेवा, इंजीनियरिंग सेवा के नित्य नए आयाम स्थापित कर रहे है।

स्वेटर का वितरण

उदयपुर (पुकार)। महावीर इंटरनेशनल लेकसिटी द्वारा मंगलवार को राज.विशिष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय (रेजिडेंसी परिसर) में 51 बच्चों को स्वेटर वितरण किये गए। इसी विद्यालय में सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया गया था,उपस्थित छात्राओं को डॉ अमृता बोकडिया ने स्वच्छता व मासिक धर्म के दौरान होने वाली कठिनाईओं व उसके निराकरण की जानकारी दी। छात्राओं द्वारा उनके समक्ष अनेक जिज्ञासाएँ रखी जिसका उन्होंने समाधान दिया। इस कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल लेकसिटी के अध्यक्ष वीर करुण चंडालिया, सचिव वीर नरेन्द्र कुमार लोढ़ा, उपाध्यक्ष वीर ललित लोढ़ा, सह.सचिव वीर करण सिंह कटारिया,वीर दिलीप कावडिया, वीर डॉ नरेन्द्र कुमार जैन , वीर सुभाष झा, वीरा प्रेमा चंडालिया, वीरा पुष्पा लोढ़ा, वीरा अरुणा कटारिया,आदि उपस्थित रहे। अध्यक्ष वीर करुण चंडालिया द्वारा महावीर इंटरनेशनल के सेवा कार्यो की जानकारी दी। बच्चों का उत्साहवर्धन किया। सचिव नरेन्द्र लोढ़ा ने पूर्व में आयोजित कार्यक्रम की जानकारी दी। विद्यालय इंचार्ज राजर्षि सुराना ने स्वागत उद्धबोदन एवं महावीर प्रसाद शर्मा ने संचालन एवं आभार व्यक्त किया।

गौरव साहू बने 'स्ट्रांग मैन ऑफ उदयपुर'

उदयपुर (पुकार)। जिला पावरलिफ्टिंग संघ उदयपुर के तत्वावधान में 13वीं उदयपुर जिला सीनियर पुरुष एवं महिला क्लासिक पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता, लव कुश इनडोर स्टेडियम में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 'स्ट्रांग मैन ऑफ उदयपुर' का खिताब उदयपुर के इंटरनेशनल खिलाडी गौरव साहू ने जीता। वहीं 'स्ट्रांग वूमेन ऑफ उदयपुर' का खिताब साधना खोईवाल ने जीता। प्रतियोगिता के बाद आयोजित समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नगर निगम के पूर्व पार्षद दिग्विजय श्रीमाली थे। अध्यक्षता राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश श्रीमाली ने की। विशिष्ट अतिथि जिला ओलंपिक संघ के सचिव जलामचंद जैन, समाजसेवी सुनील श्रीमाली, बॉक्सिंग कोच नरपत सिंह चुण्डावत एवं राजस्थान राज्य पावरलिफ्टिंग संघ के आयोजन सचिव विनोद साहू थे। प्रारंभ में सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। समारोह का संचालन जिला संघ के चेयरमैन कमलेश शर्मा ने किया।

पिकनिक एवं वन भ्रमण कार्यक्रम आयोजित

उदयपुर (पुकार)। 60 बसंत वरिष्ठ नागरिक परिषद, उदयपुर के 80 सदस्यों ने पिकनिक एवं वन भ्रमण कार्यक्रम चीरवा के समीप करेलों का गुड़ा के श्री भोलेनाथ महादेव आश्रम में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम भोलेनाथ जी के दर्शन कर बरगद के विशाल पेड़ के नीचे जलपान का आनंद लिया। गांव करेला गुड़ा तक पैदल भ्रमण भी किया। मीडिया प्रभारी प्रो विमल शर्मा के नेतृत्व मे 25 उत्साही सदस्यों ने 8 किलोमीटर दूर मारुवास की पहाड़ी स्थित ऋंग ऋषि महादेव जी के भी दर्शन किए। प्रो शर्मा ने बताया की करेलों का गुड़ा महादेव मंदिर करीब 600 वर्ष पुराने भेरों जी के देवरे की जमीन पर बना है व उदयपुर की स्थापना से पूर्व भी मेवाड़ एकलिंगजी दीवान (राजवंश) उक्त देवरे पर नियमित दर्शन करते रहें है।

इस वर्ष के अंत तक तैयार हो जायेगा उदयपुर एयरपोर्ट का नया टर्मिनल भवन

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया के अधिकारियों के साथ परिचर्चात्मक बैठक का आयोजन

उदयपुर (पुकार)। 'सरकार की प्रगतिशील नीतियों के परिणास्वरुप देश में आर्थिक समृद्धि बढी है। इसके साथ ही हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में भारी ईजाफा हुआ है। केन्द्र सरकार द्वारा देश में नए एयरपोर्ट की स्थापना एवं वर्तमान एयरपोर्ट की सेवाओं के विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उदयपुर एयरपोर्ट के विस्तार एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास पर एक हजार करोड रुपये की बजट राशि व्यय की जा रही है। यह जानकारी एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया के मेम्बर (ऑपरेशंस) डॉ. शरद कुमार ने यूसीसीआई में दी।

यूसीसीआई के मानद महासचिव डॉ. पवन तलेसरा ने बताया कि उदयपुर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री द्वारा एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया के अधिकारियों के साथ चेम्बर भवन के पायरोटेक टेम्पसन्स सभागार में एक परिचर्चात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में डॉ. शरद कुमार मुख्य अतिथि तथा उदयपुर एयरपोर्ट के निदेशक योगेश नगाईच विशिष्ट अतिथि थे। बैठक में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया तथा विभिन्न एयरलाईन कम्पनियों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

अध्यक्ष एम.एल. लूणावत ने अपने स्वागत सम्बोधन में व्यावसायिक यात्रियों की संख्या में बढोतरी को देखते हुए बेहतर हवाई यात्रा सुविधाएं मुहैया करवाए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने उदयपुर हवाई अड्डे से अंतर्राष्ट्रीय उडानों का संचालन शुरु करने, घरेलू यात्रियों को उदयपुर से देश के अन्य शहरों की यात्रा हेतु बेहतर एयर कनेक्टीविटी प्रदान करने, उदयपुर हवाई अड्डे को सप्ताह के सातों दिन और चैबीस घण्टे ऑपरेशनल बनाए जाने के सम्बन्ध में यूसीसीआई की ओर से सुझाव प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि योगेश नगाईच ने अपने सम्बोधन में बताया कि उदयपुर हवाई अड्डे पर नए टर्मिनल भवन का निर्माण कार्य इस वर्ष के अंत तक पूरा हो जाएगा। नए टर्मिनल भवन के आरम्भ होने पर कई नई सेवाएं शुरु होंगी तथा वर्तमान सेवाओं का विस्तार होगा। एक हजार करोड रुपये की बजट राशि से विकसित किया जा रहा नया टर्मिनल भवन कलात्मक दृष्टि से 'स्टेट ऑफ आर्ट' सिद्ध होगा एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सेवाओं से परिपूर्ण होगा।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. शरद कुमार ने यूसीसीआई सदस्यों को सम्बोधित करते हुए बताया कि उडान शुरु करना अथवा बन्द करना एक जटिल प्रक्रिया है तथा इसके लिए कई कारक जिम्मेदार होते हैं। विगत दस वर्षों में देश ने तेजी से तरक्की की है और भारत दुनिया की तीसरी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। भारत की विमानन कम्पनियों ने दुनिया की विमान निर्माता कम्पनियों को एक हजार एक सौ पचास यात्री हवाई जहाज खरीदने का ऑर्डर दिया है। विश्व के अब तक के इतिहास में इतना बडा ऑर्डर कभी किसी देश ने नहीं दिया है। गत वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एक दिन में पन्द्रह नए हवाई अड्डों का शुभारम्भ किया गया। यह भी एक वैश्विक रिकॉर्ड है। हवाई मार्ग से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि होने से एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इण्डिया द्वारा देश में तेजी से नए हवाई अड्डों का निर्माण एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। अलग-अलग प्रकार के यात्री हवाई जहाजों, उनके पायलट एवं क्रू मेम्बर, मरम्मत एवं रख-रखाव, कलपुर्जों की आपूर्ति, पैसेन्जर लोड बाबत मांग एवं आपूर्ति, पर्यावरण क्लीयरेन्स आदि कई क्लिष्ट कारक हैं जिन पर उडान कार्यक्रम के समापन अवसर पर मानद महासचिव डॉ. पवन तलेसरा ने बैठक में खुली परिचर्चा के उपरान्त सागर्भित सारांश प्रस्तुत करते हुए सभी को आभार ज्ञापित किया। संचालन निर्भर करता है।

इण्डिगो एयरलाईन्स के प्रवीण कुमार ने उदयपुर हवाई अड्डे से कम्पनी द्वारा प्रदान की जा रही कार्गो सुविधा तथा पैसेन्जर सुविधा एवं एयर कनेक्टीविटी के बारे में सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर दिया। एयर इण्डिया के अमित रमानी ने नए हवाई जहाजों की आपूर्ति एवं भविष्य में अन्य हवाई अड्डों के लिए कम्पनी द्वारा नई उडानों की शुरुआत किए जाने के बारे में जानकारी दी।

यूसीसीआई के पूर्व उपाध्यक्ष दिलीप तलेसरा ने एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं यात्री सुविधा विकास के सम्बन्ध में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

खुली परिचर्चा के दौरान पूर्वाध्यक्ष कोमल कोठारी, पूर्वाध्यक्ष पी.एस. तलेसरा, अशोक जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनीष गलुण्डिया, मानद कोषाध्यक्ष प्रकाशचन्द्र बोलिया, मार्बल प्रोसेसर समिति के अध्यक्ष कपिल सुराणा, हेमन्त जैन आदि सदस्यों ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन यूसीसीआई की पर्यटन सब कमेटी के चेयरपर्सन सिद्धार्थ चतुर ने किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मानद महासचिव डॉ. पवन तलेसरा ने बैठक में खुली परिचर्चा के उपरान्त सागर्भित सारांश प्रस्तुत करते हुए सभी को आभार ज्ञापित किया।

बैठक में पूर्वाध्यक्ष सी.पी. तलेसरा, पूर्वाध्यक्ष महेन्द्र टाया, उपाध्यक्ष प्रतीक हिंगड, हितेष पटेल, गजेन्द्र सुयल, सुभाषसिंह राणावत, अम्बालाल साहू, राकेश चैधरी, के.पी. अग्रवाल, जी.एस. सिसोदिया, आशीष छाबडा, दीपक बोर्दिया, आर.आर. हरलालका आदि सदस्यों ने भाग लिया।

सेक्टर 11 में 1008 श्री आदिनाथ भगवान निर्वाण महोत्सव मनाया

उदयपुर (पुकार)। आदिनाथ भवन सेक्टर 11 में प्रथम तीर्थंकर मूलनायक 1008 श्री आदिनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव माध कृष्ण चौदस मंगलवार प्रात :7.00 बजे विशेष आयोजन के और पूर्ण भक्ति भाव के साथ मनाया गया। शांतिधारा, विभिन्न रसों से अभिषेक के साथ ही मन्दिर पर कलश स्थापना एवं भगवान को निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया। इस दौरान सैंकड़ों समाजन पूर्ण भक्तिभाव के साथ इस महान धार्मिक आयोजन के साक्षी बने।

अध्यक्ष पारस चित्तौड़ा ने बताया कि प्रथम तीर्थंकर मूलनायक 1008 श्री आदिनाथ भगवान का निर्वाण महोत्सव माध कृष्ण चौदस 28 जनवरी को विशेष पंचामृत अभिषेक एवं शांति धारा हुई। आयोजन के सौधर्म इन्द्र - श्रीमति ज्योत्सना अशोक कुमार जी भोगी लाल जी शाह परिवार रहे। शांतिधारा के जयन्तिलाल विनोद डागरिया परिवार, चन्दन(केशर) लेपन के कमल कुमार गौरव मेहता परिवार, दूधाभिषेक के श्रीमति बसन्ती देवी राकेश बोहरा परिवार, केसर दूध के श्रीमति विमला सोहन कलावत परिवार, निर्वाण लड्डू के श्रीमति शोभा देवी जी बसन्ती लाल थाया, कलश के श्रीमति लक्ष्मीदेवी महावीर सिंघवी, रमेश भोगी लाल शाह, रमेश गोदावत पुध्यार्जक रहे।

महामंत्री कमलकान्त जोलावत ने बताया कि इनके साथ ही जलाभिषेक के ख्याली लाल ओमप्रकाश पण्डेत, नारियल पानी के शोभा बसन्ती लाल थाया, शर्कराके भंवर लाल राटिया, मौसंबी रस के सुन्दर लाल डागरिया, माल्टा रस अनार रस के मदनलाल देवड़ा, एप्पल रस के मांगी देवी रतनपाल वेडा, पाइनएप्पल रसके राजेश रजावत, चीकू रस के मधु महावीर पचोरी, अंगूर रस के लक्ष्मीदेवी रोशन लाल गदावत, काले अंगूर का रस, आम रस के चन्द्रप्रकाश जी कारवा, बदाम रसके मंजु भंवर गदावत, काजू रस के प्रवीण कोठरी, पिस्ता रस के फतेहलाल पंचोली, (चावण्ड वाले)अखरोट रस के रमेश चितौड़ा (दातार), इलायची रस के पारस चितौड़ा, घी के भूरीलाल, केसर दूध दहीअशोक कोठारी पुण्यार्जक रहे।

लकड़ी पर लगने वाले कृषि मंडी शुल्क हटाने को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

उदयपुर (पुकार)। टिम्बर एंड प्लाइवुड मर्चेन्ट वेलफेयर सोसायटी उदयपुर के सदस्यों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लकड़ी पर से कृषि मंडी शुल्क हटाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा।

सोसायटी संरक्षक सुशील बांठिया ने बताया कि सोसायटी का एक प्रतिनिधि मंडल 26 जनवरी को सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिला और लकड़ी पर लगने वाले कृषि मंडी शुल्क हटाने हेतु ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि राज्य सरकार द्वारा जारी अधिनियम की अधिसूची धारा 2 (1) (1) में भी लकड़ी को वन उत्पाद माना गया है ना कि कोई कृषि उत्पाद जिसे प्रधानमंत्री जी द्वारा समाप्त कर दिया गया था लेकिन राज्य सरकार ने इसे पुनः बढ़ाकर लागू कर दिया है। लकड़ी पर सम्पूर्ण भारत में 18 प्रतिशत जीएसटी लागू है। यह स्लेब भी अपने आप में अत्यधिक है, जबकि अन्य सभी कृषि उत्पादों पर इसे कम टैक्स स्लेब लागू है। लकड़ी उत्पाद सभी वर्ग के लिए उपयोग की वस्तु है। ज्ञापन में बताया गया कि लकड़ी व्यवसाय करने वालों को मंडी द्वारा आज तक कोई सुविधा व स्थान उपलब्ध नहीं कराया गया है। लकड़ी व्यवसाय आज अधिकतर पड़ौसी राज्यों एवं विदेश से आयातित लकड़ी पर ही निर्भर है। स्थानीय उत्पादक उसकी अपेक्षा नगण्य है। इस दृष्टि से मंडी शुल्क को शीघ्र हटाने की मांग की। इस पर मुख्यंमत्री ने प्रतिनिधि मंडल को इस दिशा में सार्थक पहल करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में अभिषक जैन, अध्यक्ष रविंद्र सिंह चौहान, सचिव कीर्ति सोनी, संरक्षक शैलेन्द्र लोढ़ा, रावजी भाई पटेल, गजेंद्र जोधावत, महेंद्रपाल सिंह छाबड़ा आदि उपस्थित थे।

बावजी चतुरसिंह जी की 145वीं जयंती पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

उदयपुर (पुकार)। जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के बावजी चतुर सिंह जी पीठ की ओर से मंगलवार को प्रताप नगर स्थित प्रशासनिक भवन के सभागार में मेवाड़ के लोकसंत, कवि, दार्शनिक बावजी चतुरसिंह जी की 145वीं जयंती पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कुलपति कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने कहा कि मेवाड़ की धरती त्याग, तपस्या और बलिदान की रही है, जहाँ मीरा बाई, भूरीबाई, गुमान सिंह , चतुरसिंह जी बावजी जैसे अनेक लोकसंत हुए है, जिन्होंने जनमानस को जगाने का कार्य किया। अपनी पुत्रियों के निधन के बाद इन्हे वैराग्य उत्पन्न हुआ। उनका मनना था कि ईश्वर किसी को भी प्राप्त हो सकते है। राजवंश से होते हुए भी उन्होंने साधारण जीवन जीया। उन्होंने कहा कि बावजी एक महान अध्यात्मिक लेखक व समाज सुधारक थे। उन्होंने आध्यात्मक शक्ति व आस्था को देश की धरोहर बताते हुए भारत की सांस्कृतिक व आध्यात्मिक विरासत को अपनाने पर बल दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि संतों के पवित्र स्मरण से शरीर में नवीन उर्जा का संचार होता है। बावजी राजसी कुल से थे लेकिन उनकी सादगी के सभी लोग कायल थे। संत बनकर भले ही घर से निकल गये हों लेकिन संत कबीर की तरह पाखण्ड, आडम्बरों की जकड़ से कोसों दूर रहे। उनकी वाणी में भक्ति, प्रेम, वैराग्य का मधुर रसायन था। विलक्षण प्रतिभा के धनी बावजी विरले संत, कवि, लेखक, समाज सुधारक और मेवाड़ी मार्तण्ड के रूप में आज भी जगत विख्यात है। 18 ग्रन्थो को उन्होंने मेवाड़ी भाषा में संजोया। बावजी चतुर सिंह प्रेरणा पुरूष थे वे कहते हैं '' कागद तो कहतो फिरे , हीये लिफाफो रा''।

कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर ने कहा कि बावजी चतुरसिंह जी एक सिद्ध पुरूष थे, जिन्होंने गांव गांव में ज्ञान की गंगा बहाई। बावजी का प्रमुख स्थान नउवा में चतुर साधना धाम के नाम से प्रसिद्ध है। खानु मंगरी में बावजी की कोटडी स्थित है । उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण, शिक्षा व सर्वहारा वर्ग में चेतना का संचार करने में बावजी के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। बावजी ऐसे संत थे जिन्हें आत्म साक्षात्कार हुआ था। बावजी आधुनिक राजस्थानी के महान लेखक थे। जिन्होंने संस्कृत के गंभीर ज्ञान को सरल राजस्थानी में अनुवाद करके आम जनता को उपलब्ध कराया।

संगोष्ठी में परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. भवानीपाल सिंह राठौड़, डॉ. धमेन्द्र राजौरा, डॉ. सुनील चौधरी, डॉ. उग्रसेन राव, डॉ. कुल शेखर व्यास, निजी सचिव केके कुमावत, डॉ. विजय दलाल, आरीफ, डॉ. चन्द्रेश छतलानी, डॉ. यज्ञ आमेटा, डॉ. हेमंत साहू, डॉ. मोनिका सारंगदेवोत, विजयलक्ष्मी सोनी सहित विद्यापीठ के डीन, डायरेक्टर, विभागाध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं ने बावजी चतुर सिंह को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।

फसल कटाई प्रशिक्षण जारी

उदयपुर (पुकार)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व सामान्य फसल अनुदान सर्वेक्षण की क्रियान्विति के लिए जिले में मौमस रबी वर्ष 2024-25 में पटवार व तहसील स्तरीय फसल कटाई प्रयोग संपादित करवाने संबंधी प्रशिक्षण कार्यक्रम संबंधित उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार की अध्यक्षता में दिया जा रहा है। जिला कलक्टर (राजस्व) ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 जनवरी को 11 बजे तहसील झाड़ोल व फलासिया का प्रशिक्षण पंचायत समिति सभागार झाड़ोल में, तहसील कानोड़ व भीण्डर का 30 जनवरी को पंचायत समिति सभागार में 11 बजे से व मावली, घासा व वल्लभनगर तहसील का पंचायत समिति सभागार मावली में सुबह 11 बजे से और कोटड़ा तहसील का 31 जनवरी को सुबह 11 बजे पंचायत समिति कोटड़ा सभागार में आयोजित होगा। वहीं तहसील गिर्वा, कुराबड़ व बारापाल, खेरवाड़ा, नयागांव, बड़गांव, गोगुन्दा, सायरा व ऋषभदेव में प्रशिक्षण पूर्ण हो चुके है।

सेंट एंथोनी की अल्पना रावत व भव्या सिसोदिया का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

उदयपुर (पुकार)। सेंट एंथोनी की अल्पना रावत व भव्या सिसोदिया का चयन राजस्थान स्कूल अंडर -17, 19 नेशनल क्रिकेट में हुआ है। मिडिया प्रभारी विकास साहू ने बताया कि अल्पना ने बांसवाड़ा में राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अपने खेल से अच्छा प्रदर्शन किया और दो दिवसीय चयन प्रक्रिया में अपने खेल से राजस्थान टीम के चयनकर्ता को प्रभावित किया। अल्पना अब उदयपुर में ही 29 जनवरी से आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगी। भव्या सिसोदिया का चयन राजस्थान स्कूल अंडर -17 नेशनल क्रिकेट में हुआ है। इस अवसर पर प्राचार्य विलियम डिसूज़ा ने कहा कि हम छात्र शुभकामनाएँ देते हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षार्थ आंतरिक शिकायत समिति का गठन

उदयपुर (पुकार)। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के दिशा-निर्देशानुसार जिला कलक्टर अरविंद पोसवाल ने एक आदेश जारी कर कार्यस्थल पर महिला को यौन शोषण से सुरक्षार्थ विभाग की आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया है। इस आदेश के तहत भू-प्रबंध व पदेन राजस्व अधिकारी श्रीमती कीर्ति राठौड़ को इस समिति का अध्यक्ष व सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की उपनिदेशक सुश्री पूजा साहू को सदस्य सचिव बनाया है वहीं कलक्टर कार्यालय की अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती संगीता अरोड़ा व मनु सेवा संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती गुणबाला वेलावत समिति की सदस्य होंगी।

अच्छे काम की शुरुआत घर से: आकाश बागडी

उदयपुर (पुकार)। श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन की ओर से बसंत पंचमी के मौके पर 2 फरवरी को आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम भी बेटी बचाओ-बेटी पढाओ के नारे की मिसाल पेश करेगा। विवाह कार्यक्रम में सभी जोडो को आठवें वचन के रुप में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ का वचन निभाने का संकल्प करवाया जाएगा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि वर्तमान समाज में खास तौर से ग्रामीण इलाकों में जिस प्रकार बेटियों की उपेक्षा की जा रही है उसको लेकर खटीक समाज ने यह निर्णय किया है कि सामूहिक विवाह में शामिल सभी जोडो को सात वचन लेने के बाद आठवें वचन के रुप में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ का वचन दिलाया जाएगा। बागडी ने बताया कि हम चाहते कि अच्छे काम की शुरुआत घर से हो इसलिए समाज के युवाओं को शिक्षा से जोडना हमारी जिम्मेदारी है। बागडी ने बताया कि सामूहिक विवाह की तैयारियां अंतिम चरणों में है और आयोजन स्थल फतह स्कूल मैदान पर टेंट सज्जा का काम शुरु हो गया है। सामूहिक विवाह में उदयपुर संभाग के अलावा गुजरात व मध्यप्रदेश के भी जोडे शामिल है। कुल 27 जोडो ने रजिस्ट्रेशन करवाया है।

बागडी ने बताया कि सामूहिक विवाह में पधारने के लिए संगठन की ओर से जिला कलेक्टर, एसपी, अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन व अतिरिक्त कलेक्टर शहर को समाज के प्रबुद्जनों की ओर से निमंत्रण पत्र दिए गए। अधिकारियों ने कार्यक्रम में आने का आश्वासन दिया है।

डॉ. लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ को डॉ. भानावत ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

उदयपुर (पुकार)। मेवाड़ पूर्व राजघराने के सदस्य डॉ. लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ के जन्मदिन पर आज उदयपुर के सिटी पैलेस में शहर के विशिष्टजन और आम लोगों ने शुभकामनाएं दी। पैलेस में मेवाड़ को ओसवाल सभा के उपाध्यक्ष, सम्प्रति संस्थान के संस्थापक सचिव, जर्नलिस्ट एसोसिएशन आफ राजस्थान (जार) के मुख्य संरक्षक डॉ. तुक्तक भानावत ने मेवाड़ का अभिनंदन करते हुए उनको शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं की।

डॉ. लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ के जन्मदिन के मौके पर सिटी पैलेस के माणक चौक में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। डॉ. लक्ष्यराजसिंह ने भी पूरे सम्मान के साथ सभी के अभिवादन को स्वीकार किया।

महाकुम्भ में मौनी अमावस्या पर नारायण सेवा संस्थान 1 लाख लोगों का भंडारा व 25 हजार को कम्बल वितरण करेगा

उदयपुर (पुकार)। अत्यन्त पवित्र एवं कल्याणकारी दान-पुण्यार्जन पर्व मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर तीर्थराज प्रयागराज में उदयपुर राजस्थान के प्रतिष्ठित एनजीओ नारायण सेवा संस्थान द्वारा महाकुम्भ में 1 लाख लोगों को भण्डारा एवं 25 हजार जरूरतमंद एवं संतों को कम्बल वितरण का संकल्प रखा है। नारायण सेवा संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि भारतीय संस्कृति के संवर्धन एवं हिन्दू धर्म की भावनाओं को मजबूत करने के लिए प्रयागराज में नारायण सेवा संस्थान द्वारा 80 हजार वर्ग फिट पर अस्थाई भव्य पंडाल बनाया गया है। जिसमें भोजन भण्डारा, वस्त्र वितरण, आवास एवं दिव्यांग सेवा के विभिन्न प्रकल्प संचालित हो रहे है। संस्थान लाखों लोगों को सुबह से शाम तक निःशुल्क भण्डारा, कम्बल वितरण के साथ दिव्यांगजनों को सशक्त कर उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए प्रतिबद्ध है। सड़क हादसों, बीमारी या करंट जैसी दुर्घटनाओं में अपाहिज हुए दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग निर्माण कार्यशाला एवं फिजियोथेरेपी सेन्टर संचालित कर सैकड़ों दिव्यांगों को लाभान्वित किया जा रहा है। संस्थान यह कुम्भ दिव्यांग सशक्तिकरण महाकुंभ के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि मौनी अमावस्या के अवसर पर संस्थान अमृत स्नान के साथ दिव्यांग, अनाथ एवं कुम्भ के यात्रियों के लिए 1 लाख श्रद्धालुओं का भंडारा व 25 हजार कम्बल वितरण कर मोक्षदायी पुण्यदायी मौनी अमावस्या महापर्व मनायेगा। साथ ही अमृत स्नान के उत्सुक संस्थान सदस्य एवं दिव्यांगों को यह पुण्य लाभ भी प्रदान करेगा।

बी प्लस

घड़ी डिटर्जेंट का 'देश की नींव' अभियान

उदयपुर (पुकार)। घड़ी डिट

संक्षिप्त समाचार

महाराणा प्रताप खेल गांव की दो बालिकाओं का एस जी एफ आई के लिए चयन

उदयपुर (पुकार)। महाराणा प्रताप खेल गाँव की वान्या शुक्ला व अवनी शुक्ला का हरियाणा में 3 से 7 फ़रवरी तक होने वाली अंडर-17 एस जी एफ आई क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। कोच शाहरुख खान ने बताया कि दोनों का चयन अजमेर में हुए केवी स्कूल नेशनल प्रतियोगिता में ऑल राउंड प्रदर्शन करने पर हुआ है। वन्या शुक्ला ने जयपुर रीज़न को दिल्ली के ख़िलाफ़ फाइनल मुकाबले शानदार बैटिंग कर जीत हासिल करवाई । इससे पहले वन्या शुक्ला एम पी के लिए बीसीसीआई अंडर 15 कैम्प का हिस्सा भी रही हैं साथ ही अभी भी एम पी के अंडर 15 संभावितों में भी नाम है ।

दोनों खिलाड़ियों के चयन पर जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल ने खुशी व्यक्त की कहा कि खिलाड़ी निरंतर अभ्यास कर ये उपलब्धि हासिल की है दोनों खिलाड़ियों के पिता, मुकेश कुमार शुक्ला, की कहानी भी बहुत प्रेरणादायक है। वे सी आई एस एफ में कार्यरत हैं और अपनी ड्यूटी के बाद 20 किलोमीटर की दूरी तय करके अपनी बच्चियों को अभ्यास के लिए खेलगांव ले कर जाते हैं। खेलगाँव खेलाधिकारी ललित सिंह झाला , कोच निखिल डोरू, केवी नंबर 1 के शारीरिक शिक्षक राम चंद्र गुर्जर, स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच कल्पेंद्र झा , सी आई एस एफ उदयपुर एयरपोर्ट के डिप्टी कमांडेडंट सुभास समोटा एवं उदयपुर खेलगांव के सभी कोचेस और स्टाफ ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी ।

गणतंत्र दिवस पर प्रकाश गौड़ सम्मानित

उदयपुर (पुकार)। गणतंत्र दिवस पर एमबी हास्पिटल उदयपुर के अधीक्षक डॉ आर एल सुमन द्वारा नर्सिंग आंफिसर प्रकाश गौड़ को कुपोषण उपचार केन्द्र में बीमारों की उत्कृष्ट सेवाओं व उत्तम व्यवहार के लिए प्रसंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

सर्वाईकल कैंसर पर सेमिनार आयोजित

उदयपुर (पुकार)। रोटरी क्लब उद्यम द्वारा एश्वर्या कॉलेज में सर्वाईकल कैंसर पर सेमिनार आयोजित की गई। अध्यक्ष मेखला भौमिक एवं सचिव मनीषा जैन के नेतृत्व में प्रोजेक्ट अंकुश के अंतर्गत सर्वाइकल कैंसर पर ऐश्वर्या कॉलेज, में सत्र आयोजित किया गया। बाल रोग विशेषज्ञ, डॉ. राजकुमार बिश्नोई ने कैंसर की रोकथाम एवं टीकाकरण के बारें में सभी महत्वपूर्ण जानकारी पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. मनोज कुमार, बायोइन्फॉर्मेटिशियन, पीएचडी ऑन्कोलॉजी ने भी छात्रों को बताया कि किस प्रकार पानी, भोजन एवं पर्यावरण कैंसर के लिए जिम्मेदार है। अध्यक्ष मेखला भौमिक ने बताया कि इस देश को सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से मुक्त करने के लिए जागरूकता सत्र बहुत जरूरी है। हम भविष्य में समाज के लिए स्कूलों एवं कॉलेजों में इस प्रकार की अनेक जानकारीपूर्ण चर्चाएं आयोजित करेंगे।

नारायण लाल व्यास अध्यक्ष मनोनीत

उदयपुर (पुकार)। औदिच्य समाज के बड़गांव कुटुम्ब की नई कार्यकारिणी के चुनाव में नारायण लाल व्यास अध्यक्ष मनोनीत किये गये। निर्वाचन अधिकारी गेहरीलाल शर्मा ने बताया कि समिति में उपाध्यक्ष उदयलाल शर्मा व आनंद त्रिवेदी, महामंत्री भंवरलाल त्रिवेदी, सह सचिव सोहनलाल जोशी, कोषाध्यक्ष श्यामलाल व्यास, सूचना एवं प्रसारण मंत्री सुनील व्यास, खेल मंत्री लवेश व्यास, सास्कृतिक मत्री राजेश शर्मा, संगठन मंत्री ख्यालीलाल व्यास व विनिश व्यास को बनाया गया। वहीं सलाहाकर मण्डल में खूबीलाल व्यास, पूंजीलाल शर्मा, गेहरीलाल शर्मा, पन्नालाल शर्मा, केशव व्यास, गेहरीलाल जोशी, मधुसूदन व्यास, दुर्गाशंकर शर्मा, मोहनलाल शर्मा व रामचन्द्र त्रिवेदी शामिल है। अध्यक्ष बनने के बाद नारायण लाल व्यास ने बताया कि समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में युवाओं के सहयोग से समाजहित में कई महत्वपूर्ण कार्य किये जाएंगे और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली समाज की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

पुलक मंच हिरणमगरी शाखा की बैठक

उदयपुर (पुकार)। पुलक मंच हिरणमगरी शाखा की मासिक बैठक मुख्य सरंक्षक सुमेश वाणावत व सुशील गांधी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रवक्ता उज्जवल जैन ने बताया की बैठक में आगामी 2 फरवरी 2025 को डूंगरपुर में होने वाले पुलक मंच के क्षेत्रीय अधिवेशन में उदयपुर शाखा को भाग लेने हेतु पूर्व तैयारी की विस्तृत चर्चा की गई व आगामी कार्यक्रम की रूप रेखा बनाई गई। बैठक में पुलक मंच अध्यक्ष अमित गनोडिया व संरक्षक सुमेश वानावत ने सभी नवीन सदस्यों को स्वागत किया। इस अवसर पर महामंत्री अभिषेक भंवरा, परम संरक्षक सुमेश वाणावत,संयोजक लोकेश भंवरा,कोषाध्यक्ष प्रकाश भंवरा ,उपाध्यक्ष चिराग कोठारी,सांस्कृतिक मंत्री गुणभद्र वानावत, प्रवक्ता उज्जवल जैन, महिला जागृति शाखा अध्यक्ष निशा जैन, महामंत्री खुशबू कोठारी, परम सरंक्षक मधु वाणावत व ममता गांधी ,कार्याध्यक्ष वीणा वाणावत, कोषाध्यक्ष कोमल भंवरा , सदस्य आशीष मेहता, दीपक जैन, विनीत कोठारी, प्रवेश कोठारी, विजय जैन, अंकित जैन, मनोज कोठारी ,उज्जवल दोवड़िया, आशीष भवरा सहित सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक का संचालन महामंत्री अभिषेक भंवरा व आभार अध्यक्ष अमित गनोडिया ने ज्ञापित किया।

लव चौधरी बने संभाग सह प्रभारी

उदयपुर (पुकार)। राजस्थान यूथ कांग्रेस ने संभाग सह प्रभारी की नियुक्तियां की घोषणा है। उदयपुर के लव चौधरी को बांसवाड़ा का संभाग सह प्रभारी बनाया है। लव चौधरी वर्तमान में यूथ कांग्रेस में वरिष्ठ प्रदेश महासचिव है । इससे पहले सुखाड़िया विश्वविद्यालय व उदयपुर एनएसयूआई के सक्रिय कार्यकर्ता रहे हैं।

जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

उदयपुर (पुकार)। जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता रविन्द्र चौधरी ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए बैठक के बिन्दुओं पर चर्चा की। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत उदयपुर जिले में स्वीकृति, पूर्ण और प्रगतिरत कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिला उदयपुर के अन्तर्गत 14 पंचायत समिति के 1879 ग्रामों में से प्रस्तावित 1806 ग्रामों की स्वीकृति प्राप्त कर ली गयी है 66 ग्राम नॉन फिजिबल है तथा 5 ग्राम शहरी जल योजना उदयपुर से लाभान्वित एवं 1 ग्राम खेरवाडा छावनी पूर्व से लाभान्वित है। 1 ग्राम देवला का प्रस्ताव बनाने का कार्य प्रगति पर हैं। वृहद् परियोजना के अतिरिक्त अन्य परियोजना में 1385 ग्रामों के 3 लाख 23 हजार 938 परिवारों को लाभान्वित करने हेतु स्वीकृत राशि रूपये 2234 करोड़ के विरुद्ध 1370 ग्रामों के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाकर 1130 ग्रामों के 2 लाख 72 हजार 452 परिवारों को लाभान्वित करने हेतु राशि रूपये 1613.08 करोड़ के कार्यादेश जारी कर दिए गए है एवं कार्य प्रगति पर है।

बैठक में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने पर भी जोर देते हुए जिले में पानी के नमूनों की समय-समय पर जांच कराने के भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्रों एवं ग्रामों में टेप नल कनेक्शन उपलब्ध कराने, जेजेएम अंतर्गत एकल ग्राम योजना का संचालन एवं संधारण, जेजेएम के तहत निर्मित जलस्त्रोतों के लिए रिचार्ज स्ट्रक्चर निर्माण, हर घर जल प्रमाणीकरण, ग्राम पंचायतों द्वारा निर्धारित मापदण्ड अनुरूप जल मित्रों के चयन आदि पर भी चर्चा की गई। बैठक में अधिशासी अभियंता ललित नागौरी, अधिशासी अभियंता डीआरडी रितेश मीणा सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

महिलाओं का सशक्तिकरण सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक जरूरत है : प्रो मिश्रा

उदयपुर (पुकार)। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुनीता मिश्रा ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि एक जरूरत है। जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी समाज और राष्ट्र प्रगति करेगा।

कुलपति प्रो. मिश्रा मंगलवार को डिपार्टमेंट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी एवं डिजाइनिंग, एकेडमी ऑफ वेल बीइंग सोसाइटी, उदयपुर, स्वामी विवेकानंद बालिका शिक्षा प्रचार समिति, जयपुर, नॉलेज हब ग्लोबल इंडिया, आस्था महाविद्यालय इटावा, कोटा और रेड रिबन क्लब, एमएलएसयू के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी-सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं।

प्रो. मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय महिलाओं के लिए चुनौतियों से भरा हुआ है, लेकिन कठिनाइयों में अवसर ढूंढने की क्षमता ही भारत की दृढ़ता का परिचय देती है। उन्होंने कहा, महिलाओं के कार्य करने से न केवल परिवार बल्कि समाज की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। भारतीय संविधान में महिलाओं को कार्य करने का अधिकार और समानता प्रदान की गई है, जिसे सभी को सम्मान देना चाहिए।

कांफ्रेंस चेयरपर्सन प्रो. विजयलक्ष्मी चौहान ने कहा कि महिलाएं अपनी मेहनत और लगन से विश्व पटल पर अपनी पहचान बना रही हैं। उन्होंने घर और बाहर दोनों क्षेत्रों में अपनी क्षमताओं का विकास किया है। विशिष्ट अतिथि प्रो. दिग्विजय भटनागर ने जीवन के संघर्ष और अनुभव साझा किए। राजस्थान महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष प्रो. लाड कुमारी जैन ने महिलाओं की भूमिका, कार्य क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे।

आयोजन सचिव डॉ. डॉली मोगरा ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा और जर्मनी के शिक्षाविद, विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्य एवं विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। संगोष्ठी समन्वयक डॉ. श्वेता शर्मा, ने कहा कि यह सम्मेलन कार्यरत महिलाओं के लिए नई राहें खोलेगा और उनके अधिकारों और कल्याण को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगा। द्वितीय सत्र का संचालन डॉ. कुंजन आचार्य ने किया। इस सत्र में डीवाईएसपी चेतना भाटी ने महिलाओं को इंटरनेट के माध्यम से हो रहे अपराधों और उनके बचाव के उपाय बताए। सत्र की अध्यक्षता कर रहे जनक सिंह मीणा ने महिलाओं के भावनात्मक होने और उसके साथ साहसी होने के बारे में चर्चा की। विशिष्ट अतिथि एसोसिएट डीन, लॉ कॉलेज प्रो. राजश्री चौहान ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों पर चर्चा की। डॉ. सीमा त्यागी (बीकानेर) और स्नेहलता पवार (अजमेर) ने भी कार्यस्थल और मैनेजमेंट विषय पर महिलाओं की कौशल क्षमता पर बात की। यूएई से जुड़ी अस्मिता सिंघवी ने कहा कि महिलाओं को कार्यस्थल पर परफेक्शन के दबाव से बाहर आना चाहिए।

सम्मेलन में आए वक्ताओं ने महिलाओं के कल्याण, सशक्तिकरण और उनके अधिकारों को मजबूत बनाने पर जोर दिया। यह संगोष्ठी कामकाजी महिलाओं के लिए एक प्रेरणादायक मंच साबित हुई। शिकागो से आयी वंदना चतुर्वेदी ने भी भारत और विदेश में कार्य करने के अंतर को स्वयं के उदाहरण द्वारा समझाया। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

बजट में उदयपुर संसदीय क्षेत्र को मिल सकती है और सौगात : मन्नालाल रावत

उदयपुर (पुकार)। आगामी रेल बजट में उदयपुर संसदीय क्षेत्र के लिए और रेल सेवाओं की सौगात मिल सकती है। इस क्षेत्र में नई रेल लाइनों के सर्वे का काम चल रहा है तथा नई रेल लाइनें बिछाने का काम भी प्रगति पर है। रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 पर लोकसभा में हुई चर्चा में उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत द्वारा संसदीय क्षेत्र से संबंधित उठाए गए मुद्दों पर रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने श्री रावत को पत्र लिखकर इस बाबत जानकारी दी है।

सांसद मन्नालाल रावत ने बताया कि श्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी दी है कि उदयपुर संसदीय क्षेत्र में नीमच-बड़ी सादड़ी, नाथद्वारा-नाथद्वारा टाउन और देवगढ़ मदरिया नाथद्वारा रेल लाइन का कार्य प्रगति पर है। देवगढ़-बर और नीमच कोटा नई लाइन सर्वे कार्य प्रगति पर है। वंदे भारत सहित नई रेल सेवाओं की शुरुआत, विस्तार और रेलों के स्टॉपेज की जांच के लिए सम्बंधित निदेशालय को निर्देश दे दिए गए है।

पत्र में बताया कि राजस्थान राज्य में पूर्ण अथवा आंशिक रूप से आने वाले इंन्फ्रास्टक्चर और सुरक्षा कार्य के लिए औसत वार्षिक बजट आवंटन 2009-14 के दौरान औसतन 682 करोड रुपये वर्ष था, जो 2024-25 में लगभग 15 गुना बढ़कर 29,959 करोड़ हो गया है। साथ ही अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास के लिए राजस्थान राज्य में 85 रेलवे स्टेशनों की पहचान की गई है, जिसमें 2 स्टेशन उदयपुर संसदीय क्षेत्र के भी शामिल है। राणा प्रताप नगर स्टेशन पर कार्य प्रगति पर है और उदयपुर सिटी स्टेशन पर 350 करोड़ से अधिक की लागत से पुनर्निर्माण, का कार्य प्रगति पर है। उदयपुर संसदीय क्षेत्र में 90 करोड़ से अधिक की लागत से 12 रेलवे ओवरब्रिज और अंडरब्रिज का कार्य प्रगति पर है।

शहीद दिवस 30 को

उदयपुर (पुकार)। राज्य सरकार की ओर से गुरुवार 30 जनवरी को शहीद दिवस कार्यक्रम आयोजित करने के दिशा-निर्देश जारी हुए है। इस संबंध में जिला कलक्टर के आदेशानुसार एडीएम सिटी वार सिंह ने समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार व विकास अधिकारी को पत्र लिखकर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए है। एडीएम सिटी ने बताया कि जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गार्डन में आयोजित होगा। इसके लिए संबंधित विभाग एवं अनुभाग के अधिकारी-कार्मिकों को कार्यक्रम में अनिवार्यतः उपस्थित रहने और संबंधित विभागों अलग-अलग दायित्व सौंपेते हुए आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

यूडीए की जमीन पर बना दी अवैध 10 दूकानें : बुलडोजर चलाकर की ध्वस्त

कुछ ही घंटों में 20 करोड़ की सरकारी जमीन हुई कब्जा मुक्त

उदयपुर (पुकार)। मनवाखेड़ा में नगर विकास प्रन्यास के नाम दर्ज सरकारी जमीन पर कब्जा कर अवैध रूप से बनाई गई 10 पक्की दुकानों को उदयपुर विकास प्राधिकरण ने बुधवार को ध्वस्त कर दिया। नेला गांव में भी सरकारी जमीन से अतिक्रमण ध्वस्त किया गया। यूडीए टीम ने कुछ ही घंटों में अवैध निर्माण ध्वस्त कर करीब 20 करोड़ की सरकारी जमीन कब्जा मुक्त कर ली। यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने बताया कि लीला देवी पत्नी अमृतलाल ने राजस्व ग्राम नेला के आराजी संख्या 2130, 2132, 2133 नंबर की करीब पांच बीघा जमीन पर पक्का निर्माण कर अतिक्रमण कर रखा था। यह जमीन नगर विकास प्रन्यास उदयपुर के नाम दर्ज होकर प्राधिकरण स्वामित्व की भूमि है। इस अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। राजस्व ग्राम मनवाखेडा के आराजी नंबर 1657 की सरकारी जमीन पर कब्जा कर अमरलाल, लालुराम, मोडीराम पुत्र उदयलाल डांगी, प्रेमचन्द्र, रामलाल, देवीलाल पुत्र गोकुल डांगी, तोलाराम, नारायण पुत्र मोडा डांगी, शिवलाल, मोहनलाल पुत्र मोतीलाल डांगी ने 10 पक्की दुकाने बना दी। तहसीलदार डॉ.अभिनव शर्मा के नेतृत्व में अवैध दुकानों को ध्वस्त किया गया। आज की कारवाई में कब्जा मुक्त की गई उक्त भूमि की बाजार दर कीमत करीब 20 करोड रूपये है।

ईएमआरएस में कक्षा 6 में प्रवेश की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 30 से

उदयपुर (पुकार)। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 के रिक्त पदों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया आरंभ हुई है। राजस्थान ईएमआरएस सोसायटी के सदस्य सचिव ओ.पी.जैन ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 में रिक्त सीटों के लिए प्रवेश हेतु 30 जनवरी से विभागीय वेबसाइट टीएडी डॉट राजस्थान डॉट जीओवी डॉट इन पर लिंक सक्रिय हो जाएगा। जिस पर 20 फरवरी तक आवेदन किए जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि 27 फरवरी को प्रवेश पत्र जारी होंगे और दो मार्च को प्रवेश परीक्षा आयोजित होगी। 18 मार्च को प्रोविजनल मेरिट सूची जारी की जाएगी। आशार्थी विभागीय वेबसाइट पर इस सबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

पशुपालन के लिए मशीनीकरण' विषयक 24 वीं दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आरंभ

डेयरी-पोल्ट्री में मशीनीकरण का उपयोग बढ़ेः डॉ. मित्रा

जल, जंगल, जमीन पर हर जीव का अधिकारः डॉ. कर्नाटक

उदयपुर (पुकार)। अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना अंतर्गत 'पशुपालन के लिए मशीनीकरण' (एमएचए) विषयक दो दिवसीय 24वीं वार्षिक राष्ट्रीय कार्यशाला मंगलवार को यहां अनुसंधान निदेशालय सभागार में आरंभ हुई। महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की मेजबानी में आयोजित इस कार्यशाला में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली सहित देश भर के सौ से ज्यादा कृषि वैज्ञानिक, अभियंता और अनुसंधानकर्ता भाग ले रहे हैं।

उद्घाटन सत्र में आयुक्त पशुपालन, भारत सरकार, नई दिल्ली डॉ. अभिजीत मित्रा ने कहा कि कृषि-पशुपालन के तीन प्रमुख घटक उत्पादन, रखरखाव एवं फूड सेफ्टी में मेकेनाइजेशन की विपुल संभावना व आवश्यकता है। डेयरी- पोल्ट्री के क्षेत्र में भी मशीनीकरण को तरजीह दी जानी चाहिए तभी हम दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर चल पाएंगे। पशुपालकों में 70 फीसदी महिलाएं काम कर रही हैं। पशुपालन के क्षेत्र में केवल एक छोटे से घटक गोबर उठाना, पोल्ट्री में विष्ठा व अन्य अपशिष्ट की साफ-सफाई के लिए भी मशीन तैयार कर ली जाए तो मानव श्रम की काफी बचत होगी और यह श्रम अन्यत्र उपयोग में आएगा।

डॉ. मित्रा ने कहा कि पशुपालन विभाग, नई दिल्ली भविष्य में पंचायत राज, उद्यान, कृषि विपणन और अन्य सबद्ध विभागों को साथ लेकर पशुपालन में मशीनीकरण पर कुछ इस तरह का रोल मॉडल तैयार करेगा जो देशभर में ब्लॉक व पंचायत स्तर पर उपयोगी साबित हो। भारत में वर्तमान में 192 मिलियन गौवंश है। इनमें से 27 प्रतिशत क्रॉस ब्रीड है जबकि 10 प्रतिशत ही दुग्ध उत्पादन में शामिल है। उन्होंने राजस्थान की गाय की नस्ल 'थारपारकर' की व्याख्या करते हुए बताया कि वह गाय जो विपरीत परिस्थितियों में थार यानी रेगिस्तान को पार करने की क्षमता रखती हो और भरपूर दूध भी देती हो।

उपमहानिदेशक (अभियांत्रिकी) आईसीएआर नई दिल्ली डॉ. एस.एन. झा ने कहा कि मौजूदा परिवेश में पशुपालन ही नहीं 'संपूर्ण मशीनीकरण' की दिशा में काम करना होगा। विकास के मामले में दुनिया की गति काफी तेज है और ज्ञान के बल पर ही हम इस गति का मुकाबला कर पाएंगे। उन्होंने कृषि वैज्ञानिकों को हर समय अपडेट रहने को कहा। पशुपालन के साथ-साथ फॉर्म मेकेनाइजेशन पर जोर देते हुए डॉ. झा ने कहा कि केवल जलवायु, साफ-सफाई व आर्द्रता को नियंत्रण करने मात्र से हम दुग्ध उत्पादन में 10 प्रतिशत की अभिवृद्धि कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें स्वीकार करना होगा कि 'जब तक सूरज चांद रहेगा, इस धरा पर पशुधन रहेगा' पुरानी परम्पराओं का त्याग करते हुए पशुधन के रखरखाव, दुग्ध व मांस उत्पादन में वृद्धि के लिए नए तौर तरीकों को अमल में लाना होगा।

कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने बेबाकी से तर्क रखा जल, जंगल, जलवायु और जमीन अकेले मनुष्य की बपौती नहीं है, वरन इस चराचर जगत में विचरण करने वाले हर जीव का इस पर अधिकार है। गलती यहां हुई कि प्रकृति की इस देन को आदमी ने अपनी बपौती मान लिया। ऐसे में जलचर, नभचर और थलचर प्राणी कहां जाएंगे? सदाशयता इसी में है कि पशु-पक्षियों को भी पर्याप्त दाना पानी मिलना चाहिए ताकि प्राकृतिक संतुलन बना रहे। उन्होंने पशु आहार बनाने, दूध निकालने, अपशिष्ट प्रबंधन और पानी देने की व्यवस्था के लिए उपकरण व मशीनरी विकसित करने पर जोर दिया। पशुधन के लिए बेहतर आवास, स्वच्छता व स्वास्थ्य नियंत्रण भी आवश्यकता है।

सहायक महानिदेशक (एएनपी) आईसीएआर नई दिल्ली डॉ. अमरीश त्यागी ने कहा कि आने वाला समय क्षमता निर्माण व कौशल विकास का है। पशुपालन के लिए मशीनीकरण इसी सोच का हिस्सा है हर क्षेत्र में गहन अध्ययन, सर्वेक्षण तकनीक व प्रौद्योगिकी हस्तांतरण से ही हम उपकरण और मशीन की कल्पना कर उसे साकार रूप में धरातल पर उतर पाएंगे। परियोजना समन्वयक डॉ. एस. पी. सिंह, निदेशक सीआईएई भोपाल, डॉ. सी. आर. मेहता ने पशु प्रबंधन की आधुनिक तकनीकियों का जिक्र किया। आरंभ सीटीएई डीन डॉ. अनुपम भटनागर ने अभियांत्रिकी महाविद्यालय में होने वाली गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

पुस्तक एवं पेम्फलेट विमोचन

आरंभ में अतिथियों ने अधिष्ठाता सीडीएफडी डॉ. लोकेश गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक 'आधुनिक पशुपालन एवं प्रबंधन' एवं पेम्फलेट समुचित पशु आहार प्रबंधन, पशुचलित उन्नत कृषि यंत्र का विमोचन किया।

कार्यशाला में इनका रहा प्रतिनिधित्व

आईसीएआर-सीआईएई भोपाल (मध्य प्रदेश), एमपीयूएटी उदयपुर (राजस्थान), जीबीपीयूएटी पंतनगर (उत्तराखंड), यूएएस रायचूर (कर्नाटक), वीएनएमयू परभणी (महाराष्ट्र), आईजीकेवी रायपुर (छत्तीसगढ़), ओयूएटी भुवनेश्वर (ओडिशा), आईसीएआर-एनडीआरआई करनाल (हरियाणा) और सीएयू-सीएईपीएचटी गंगटोक (सिक्कि म)।

श्रीराम वनकुटिर आश्रम हड़ियाकोल में निःशुल्क शिविर का हुआ समापन

उदयपुर (पुकार)। श्रीराम वनकुटिर आश्रम हड़ियाकोल में 9 जनवरी से चल रहे निःशुल्क आपरेशन शिविर के महाकुम्भ का मंगलवार समापन हो गया। देश के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ आपरेशन शिविर के निदेशक डॉ. जेके छापरवाल उदयपुर राजस्थान की टीम के सदस्य सर्जन डॉ एस के सामर, डॉ एच एस राठौड़, डॉ राज बीर सिंह, डॉ एस एस भारद्वाज, पूर्व विधायक (भिवानी-हरियाणा), डॉ एल एल सेन, डॉ नीलाभ अग्रवाल, (लखनऊ), डॉ बी एस बाबेल (जयपुर) एनेस्थीसिया-डॉ अर्चना अग्रवाल (लखनऊ), डॉ शरद नलवाया, (राजस्थान गंगापुर) डॉ. दिलखुश सेठ, वैद्य-लक्ष्मीकान्त आचार्य, जयन्त व्यास, अरुण व्यास, पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाराबंकी डॉ रमेश चन्द्रा ने हार्निया, हाईड्रोशील (बवासीर), यूट्रस (बच्चेदानी), पथरी (गाल्बेल्डर) के कुल 300 सफल आपरेशन कर दिये। नर्सिंग टीम में शामिल संपत बराला, सुखलाल धाकड़, संतोषपुरी, (उदयपुर), सुरेश लॉवटी (कुरज), दीपचंद रेगर (रेलमगरा) वार्डबॉय- हीरालाल खटीक, चमन लाल, रतन देवी, शिव लाल, समाजसेवी प्रकाश देवपुरा, दीपक पोद्दार, बुद्धिप्रकाश पारीक, भगवती लाल शर्मा, विदेश जीनगर ने सर्जरी के आपरेशन में सहयोग प्रदान किया। टीक, चमन लाल, रतन देवी, शिव लाल, समाजसेवी प्रकाश देवपुरा, दीपक पोद्दार, बुद्धिप्रकाश पारीक, भगवती लाल शर्मा, विदेश जीनगर ने सर्जरी के आपरेशन में सहयोग प्रदान किया। आश्रम के सेवादार मनीष मेहरोत्रा ने बताया कि विपरीत मौसम मे भी श्रीराम वनकुटरी ट्रस्ट द्वारा 2980 नेत्र (मोतियाबिंद), 185 हार्निया, हाइड्रोसील, 20 यूट्रस (बच्चेदानी), 85 पाइल्स (बवासीर) कुल 3270 सफल ऑपरेशन किये गये। सर्जरी के किये गये आपरेशन के मरीजों को चार दिन स्वामी रामदास जी महाराज स्मृति चिकित्सालय (धर्मार्थ) वार्ड में रखा जायेगा। सभी सर्जरी के ऑपरेशन के मरीजों को टांके काटकर निःशुल्क दवायें देकर विदा किया जायेगा।

आर्यिका 105 श्री सुप्रकाशमति माताजी ने उदयपुर विहार की घोषणा,2 को ध्यानोदय क्षेत्र पंहुचेगी

उदयपुर (पुकार)। आर्यिका सुप्रकाशमति माताजी ने उदयपुर विहार की घोषणा की। इसको लेकर भक्तों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

सुप्रकाश ज्योति मंच के राष्ट्रीय प्रवक्ता ओमप्रकाश गोदावत ने बताया कि सुप्रकायामति माताजी को उदयपुर के विहार करने के लिये आमंत्रित करने हेतु उदयपुर से 50 श्रावक-श्राविकाओं का एक दल आदिनाथ मोक्ष एवं अभिनन्दन सागर समाधि दिवस त्रिमूर्ति अभिनन्दन साधना केंद्र पर पंहुचा।

गुरु माँ अपनी तीर्थ वनंदन की यात्रा करके वहां 8 आर्यिकाओं के साथ वहां पहुंची थीं। गुरु माँ उत्तर भारत की जैन के महा तीर्थ की 521 वंदना एवं अयोध्या बनारस कोशम्बी पंच तीर्थ आदि कई जैनों के तीर्थ के दर्शन के बाद करीब एक वर्ष मे 3500 किलोमीटर मीटर की यात्रा कर वहां पहुँची। उन्हें उदयपुर शहर के जैन मतावलम्बी उदयपुर आयें इस भावना के साथ वहा पहुँचे। सभी ने गुरु माँ को विनती की और गुरु माँ ने उदयपुर शहर मे आने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम तो झीलों की नगरी को अपने दिल में रखते है और वहां हम 2 फरवरी 2025 को पहुंचेंगे और प्रथम ध्यानोदय तीर्थ के कामधेनु शांति नाथ के दर्शन करेंगे।

माताजी 30 जनवरी को प्रातः विहार कर सलूम्बर आहार चर्या करते हुए वहां प्रवचन करेंगे और दोपहर करेंगे। इस प्रकार 1 फरवरी जयसमंद ओड़ा में रात्री विश्राम कर 2 फरवरी ढ़ोल की पाटी जैन मंदिर आहार करते हुए दोपहर करीब 2.30 बजे ध्यानोदय तीर्थ बालीचा पहुंचगे। जहाँ सकल जैन समाज की ओर से भव्य स्वागत किया जायेगा।

ध्यानोदय तीर्थ बालीचा के चेयरमैन ओम प्रकाश गोदावत ने बताया कि उदयपुर से जय दोशी, लक्ष्मी लाल मालवी, बी एल गोदावत, दीपक जैन, सुरेश डागरिया, दिलीप गोदावत, प्रितेश वगैरिया, पुष्पेंद्र धन्नावत, कवि कमलेश अखावत, मनोज पाटनी, जम्बू कंठालिया, गुनभद्र वनावत, जमना लाल पंचोली मुंडलिया और भी कई श्रावक श्राविका गये थे।

नेशनल क्रिकेट अंडर-19 प्रतियोगिता भव्य आगाज आज

उदयपुर (पुकार)। एसजीएफआई द्वारा एमजीजीएस सुन्दरवास, उदयपुर की मेजबानी में 29 जनवरी से 3 फरवरी तक आयोजित होने वाली विद्यालयी 19 वर्ष छात्रा की 68 वीं राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन की तैयारीया पूरी हो चुकी है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए देश भर से सभी 22 टीमें उदयपुर पहुंच गई है। मंगलवार को दिनभर टीमों का आना एवं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा पंजीकरण का कार्य , पात्रता की जांच का कार्य किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.लोकेश भारती ने बताया कि सभी समितियां अपने-अपने कार्य को बेहतर ढंग से कर रही है सभी टीमों को उनके निर्धारित आवास स्थल तक व्यवस्थित रूप से भेज दिया गया है। भारती ने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए गठित की गई सभी समितियां आपस में समन्वय करते हुए अपनी अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा से निर्वहन करने के निर्देश दिए। बुधवार प्रात 10:00 बजे उद्घाटन समारोह का आय

सम्पादकीय

मनरेगा की विसंगति

इसमें दो राय नहीं कि ग्रामीण क्षेत्रों में दृश्य व अदृश्य बेरोजगारी में कमी लाने में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस योजना ने जहां एक ओर ग्रामीण उपभोक्ताओं को अपने गांव के पास रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, वहीं अंतर्राज्यीय प्रवास को कम किया है। साथ ही ग्रामीण उपभोक्ताओं की क्रय शक्ति भी बढ़ी है। काम की तलाश में शहरों को जाने वाले श्रमिकों की संख्या में कमी के भी आंकड़े सामने आए हैं। खासकर कोरोना संकट में जब ग्रामीण महानगरों से पलायन करके बड़ी संख्या में गांव की तरफ लौटे तो इस योजना ने जीवनदायिनी भूमिका निभाई है। लेकिन फिलहाल ग्रामीण आजीविका के लिये जीवन रेखा कही जाने वाली महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एक बार फिर धन की कमी से जूझ रही है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस शासन में शुरू की गई मनरेगा योजना राजग सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल नहीं है। वार्षिक वित्तीय संकट से जूझ रही मनरेगा योजना के लिए केंद्र सरकार ने वर्ष 2024-25 में 86,000 करोड़ रुपये आवंटित किए थे। इसके बावजूद 4,315 करोड़ मूल्य का वेतन भुगतान लंबित है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023-24 में इस योजना के केवल छह माह में ही 6,146 करोड़ का घाटा हुआ था। इसी तरह वर्ष 2022-23 में 89,400 करोड़ का संशोधित धनराशि का आवंटन मूल बजट से 33 प्रतिशत अधिक था। निस्संदेह, ग्रामीण श्रमिकों के लिये लायी गई मनरेगा योजना की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिये वार्षिक राशि आवंटन को लेकर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। जो केंद्र सरकार की वित्तपोषण की प्राथमिकताओं को लेकर कई प्रासंगिक प्रश्न उठाती है। इस योजना के क्रियान्वयन में वित्तीय तंगी तंत्र की विसंगितयों को ही दर्शाती है। वहीं कांग्रेस ने मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी को बढ़ाकर 400 रुपये प्रतिदिन करने की मांग की है। निस्संदेह, यह मांग महंगाई के बीच एक स्थायी समाधान के बजाय एक राजनीतिक दृष्टिकोण को ही दर्शाती है।

निस्संदेह, कांग्रेस की यह मांग राजनीतिक लाभ के लिये एक लोकप्रिय कदम तो हो सकता है, मगर यह योजना की मूल समस्या के कारकों को संबोधित करने में विफल रहती है। मौजूदा वक्त में प्राथमिकता समय पर पर्याप्त धन आवंटन करने तथा प्रणालीगत विसंगतियों को दूर करना होनी चाहिए। दरअसल, भुगतान के लिये अपनायी गई प्रणाली से श्रमिकों को भुगतान में परेशानी आती रही है। आधार कार्ड आधारित भुगतान की ब्रिज प्रणाली और राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली जैसे तकनीकी कारकों ने भुगतान की उलझनों को बढ़ाया है। ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कनेक्टिविटी की बाधाओं और आधार सत्यापन की आवश्यकताओं के कारण बड़े पैमाने पर जॉब कार्ड हटाए गए हैं। यही वजह है कि अनेक कारणों के चलते वर्ष 2022 में करीब नौ करोड़ श्रमिकों ने इस योजना तक अपनी पहुंच खो दी है। हालांकि, इस प्रणाली को पारदर्शिता बढ़ाने के उपायों के रूप में प्रचारित किया गया। लेकिन ये कदम लाखों श्रमिकों के लिये आजीविका के मार्ग में बाधा बन गए। उल्लेखनीय है कि मनरेगा को ग्रामीण परिवारों के लिये आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये एक मांग संचालित योजना के रूप में तैयार किया गया था। निस्संदेह, मनरेगा ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी के संकट को ही उजागर किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती काम की मांग और शहरी क्षेत्रों में नौकरियों की कमी के संकेत लगातार मिलते रहे हैं। निस्संदेह, गांवों में गरीबी उन्मूलन में मनरेगा के योगदान को कम करके नहीं आंका जा सकता। आसन्न बजट में इस योजना से जुड़ी विसंगतियों को दूर करने के लिये गंभीर प्रयास की जरूरत है। सरकार को मनरेगा के लिये एक व्यावहारिक बजट बनाना चाहिए। साथ ही योजना के पारदर्शी क्रियान्वयन के लिये प्रशासनिक बाधाओं को दूर करने को प्राथमिकता देनी चाहिए। निर्विवाद रूप से मनरेगा में मांग के अनुपात में धन का आवंटन लगातार कम हो रहा है। यही वजह है कि फंड की कमी के चलते वर्ष के मध्य में अनुमानित संकट पैदा हो रहा है। जो नीति नियंताओं के इसके क्रियान्वयन के संरचनात्मक अंतर को दर्शाता है। निस्संदेह, इस नीतिगत विसंगति को दूर किया जाना चाहिए।

संक्षिप्त खबरें...

नगर की समस्याओं को लेकर जौहरी बाजार व्यापार मंडल ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

ऋषभदेव,(पुकार) । स्थानीय जौहरी बाजार व्यापार मंडल ने बाजार में हो रही विभिन्न अवस्था और समस्याओं को लेकर उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर को ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन में बताया कि बाजार में कुछ महीने पूर्व विद्युत विभाग द्वारा विद्युत लाइनों को जमीनीकरण करने के लिए खुदाई का कार्य किया गया था जो अभी पूर्ण नहीं हुआ है जिसके कारण मुख्य मंदिर मार्ग का सौंदर्य खत्म होता जा रहा है आए दिन ट्रैफिक स्थिति बन जाती है। जौहरी बाजार अध्यक्ष अशोक लुंडिया ने बताया कि ऋषभदेव एक तीर्थ नगरी जहां हजारों की संख्या में दर्शनार्थी दर्शन हेतु आते है और आने वाले कुछ महीनों में होली एवं भगवान ऋषभदेव का जन्महोत्सव आने वाला है मुख्य मार्ग की यह स्थिति तीर्थ नगरी के सौंदर्य पर एक सवाल खड़ी करती है । और यात्रियों के साथ मार्ग से गुजरने वाले हर नागरिक कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है । जिसमें ट्रैफिक की समस्या आम है । इस दौरान अशोक लुंडिया,देवेंद्र नागदा,राजकुमार भंवरा,रितेश जैन,वीरप्रकाश लुंडिया, वैभव भाणावत,महावीर जैन आदि व्यापारी मौजूद रहे ।

प्रधानमंत्री वन धन योजना की वन धन सखी ममता देवी उपखंड स्तर पर सम्मानित

ऋषभदेव,(पुकार) । राजस्थान ग्रामीण आजीविका व ट्राइफेड, जनजातीय मन्त्रालय की वन-धन सखी ममतादेवी को गणतंत्र दिवस पर स्ष्ठरू विवेक गुर्जर ऋषभदेव द्वारा सम्मानित किया गया। राजीविका ब्लॉक परियोजना प्रबंधक मिताली चौहान ने बताया की राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद व ट्राइफेड, जनजातीय मन्त्रालय के प्रधानमन्त्री वन धन योजना के तहत् ममतादेव / दुर्गाशंकर मीणा नि ओडवास ,ममारो की ओबरी ने 'वन धन सखी' के पद पर कार्य करते हुए हर्बल गुलाल, हर्बल, नीम, एलोवेरा साबुन तथा आजीविका संर्वधन गतिविधियों में उत्कष्ट कार्य कर समुह के परिवारों को व स्वंम की आजीविका व रोजगार की गतिविधियों का बढावा दिया है। BTC उमा शर्मा ने कहा यह पुरे ऋषभदेव ब्लॉक के लिए एक गर्व का विषय है और वनधन मैनेजर संगीता ने कहा इस सम्मान से कार्य करने के लिए नई ऊर्जा मिलेगी।

नवनियुक्त थानाधिकारी ने किया नगर का निरीक्षण

ऋषभदेव, (पुकार) । पुलिस थाना ऋषभदेव में नवनियुक्त थानाधिकारी भरत सिंह पुरोहित ने मंगलवार को नगर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया । थानाधिकारी ने नगर के प्रमुख मार्गो का निरीक्षण कर उनसे संबंधित जानकारी ली । निरीक्षण के दौरान नगरवासियों से बातचीत कर नगर की व्यवस्थाओं और समस्याओं के बारे में जाना । हाल ही में पूर्व थानाधिकारी घनश्याम सिंह देवड़ा का जोधपुर रेंज में स्थानांतरण हो गया और भरत सिंह राजपुरोहित को ऋषभदेव थानाधिकारी का पदभार दिया गया । नवनियुक्त थानाधिकारी ने दो दिन पूर्व ही ऋषभदेव थानाधिकारी का पदभार संभाल लिया है ।

आमेट में नवीन मतदाताओं को किया सम्मानित

आमेट (पुकार) । राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आमेट में तहसीलदार देवी लाल गर्ग की अध्यक्षता में राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया । वार्ताकार शिक्षक मुकेश वैष्णव ने मतदान के महत्व को प्रतिपादित करते हुए 18 वर्ष की आयु वाले युवाओं को मतदाता पहचान पत्र बनाने की प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की । तहसीलदार देवी लाल गर्ग ने युवा मतदाता तुषार शर्मा व प्रमिला कंवर चौहान का ईकलाई पहनाकर सम्मानित किया एवं सभी को निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मुकेश वैष्णव ने किया । कार्यक्रम में कल्पना शर्मा,नलिना चोरड़िया, मीरा सैनी, चंचल दमामी , बीएलओ रौनक मेवाड़ा, कुलदीप सिंह सोलंकी , पारस कंवर, रेखा महात्मा, मंजू कंवर आदि उपस्थित थे।

आकोला नगर पालिका वार्डों के सीमांकन से कही खुशी तो कहीं परेशानी

आकोला (पुकार)। बजट घोषणा 2020-21, 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 द्वारा नवगठित नगरपालिका के आम चुनाव हेतु नगरपालिका में वर्ष 2011 जनगणना के आधार पर वार्ड की संख्या एवं परिसीमाकंन, राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 6 एवं 9 की शक्तियों का प्रयोग करते हुए जनगणना वर्ष 2011 के आधार पर 86 नवगठित नगरीय निकायों में वार्डो की कुल संख्या का निर्धारण किया गया। जिसमें आकोला के पूर्व ग्राम पंचायत में 21 वार्ड थे, जिस पर आकोला नगरपालिका बनने के बाद 20 वार्ड किया गया। एवं आकोला के 20 ही वार्डों का सीमांकन किया गया। जिस पर वार्ड नंबर 2 में लोगों ने आपत्ति जताते हुए आकोला नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी कृष्ण गोपाल माली को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि हम सब पुरबिया खेडा निवासी है, नगर पालिका क्षेत्र आकोला का एक मजरा है। जो की पूर्व में वार्ड न. 2 में था जिसको अभी नगर पालिका के सीमांकन के दौरान हमारे छोटे से मजरे को दो भागो मैं विभाजित कर दिया है जो की न्यायसंगत नहीं है व पुरबिया का खेड़ा निवासी जो की शिक्षा का स्तर निम्न स्तर है जिसे की चुनाव में मतदान करने में दुविधा होगी और मजरा वासी मतदान करने से वंचित रहेंगे यह की पुर्बियाखेडा एक छोटा गाँव है अगर इसको एक ही वार्ड में एक ही मतदान केंद्र पर मतदान कराया जायेगा तो मतदाता अधिक से अधिक मतदान कर पाएंगे अगर पुरबिया खेड़ा में एक वार्ड बनने के लिए नियम पूर्ण नहीं करता है तो हम पुरबिया खेडा मतदाताओ को हमारे समीप गाव गाडरियावास के साथ जोड़कर एक वार्ड बनाया जावे। तो हम सभी मतदाताओ में मतदान करने में काफी आसानी रहेगी तथा मजरा कालबेलिया बस्ती जो की नगर पालिका के राजस्व गाँव भानिया खेडी में आती है व पूर्व मैं भी कालबेलिया बस्ती भानिया खेडी के वार्ड ही एक मजरा था उस मजरे को कालबेलिया बस्ती और भानियाखेडी से मिलाकर के वार्ड का परिसीमांकन होगा तो कालबेलिया बस्ती के मतदाताओ को भी मतदान करनेमें आसानी रहेगी और यह न्यायोचित होगा हम सब पुरबिया खेडा निवासी वार्ड का जो सीमांकन किया गया है यह सीमांकन गलत किया गया है इस पर हम सभी पुर्बियाखेडा मतदानकर्ता आपती दर्ज करवाते है व अगर हमारे वार्ड का परिसिमंकन नही कराया जाता है तो हम सभी मतदान करता मतदान का बहिष्कार किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी आप स्वयम प्रशाशन की होगी। अतः आप प्रशासन से हम पुरबिया का खेडा निवासी मतदाताओ का निवेदन है की हमें एक ही वार्ड में रखा जावे व नजदीकी गाँव गाडरियावास के साथ जोड़ा जावे। ज्ञापन के इस मौके पर नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी सहित स्टाफ मौजूद थे।

इनका कहना है

नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी कृष्ण गोपाल माली- आपकी समस्या का नियमानुसार समाधान किया जाएगा।

विधायक अर्जुन लाल जीनगर- वार्ड नंबर 2 की समस्या को देखते हुए मतदाताओं का ध्यान रखते हुए समस्या से नियमानुसार निजात दिलाई जाएगी।

राउमावि सेफटीया के एसएमसी अध्यक्ष भोजाराम का उपखंड पर सम्मान

आमेट (पुकार) । ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेफटीया में संचालित विद्यालय प्रबंधन समिति एसएमसी के अध्यक्ष भोजाराम गुर्जर को गणतंत्र दिवस समारोह आमेट में मुख्य अतिथि कुम्भलगढ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ व कार्यक्रम अध्यक्ष तहसीलदार देवी लाल गर्ग द्वारा सम्मानित किया गया । प्रधानाचार्य शैतान सिंह मीणा ने बताया कि विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष भोजाराम गुर्जर ने राउमावि सेफटीया विद्यालय के खेल मैदान को समतलीकरण करवाने हेतु ग्रामवासियों व भामाशाहों को प्रेरित कर 2 लाख रुपए की राशि एकत्र कर कार्य करवाया । उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह का संचालन शिक्षक मुकेश वैष्णव व राखी आर्य ने किया।

मैत्री वीरा ने स्वेटर व अल्पाहार वितरण

आमेट (पुकार) । 76 वें गणतंत्र दिवस पर महावीर इंटरनेशनल मैत्री वीरा आमेट द्वारा राजकीय प्राथमिक विद्यालय (काला पायर) में जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर वितरण किये गए।जिसके प्रायोजक वीरा आशा विकास खटोड़ की तरफ से बच्चो को स्वेटर व अल्पाहार वितरण किया। गणतंत्र दिवस की सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए मैत्री वीरा की मंत्री मनीषा डांगी ने बच्चों को गणतंत्र दिवस का महत्व बताते हुए गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई दी। मैत्री वीरा अध्यक्ष मनीषा छाजेड़ ने बच्चों को संकल्प करवाया की वो अपने जीवन को हमेशा सच्चा व अच्छा बनाएंगे। अपने जीवन में शराब जुआ आदि दुर्व्यसनों से हमेशा दूर रखेंगे और अपने जीवन में कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। ग्रामवासियों और बच्चों को पर्यावरण शुद्धता के बारे में बताते हुए। स्वच्छता अभियान तहत साफ सफाई के बारे मे समझाया और प्लास्टिक व डिस्पॉइजल को कम से कम उपयोग करे व कपड़े की थैली मेरी सहेली का भी प्रचार किया। इस कार्यक्रम में मैत्री वीरा अध्यक्ष वीरा मनीषा छाजेड़ ,मंत्री वीरा मनीषा डांगी ,वीरा सुमिता चोरड़िया,वीरा संगीता चंडालिया,वीरा अनिता छाजेड़,वीरा मंजुदेवी हिरण आदि सदस्या सहित विधायल के शिक्षक रमेश सर एवं स्कूल स्टाफ व स्थानीय गणमान्य ग्रामीण जन के नेतृत्व मे यह कार्य सम्पूर्ण किया। स्कूल स्टाफ ने मैत्री वीरा बहनों का तिलक एवं उपर्णा ओढ़ाकर सम्मान किया एवं संस्था के प्रति आभार व्यक्त किया।

श्री तुलसी जी एवं ठाकुर जी का विवाह संपन्न

निंबाहेड़ा । सेन समाज निंबाहेड़ा एवं चोखला द्वारा आयोजित श्री तुलसी जी एवं ठाकुर जी का विवाह सोमवार को बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। सेन समाज के श्री राधा कृष्ण मंदिर पर 24 जनवरी से आयोजित तुलसी विवाह के विभिन्न कार्यक्रमों में गणपति स्थापना, माताजी पूजन, हल्दी, मेहंदी, कलश, बिंदोली, बारात के विभिन्न कार्यक्रम धूमधाम और हर्षोल्लास से संपन्न हुए। ठाकुर जी की बिंदोली के रूप में सेन समाज द्वारा नगर के विभिन्न मार्गो से शोभा यात्रा का आयोजन भी किया गया जिसमें बड़ी संख्या में सेन समाज नगर एवं चोखला के महिला पुरुषों ने भाग लिया। इस विवाह आयोजन में जे.के. सीमेंट वर्क्स निंबाहेड़ा द्वारा महाप्रसादी का लाभ लिया गया। सेन समाज के नगर अध्यक्ष संदीप सेन एवं चोखला अध्यक्ष राधेश्याम सेन द्वारा विधायक श्री चंद कृपलानी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, उपखंड अधिकारी विकास पंचोली, जे.के. सीमेंट के अधिकारियों का माल पहनाकर, साफाबंधा एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

एडमिशन फीस के साथ दुर्घटना बीमा प्रीमियम जमा कराया

दुर्घटना में मृत्यु पर कॉलेज के विरूद्ध दो लाख रूपये क्षतिपूर्ति का आदेश

चित्तौड़गढ़ (पुकार) । जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष प्रभूलाल आमेटा व सदस्यगण अरविन्द कुमार भट्ट, राजेश्वरी मीणा ने राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर एवं बाहुबली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बड़वई के विरूद्ध दुर्घटना बीमा राशि 2 लाख रुपये मय ब्याज एवं 2500 रुपये परिवाद व्यय व अभिभाषक शुल्क के अदा करने का आदेश दिया। प्रकरणानुसार सोमनगर निवासी परिवादी सूर्यवीरसिंह पिता खुशमहेन्द्रसिंह राजपूत ने अधिवक्तागण भगवतसिंह गिलुण्डिया, प्रेमसिंह पंवार, कुलदीप सुहालका के जरिये एक परिवाद आयोग में इस आशय का पेश किया कि विपक्षी ने ऑनलाईन बी.एड. ट्रैनिंग की विज्ञप्ति निकाली थी। परिवादी की पत्नी ज्योत्सना ने ऑनलाईन आवेदन भरा जिस पर ट्रैनिंग सेन्टर बड़वई दिया गया। निश्चित फीस जमा करके 120 रूपये दुर्घटना बीमा के जमा किए, जिसके अनुसार पढ़ाई के दौरान दुर्घटना होने पर 2 लाख रूपये देय योग्य थे। फरवरी 2021 में प्रार्थी की पत्नी ज्योत्सना बाहुबली कॉलेज से अध्ययन करके अपने घर आ रही थी कि ट्रक व बस टक्कर की दुर्घटना में प्रार्थी की पत्नी की मृत्यु हो गई। रिपोर्ट थाना सदर में पेश की जाकर चालान पेश किया गया। समस्त दस्तावेज प्रमाण पत्र से विपक्षी कॉलेज में दुर्घटना बीमा राशि प्राप्त करने हेतु आवेदन दिया गया। लम्बे समय तक उक्त कॉलेज द्वारा प्रार्थी को बीमा राशि व क्षतिपूर्ति राशि अदा नहीं की गई। बीमा कंपनी द्वारा जवाब पेश किया गया कि समय पर प्रीमियम राशि प्राप्त नहीं होने से बीमा नहीं किया गया। प्रार्थी की ओर से तर्क दिए गए कि एडमिशन के समय ही दुर्घटना बीमा के 120 रूपये जमा कर लिए थे जिससे बीमा की जिम्मेदारी विपक्षी कॉलेज की होकर दुर्घटना राशि हेतु जिम्मेदार है। आयोग ने परिवादी के तर्कों से सहमत होते हुए उक्त निर्णय दिया।

कनेरा घाटा क्षेत्र के निम्बोदा में होगा श्री केदारनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार

विधायक कृपलानी की ओर से विकास कार्य के लिए 10 लाख की घोषणा

निम्बाहेड़ा (पुकार) । निम्बाहेड़ा उपखण्ड के कनेरा घाटा क्षेत्र की निम्बोदा ग्राम पंचायत में स्थित श्री केदारनाथ मंदिर धाम के जीर्णोद्धार के लिए पूज्य श्री कंकू केसर मां की विशेष उपस्थिति में पुनः नींव पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रतिनिधि के तौर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने क्षेत्र में विकास कार्य के लिए 10 लाख रुपये की राशि की घोषणा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान बगदीराम धाकड़ ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, कनेरा मण्डल अध्यक्ष जुगलकिशोर धाकड़ आदि मौजूद रहे।

इस अवसर पर अतिथियों ने श्री केदारनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए आयोजित पुनः नींव पूजन कार्यक्रम में विधिवत पूजा अर्चना कर जीर्णोद्धार कार्य आरंभ करवाया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में हमेशा से ही क्षेत्र में विकास की कोई कमी नही रखी गई और इस बार भी सरकार बनते ही निम्बोदा क्षेत्र में सिंचाई के लिए 27 करोड़ की राशि से बनने वाले बांध की स्वीकृति जारी करवाई गई। इस बांध के बनने से क्षेत्र में चारों ओर खुशहाली छाएगी।

कार्यक्रम में पंस सदस्य प्रतिनिधि जगदीश, पूर्व प्रधान प्यारचन्द धाकड़, गोपाल पहलवान, गोपाल धाकड़ पूर्व सरपंच, मण्डल महामंत्री शिवलाल धाकड़, चारण समाज के देवकरण चारण मंडला चारण, पूर्व सरपंच शम्भूदान चारण, सरपंच प्रतिनिधि गणेशदान चारण, प्रहलाद चारण, बूथ अध्यक्ष भागीरथ चारण एवं क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समस्त निम्बोदा ग्रामवासी मौजूद रहे।

चित्तौड़ के संगम तट पर स्वच्छता अभियान एवं महा आरती

चित्तौड़गढ़ । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कि पर्यावरण गतिविधि की ओर से प्रयागराज संगम तट पर हो रहे कुंभ ओर मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर चित्तौड़ की जीवनदायनी नदियां गंभीरी ओर बेड़च नदी के संगम स्थल पर स्वच्छता अभियान दीपदान एवं महा आरती का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तैयारी बैठक एकल अभियान कार्यालय पर संपन्न हुई। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक बाल किशन भोई सहसंयोजक सतीश सोनी एवं गोपाल कृष्ण दाधीच ने बताया कि अपने पवित्र और जीवन दायनी नदियों के संरक्षण हेतु उनके स्वच्छता हेतु समाज में एक संदेश जाए इसके लिए मौनी अमावस्या जो हिंदू समाज के लिए एक बड़ा पर्व है तथा साथ ही प्रयागराज में कुंभ पर भी महा स्नान होता है इस अवसर पर चित्तौड़ के इस संगम स्थल पर जो की अति प्राचीन होकर यहां पर भी आम जनों का आस्था का केंद्र है तथा यहा यज्ञ हवन तथा अस्थि विसर्जन जैसे कार्यक्रम होते रहते हैं। अतः यह ध्यान में रखते हुए इस संगम तट की स्वच्छता एवं महा आरती का आयोजन मोनी अमावस्या शाम 4 बजे से किया जा रहा है इस हेतु पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के प्रांत संयोजक धर्मपाल गोयल के सानिध्य में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बैठक की गई जिसमें एकल अभियान,ईनरबेल क्लब,विष्णु दल महिला मंडल,माहेश्वरी महिला मंडल आदि भागेदारी करेंगे। बैठक में धर्मपाल गोयल,गोपाल कृष्ण दाधीच, बालकिशन भोई नीलेश बल्दवा जितेंद्र त्रिपाठी, सतीश सोनी,जगदीश वैष्णव, विष्णु कुमावत, ऋतु भोजवानी, जया तोषनीवाल, नीलम कुमावत,चंचल अग्रवाल मीना वाघेला आदि उपस्थित रहे।

6ठी स्ट्रोंग मेन व 5वीं स्ट्रोंग वुमेन ऑफ चित्तौड़गढ़ प्रतियोगिता सम्पन्न

चित्तौड़गढ़ (पुकार)। जिला स्तरीय 6ठी स्ट्रोंग मेन व 5वीं स्ट्रोंग वुमेन ऑफ चित्तौड़गढ़ की एक दिवसीय पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता रविवार 26 जनवरी को चामटी खेड़ा चौराहा स्थित भारत बाग में सम्पन्न हुई जिसमें स्ट्रोंग मेन का खिताब ईशान अली व स्ट्रोंग वुमेन का खिताब माया कंवर सोलंकी ने जीता।

जानकारी देते हुए संघ सचिव रवि बैरागी ने बताया कि सब जुनियर केटेगरी में स्ट्रोंग वुमन चंचल कीर, जुनियर में प्रियंका पवार, सीनियर माया कंवर सोलंकी ने जीता। सब जुनियर स्ट्रोंग मेन में हर्षित चौधरी, जुनियर में ईशान अली, सीनियर में ईशान अली और मास्टर में अजयराज जयसवाल विजयी रहे। महिला सीनियर केटेगरी 52 किग्रा वर्ग में श्रुति कच्छावा प्रथम, 57 किग्रा में रितु पगारिया प्रथम, 63 किग्रा में माया कंवर सोलंकी प्रथम, सीनियर पुरुष 59 किग्रा में अब्बास अली मोईन प्रथम, लोकेश कुमावत द्वितीय, हर्षित नाथ तृतीय रहे। 66 किग्रा में प्रथम गोपाल पहाड़िया, द्वितीय मोहित सिंह, तृतीय कुलदीप लक्षकार। 74 किग्रा में प्रथम ईशान अली, द्वितीय जीवन कुमार, तृतीय मोहित सोनी रहे। 85 किग्रा में प्रथम आशीष कोदली, द्वितीय जेनुल आबेदी रहे। 93 किग्रा में प्रथम युसुफ अली, 105 किग्रा में प्रथम पवन मेनारिया रहे। प्रथम विजेता सीनियर महिला एवं पुरुष खिलाड़ी आगामी

2 व 3 फरवरी को दौसा के बांदीकुई में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चित्तौड़गढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे।

सब जुनियर महिला 43 किग्रा में चंचल कीर, 52 किग्रा में खुशी कीर, 57 किग्रा में लक्ष्मी गौरण, 63 किग्रा में भूमि शारदा विजेता रही। जूनियर 47 किग्रा में प्रियंका पंवार, 63 किग्रा में प्रथम सोनाली कीर, द्वितीय भूमि शारदा रही। सब जुनियर पुरूष 53 किग्रा में प्रिंस दबोदिया प्रथम, धीरज यादव द्वितीय, पीयूष कुमार बलाई तृतीय रहे, 59 किग्रा में प्रथम निर्मित गहलोत, द्वितीय नक्ष शर्मा, तृतीय आदित्य टेलर रहे। 66 किग्रा में प्रथम हर्षित सखवाया, द्वितीय शुभम मेघवाल, तृतीय पुष्पेन्द्र बारेसा रहे। 74 किग्रा में प्रथम हर्षित चौधरी, द्वितीय अर्जुन धुलिया, तृतीय सागर कलोसिया, 83 किग्रा में प्रथम सिद्वार्थ सोनी, द्वितीय कनिष्ठ वर्धन, 93 किग्रा में प्रथम आशुतोष मीणा, द्वितीय मनन खेतवास रहे।

जूनियर 53 किग्रा में प्रथम उत्साह सरकार, द्वितीय कान्हा, तृतीय मयंक कुमार रेगर रहे। 59 किग्रा में प्रथम शिवलाल रेगर, द्वितीय रामतेज यादव, 66 किग्रा में प्रथम कार्तिक नलवाया, द्वितीय कमलेश कुमार, तृतीय पंकज छीपा, 74 किग्रा में प्रथम ईशान अली, द्वितीय जयदेव सिंह, तृतीय भूपेन्द्र सिंह रावत, 83 किग्रा में प्रथम हरीश माली, 105 किग्रा में प्रथम आशुतोष मीणा, 93 किग्रा में प्रथम दिव्यांश राज सोनी। जूनियर व सब जुनियर महिला एवं पुरुष के प्रथम विजेता रहे खिलाड़ी आगामी अप्रेल 2025 में राज्य स्तर पर भाग लेंगे वहीं मास्टर केटेगरी 83 किग्रा में प्रथम रहे अजयराज जयसवाल जुलाई 2025 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

ओपनिंग सेरेमनी में संघ अध्यक्ष रवि विराणी, जिला कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष विश्वनाथ टांक, अध्यक्ष शैलेन्द्र झंवर, पूर्व भाजपा महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा, भंवरसिंह चौहान आदि अतिथियों ने फीता काट कर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

समापन पर जिला खेल अधिकारी रामरतन गुर्जर, पूर्व पार्षद अनिल ईनाणी, विप्र मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जगदीशचन्द्र मेनारिया, भाजपा के मोनू सलूजा आदि अतिथियों द्वारा अंत में विजेताओं को नगद पुरस्कार, ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र सहित फूट सप्लीमेन्ट दिये गये। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में दिलीप कुमार टेलर ने सेवाएँ दी। संरक्षक एवं विधायक चन्द्रभानसिंह आक्या ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी।

प्रतियोगिता आयोजन कोषाध्यक्ष दिलीप कुमार टेलर, सदस्य संदीप पंवार, योगेश धोबी, आशीष बुरठ, रोहित खटीक, दीपक बैरवा, कुन्दर घारू, राहुल सेन, दर्शन गोस्वामी, अरूणसिंह शक्तावत, दक्षविजयसिंह, पवन मेनारिया ने सहयोग दिया।

नाहरगढ़ के 37 प्रतिभावान छात्र पुरस्कृत

चित्तौड़गढ़ । गणतंत्र दिवस पर राजकीय उच्च माध्यमिक एवं कस्तूरबा गांधी विद्यालय नाहरगढ़ के कक्षा 10 वीं एवं 12वीं के 37 छात्रो को बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को 1100 का नकद कुल चालीस हजार सात सौ रू का पारितोषिक एनबीएस विद्यालय की निर्देशक श्रीमती पारस कुंवर शक्तावत एवं संचालक नरेंद्र सिंह शक्तावत द्वारा वितरित कर प्रतिभावान विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन एवं सम्मान किया गया । नरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा रूपी रामबाण से सभी समस्याओं का समाधान आसानी से किया जा सकता है नाहरगढ़ ग्राम पंचायत के घर-घर में शिक्षा की अलख जगाने मे एनबीएस विद्यालय पिछले 5 वर्षों से अनवरत प्रयासरत है।

विशेष स्वच्छता अभियान : स्वच्छता के रंग में फिर रंगा राजसमंद

- दो दिवसीय विशेष सफाई अभियान का हुआ आगाज, हर वर्ग श्रमदान में जुटा
- हर ग्राम पंचायत और नगर में मिशन मोड पर हुआ विशेष सफाई अभियान का आयोजन

राजसमंद(पुकार)। स्वच्छता जीवन का अहम हिस्सा है, क्योंकि यह न केवल हमारे आस-पास के वातावरण को साफ सुथरा बनाती है, बल्कि हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती है। स्वच्छता से बीमारियों की रोकथाम होती है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती है। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा के निर्देशन में जिले भर में स्वच्छता के क्षेत्र में अभिनव प्रयास हुए हैं, इसी कड़ी में दो दिवसीय विशेष स्वच्छता अभियान का आगाज मंगलवार को हुआ। यह अभियान जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में मंगलवार और बुधवार को संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना और स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना है। जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने बताया कि अभियान के प्रथम दिन मंगलवार को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों और नगर निकायों में व्यापक सफाई कार्य किए गए। इस दौरान पंचायतों ने सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने और स्वच्छता को बढ़ावा देने में अद्वितीय योगदान दिया। सफाई अभियान के तहत इन ग्राम पंचायतों ने अपने क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, जल स्रोतों का संरक्षण और जागरूकता फैलाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए। गांवों में इस अभियान के तहत प्रमुख स्थानों जैसे चौराहों, दर्शनीय एवं पर्यटन स्थल, बस स्टैंड, गली मोहल्लों, पंचायत भवन, विद्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों पर सफाई की गई। गांवों में नालियों की सफाई और कचरा निस्तारण कार्य किया गया। लिगसी वेस्ट हटाया गया जिससे वहां पानी की निकासी में सुधार आया। सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई की गई। कई गांवों में तालाब किनारे पड़े कचरे को हटाया गया, जिससे जलाशय का सौंदर्य निखरा। राजसमंद नगर परिषद ने भी मुख्य बाजार, बस स्टैंड और सार्वजनिक स्थलों पर सफाई कार्य किए जिससे इन स्थानों पर गंदगी का स्तर काफी कम हुआ। नाथद्वारा में भी विभिन्न क्षेत्रों में सफाई की गई। आमेट और देवगढ़ में सार्वजनिक शौचालयों और कचरा संग्रहण स्थलों को बेहतर बनाया गया।

कलक्टर और सीईओ ने किया निरीक्षण

जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा और जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा ने स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलक्टर ने कुंतेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन के साथ-साथ आसपास का दौरा करते हुए मंदिर के पीछे के क्षेत्र में चल रहे सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। फरारा गांव में कलक्टर ने सड़कों, गलियों और रोड के दोनों ओर सफाई कार्यों का जायजा लिया। गोबर के ढ़ेर हटाने और नालियों को साफ सुथरा रखने के लिए तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वच्छता कार्यों की पहले और बाद की प्रगति की रिपोर्ट तैयार करें। साथ ही ग्राम पंचायत साकरोदा के दौरे के दौरान कलक्टर ने स्कूल का निरीक्षण किया और बच्चों से पढ़ाई और शिक्षकों के बारे में चर्चा की।

न्यायाधीश ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण

राजसमंद (पुकार)। जिला प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल के निर्देशानुसार प्राधिकरण सचिव एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष अग्रवाल ने मंगलवार को जिला कारागृह का निरीक्षण कर कारागृह की भोजन, सफाई, आवास, सुरक्षा इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अग्रवाल ने बताया कि निरीक्षण के समय कारागृह में कुल 116 बंदी निरुद्ध मिले। नवीन प्रवेशित बंदियो से संवाद किया गया सभी ने अपने प्रकरण में पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त होना बताया। कारागृह में कोई भी बंदी 18 साल से कम उम्र का निरूद्ध नहीं पाया गया। चिकित्सक द्वारा बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण करना बताया। अग्रवाल ने कारागृह में सजायाफ्ता बंदियों की जानकारी प्राप्त की। बंदियों के मनोरंजन के लिए बैरक में टेलीविजन लगी हुई है तथा सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील अवस्था में हैं। बंदियों से वार्ता करने पर उन्होंने किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने तथा भोजन व्यवस्था के प्रति संतोष व्यक्त किया। इस दौरान जेल उपाधीक्षक हेमन्त सालवी उपस्थित थे।

रैन बसेरा की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार रैन बसेरा में आश्रय लेने वाले यात्रियों को सर्दी से बचाव व अन्य व्यवस्थाओं के लिए प्राधिकरण सचिव संतोष अग्रवाल ने धोईन्दा स्थित संचालित रैन बसेरे का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। अग्रवाल ने बताया कि सर्दियों से बचाव के लिए आश्रय स्थल में बिस्तर, तकिया, रजाई व चद्दर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना तथा स्वच्छ होना पाया गया। निरीक्षण के समय कोई आश्रयरत नहीं पाया गया, नहाने के लिए गर्म पानी की व्यवस्था उपलब्ध होना बताया।

वार्षिकोत्सव : विद्यार्थियों के अनपढ़ नेताजी पर नाटक से हास्य का माहौल

- विद्यालय में फिल्टर मय वॉटर कूलर व इलेक्ट्रॉनिक घंटी भेंट

राजसमंद (पुकार)। जिले में पंचायत समिति खमनोर के राउमावि जगेला में वार्षिकोत्सव समारोह का आगाज मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि उपप्रधान वैभवराज सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि उठारडा उपसरपंच कालूलाल गमेती, भामाशाह उपेंद्र सनाढ्य, अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व मंडी सचिव भगवतीलाल गमेती, आसाराम गमेती, किशनलाल गमेती थे। जबकि अध्यक्षता प्रधानाचार्य नीतू शर्मा ने की। भरत कुमार शर्मा ने बताया कि आयोजन में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विशेष तौर पर कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों द्वारा अनपढ़ नेताजी पर नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें विद्यार्थी और ग्रामीण हास्य विभोर हो गए व कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने मत कर माया को अभिमान गीत पर मेहमानों एवं अभिभावकों को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर भामाशाह उपेंद्र सनाढ्य ने विद्यालय में फिल्टरमय वाटर कूलर भेंट किया गया। उपप्रधान वैभवराज सिंह चौहान ने विद्यालय के लिए इलेक्ट्रॉनिक घंटी की घोषणा की। इस दौरान जगदीश कुमावत, निंबाराम, रामबरन मीणा, रानी सोनी, सुरेश कुमार मीणा, किरण खटीक, भरत कुमार शर्मा, दीपक कुमार मोदी, तरुणा सनाढ्य, कविता पारीक सहित विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

आदिवासी युवा महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें : कुंवरा

- टंट्या मामा जयंती एवं आदिवासी भवन उद्घाटन समारोह सम्पन्न

राजसमंद (पुकार)। समीपवर्ती धांयला पंचायत अन्तर्गत छापर धर्मकुड़ी स्थल पर नवनिर्मित आदिवासी भवन का उद्घाटन एवं आदिवासी स्वतन्त्रता सैनानी रॉबिन हुड टंट्या मामा जयंती समारोह आदिवासी एकता परिषद के पदाधिकारियों व समाजजनों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। आदिवासी एकता परिषद एवं राजस्थान आदिवासी संघ शाखा नाथद्वारा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार कुंवरा दादरा नगर हवेली, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष मण्डल सदस्य जीवराज डामोर डूंगरपुर, प्रदेश महामंत्री शंकर कोटेड़ डूंगरपुर, प्रदेश कोषाध्यक्ष रामलाल मीणा, प्रदेश संगठन मंत्री धर्मदत्त परमार, स्थानीय सरपंच मोहनी बाई गायरी, प्रतिनिधि परथा गायरी, समाजसेवी अरविन्द सिंह चौहान गुड़ला थे। जबकि अध्यक्षता परिषद के प्रदेश अध्यक्ष मोगजी भाई भगोरा ने की। प्रारम्भ में अतिथियों ने फीता काटकर नवनिर्मित आदिवासी भवन का लोकार्पण किया। परिषद जिलाध्यक्ष इन्द्रलाल गमेती ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान के लिए संस्था की ओर से संचालित कार्यक्रमों सहित अन्य गतिविधियों से समाज में जागरूकता बढ़ी है जो हम सभी के लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने जिले में अधिकाधिक समाजजनों को संस्था से जोड़ने एवं आदिवासियों के जीवन स्तर में सुधार के लिए और अधिक तत्परता से कार्य करने पर जोर दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय कुमार कुंवरा ने आह्वान किया कि आदिवासी युवा महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें तथा समाज के जीवन स्तर में सुधार लाएं। राष्ट्रीय युवाध्यक्ष अशोक कुमार वलवी ने टांट्या मामा की जीवनी पर जानकारी दी, वहीं युवाओं को ऐसे महापुरूषों के पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश कोषाध्यक्ष रामलाल मीणा ने एसटी के आरक्षण अन्तर्गत कोटे में कोटा देने का विरोध करते हुए कहा कि यह गुमराह करने एवं समाज को तोड़ने वाला कदम है तथा आदिवासी समाज को षड़यंत्रपूर्वक आपस में बांटने का काम किया जा रहा है। युवा जिलाध्यक्ष एडवोकेट वेणीराम गमेती, नाथद्वारा तहसील अध्यक्ष सुरेश आदिवासी, जिला उपाध्यक्ष भैरूलाल आदिवासी, स्थानीय चौखला अध्यक्ष भगवानलाल, कमलेश भील, छोगालाल आदि ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में एडवोकेट रोशनलाल, ललित कुमार, शंकरलाल, नानालाल, मांगीलाल, भंवरलाल, मूलचंद, किशनलाल सहित समाजजन उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष इन्द्रलाल गमेती ने आभार जताया।

समाज उत्थान के लिए जन जागृति एवं शिक्षा को बढ़ावा देने की महत्ती जरूरत

- साधारण सभा एवं वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

राजसमंद (पुकार)। श्री बाबा रामदेव मेवाड़ सालवी समाज सेवा संस्थान की साधारण सभा की बैठक एवं समाज के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम उपनगर धोइन्दा स्थित समाज छात्रावास में समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रारम्भ में संस्थान जिलाध्यक्ष सोहनलाल बालेसा, पूर्व जिलाध्यक्ष देवीलाल झांझर, बंशीलाल गोयल पसून्द, परसराम केरिंगजी खेड़ा, जिला समन्वयक मोहनलाल पाटवाल, परसराम पोरवाड़, पूर्व कांकरोली चौखला अध्यक्ष भैरुलाल पंवार, हीरालाल कुंवारिया, कैलाशचंद्र केलवा, नारायणलाल प्रतापपुरा, रमेशचंद्र पूठोल सहित वरिष्ठजनों ने वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। आमसभा में जिला समन्वयक मोहनलाल पाटवाल ने संस्थान की ओर से संचालित विभिन्न गतिविधियों का ब्यौरा एवं प्रतिवेदन पेश करते हुए कहा कि समाज विकास के लिए संस्थान लगातार प्रयासरत है तथा इसके लिए समय-समय पर विविध क्रियाकलाप आयोजित किए जा रहे है। संस्थान जिलाध्यक्ष सोहनलाल बालेसा ने समाज उत्थान के लिए जन जागृति व शिक्षा को बढ़ावा देने की महत्ती जरूरत बताते हुए इसके लिए सभी से आपसी समन्वय से और अधिक तत्परता से कर्य करने का आह्वान किया।

भैरूनाथ मार्बल ने जीता एमडी प्रीमियर लीग का खिताब

राजसमंद (पुकार)। एमडी प्रीमियर लीग के रोमांचक फाइनल मुकाबले में भैरूनाथ मार्बल ने स्पोर्ट्स वियर को हराकर खिताब अपने नाम किया। टॉस जीतकर भैरूनाथ मार्बल ने पहले फील्डिंग का फैसला किया। स्पोर्ट्स वियर

6.4 ओवर में 7 विकेट पर 56 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए भैरूनाथ मार्बल ने बिना कोई विकेट गंवाए 6.1 ओवर में 57 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रेलमगरा प्रधान आदित्य प्रताप सिंह चौहान, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष शंकर लाल चौधरी थे। जबकि अध्यक्षता उप सरपंच मांगीलाल कुमावत ने की।

विधायक माहेश्वरी ने भाजपा सभा में लिया भाग

राजसमंद(पुकार)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों की दिल्ली विधानसभा चुनाव संबंधित सभा में भाग लिया। सभा में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए व्यापक कार्य योजना पर चर्चा की गई। चुनाव प्रचार अभियान को प्रभावी बनाने के लिए घर-घर संपर्क कार्यक्रम, केंद्र में भाजपा सरकार की उपलब्धियों को उजागर करना और दिल्ली प्रदेश में वर्तमान सरकार की विफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई। बैठक में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, सीपी जोशी, सांसद भागीरथ चौधरी, पूर्व सांसद कैलाश चौधरी सहित पदाधिकारियों ने भाग लिया। सभा में दिल्ली चुनावों को लेकर विचार-मंथन करते हुए सभी ने मिलकर संगठन की शक्ति को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा की नीति और निष्ठा ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। दिल्ली में भाजपा का परचम लहराने के लिए सभी कार्यकर्ता जोश और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। सभा का उद्देश्य चुनावी कार्यों को सुव्यवस्थित और प्रभावशाली बनाना थाए जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों ने अपना अमूल्य योगदान दिया। इधर, विधायक माहेश्वरी ने कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की गंगा स्नान पर की गई टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि महाकुंभ और सनातन परंपरा का मजाक उड़ाना करोड़ों हिंदू धर्मावलंबियों की आस्था का अपमान है। उन्होंने इसे कांग्रेस की हिंदू विरोधी मानसिकता और जिहादी कट्टरपंथ को प्रोत्साहन देने वाली विचारधारा का प्रतीक बताया।

मनोहारी झांकियों व जैकारों के साथ मनाया गोवर्धन पूजा व नंद महोत्सव

- जावद में श्रीमद् भागवत सप्ताह कथा महोत्स जारी
- आज सुदाना चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष प्रसंगों का होगा वर्णन

राजसमंद (पुकार)। जिला मुख्यालय स्थित जावद गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा अन्तर्गत मंगलवार को मनोहारी झांकियों, मंगल गीत गायन व गगनभेदी जैकारों के साथ गोवर्धन पूजा एवं नंद महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया वहीं भगवान गोवर्द्धन नाथ को अन्नकूट का भोग धराया गया। भागवताचार्य मदन मोहन शर्मा ने हरिनाम कीर्तन के साथ कथा शुरू करते हुए कृष्ण जन्म उपरांत गोकुल में उत्सवी माहौल बनने व इसकी सूचना से समूचे ब्रजमण्डल में उल्लास का सजीव वर्णन किया। इसके बाद कृष्ण जन्म के उपलक्ष्य में नंद महल में हुए भव्य नंद महोत्सव प्रसंग का चित्रण करते हुए कहा कि उत्सव में पूरे ब्रज से गोप-ग्वाल उमड़ पड़े। बधाई हो नंदबाबाद.... बधाई हो यशोदा मैया.... जैसे स्वर के साथ नंदबाबा के घर खूब मंगल गीत गायन हुआ, नर-नारी झूम उठे एवं हाथी दीना घोड़ा दीना और दीनी पालकी जै कन्हैया लाल की.... जैसे जयकारों के साथ खूब बधाईयां बांटी गई वहीं दूध-दही, घी व फूलों की वर्षा के बीच खुशियां मनाई गई। इस दौरान नंदोत्सव के तहत कथा पाण्डाल को आकर्षक सजाया गया एवं प्रसंग अन्तर्गत दही हांडी उत्सव मनाया गया। इसके लिए पाण्डाल में जमीन से कुछ ऊंचाई पर रस्सी पर सुसज्जित दही हांडी बांधी गई जिसे फोड़ने के लिए बालकृष्ण प्रभु एवं गोप-ग्वालों के वेश में सजे नन्हे-मुन्ने पहुंचे। बच्चों ने उत्साह से दही मटकी फोड़ी। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी उत्सव में खूब आंनद लिया तथा इससे कथा पाण्डाल में गोकुल की अनुभूति हुई। इससे पूर्व शुरूआत में मुख्य यजमान रामचन्द्र जोशी, बंशीलाल जोशी आदि ने व्यासपीठ का पूजन कर भागवत पोथी की आरती की। महोत्सव समिति सदस्य पार्थ जोशी ने बताया कि बुधवार को कथा में सुदाना चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष प्रसंगों का वर्णन होगा। भगवान गोवर्धननाथ को धराया अन्नकूट भोग महाराज ने बालकृष्ण की विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया। कंस द्वारा ब्रज में नवजात शिशुओं को मारने के लिए अनेक जतन करने, कई राक्षसों को भेजने एवं बाद में पुतना के गोकुल जाकर प्रभु को कालकूटयुक्त दुग्धपान कराने तथा भगवान द्वारा पुतना का उद्धार करने आदि प्रसंग वर्णन किए। इसी कड़ी में कथा प्रसंग पर गोवर्द्धन पूजा उत्सव मनाया गया।

संक्षिप्त समाचार

जिला प्रमुख चौधरी ने लिया वार्षिकोत्सव में भाग

राजसमंद (पुकार)। जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी एवं भाजपा नेता तथा अखिल मेवाड़ जाट महासभा के अध्यक्ष माधव चौधरी ने राजकीय मॉडल उमावि केलवा एवं राउमावि फियावडी में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझाया एवं खेलकूद गतिविधियां एवं अन्य गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेने की प्रेरणा दी। साथ ही खेल जगत में नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं का

सम्मान किया गया। इस दौरान उप जिला प्रमुख सोहनीदेवी गुर्जर, सरपंच हिम्मतसिंह, सरपंच सुरेशचंद्र जाट, कुंवारिया सरपंच ललित श्रीमाली, प्रधानाचार्य राकेश चपलोत, भंवरलाल खटामला, भाजपा नेता नानालाल आदि मौजूद थे।

विद्यालय में पोक्सो एक्ट व महिला हिंसा पर जागरूकता सत्र आयोजित

राजसमंद (पुकार)। जन विकास संस्थान की ओर से संचालित सुकून परियोजना के अंतर्गत राबाउमावि छापली में पोक्सो एक्ट और महिला हिंसा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों को बाल सुरक्षा और

महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस सत्र में पोक्सो एक्ट के प्रावधानों, बाल यौन शोषण के दुष्प्रभावों और इसके निवारण के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा जैसे घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न और साइबर क्राइम के मुद्दों पर भी चर्चा की गई व जन विकास महिला हेल्पलाइन नम्बर 9216767584, चाइल्ड लाइन नम्बर 1098, साइबर क्राइम नम्बर 1930, रात्रिकालीन महिला हेल्पलाइन 1090 की जानकारी दी। प्रधानाचार्या मदन गोपाल कुमावत ने कहा कि ऐसे सत्र न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी मदद करते हैं।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की बैठक सम्पन्न

राजसमंद (पुकार)। राज्य सरकार की भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टोलरेन्स नीति को सुचारू रूप से लागू करने की मन्शा के अनुरूप भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में आमजन को भ्रष्टाचार के विरूद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता अभियान के तहत

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो उदयपुर उप महानिरीक्षक के सुपरविजन में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो चौकी राजसमंद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मत चारण मय जाब्ता हैड कानि. गोविन्द नारायण, किशनाराम, भंवरदान कानि, मनोज कुमार ने नगर परिषद सभागार में आमजन, व्यवसायी, कृषक वर्ग, मजदूर वर्ग एवं सामाजिक कार्यकर्ता की उपस्थिति में बैठक ली गई तथा भ्रष्टाचार निवारण के अभियान में सहयोग करने एवं भ्रष्ट लोक सेवकों के विरूद्ध कार्यवाही करवाने के लिए प्रेरित किया गय। साथ ही ब्यूरो के हेल्पलाईन नम्बर 1064 एवं व्हाट्सप नम्बर 9413502834 के पोस्टरों को सरकारी/सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा किए गए एवं रिवॉल्विंग फण्ड के बारें में आमजन को विस्तृत जानकारी दी गई।

वार्षिकोत्सव का आयोजन

राजसमंद (पुकार)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय मोरचना में वार्षिकोत्सव का आयोजन पसुंद सरपंच अयन जोशी की अध्यक्षता में किया गया। वार्षिक उत्सव में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। भामाशाह सुंदर पालीवाल ने विद्यालय में बच्चों के बैठने के लिए दरियां भेट की। शिक्षिका प्रिया कुमारी वर्मा और कविता यादव ने उत्कर्ष परिणाम वाले छात्रों को पारितोषिक प्रदान किए। स्वर्गीय हितेश जोशी की स्मृति में प्रभुलाल जोशी, जितेश जोशी ने छात्रों को शिक्षण सामग्री वितरण की। संस्था प्रधान संजू चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय शिक्षक संघ राष्ट्रीय के ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वरलाल गुर्जर, मीना कुमारी, पारस कुंवर, प्रकाश प्रजापत, भागचंद खटीक, मैना कुमारी, आरती सनाढ्य, रिंकू कुमावत, संस्था प्रधान नाथूसिंह राठौड़, ईश्वर सिंह कुंपावत, देवेंद्र सिंह राठौड़ आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। संचालन अनिता पालीवाल ने किया।

आज रहेगी बिजली बंद

राजसमंद (पुकार)। 33/11 केवी मोखमपुरा जीएसएस पर आवश्यक रखरखाव के कारण बुधवार को इनसे निकलने वाले 11 केवि फीडर तासोल ग्रामीण, तासोल औद्योगिक, मोखमपुरा, केलवा, मोरचना, पसुंद, निर्झरना फीडरों से संबंधित औधोगिक व ग्रामीण क्षेत्रो की बिजली प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी। इसी प्रकार सार्दुल खेड़ा जीएसएस पर आवश्यक रखरखाव के कारण इनसे निकलने वाले 11 केवि फिडर पसूंद, मोरचना, धोलिखान, खारंडिया, निर्झरना फीडरों से संबंधित औधोगिक व ग्रामीण क्षेत्रो की बिजली प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी। यह जानकारी एवीवीएनएल (पवस) सहायक अभियंता केलवा गजेसिंह दहिया ने दी।

एलपीएस स्कूल में होगा इंस्पायर जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

राजसमंद (पुकार)। इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन गुरूवार एवं शुक्रवार को लक्ष्मीपत सिंघानिया स्कूल में किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में जिले के विद्यालय स्तर पर चयनित 175 विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रदर्शनी के संयोजक अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी शिवकुमार व्यास ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण व नवाचार को बढ़ावा देना है। सहसंयोजक डॉ संजय अभिषेक ने बताया कि यह प्रदर्शनी छात्रों को अपने कौशल और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करेंगी। प्रदर्शनी में वैज्ञानिक, शिक्षाविद और निर्णायक मंडल छात्रों के प्रोजेक्ट का मूल्यांकन करेंगे तथा सर्वश्रेष्ठ प्रोजेक्ट को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया जाएगा। शहर के सभी स्कूलों के छात्र, शिक्षक एवं नागरिक भी इस प्रदर्शनी का अवलोकन कर पाएंगे।

उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत आक्षेप पूर्ति का अंतिम अवसर

राजसमंद (पुकार)। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में राजस्थान के मूल निवासियों के लिए में राजस्थान के मूल निवासियों के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विशेषसमूह योजना (पूर्व में विशेष पिछडा वर्ग)/अन्य पिछडा वर्ग/आर्थिक पिछडा वर्ग/विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु/मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा, मिरासी एवं भिश्ती उत्तर मैट्रिक छात्रवृति योजनाओं में सत्र 2016-17 से 2022-23 तक में कमियां/आक्षेप/रेडफ्लेग में होने के कारण विभाग द्वारा आक्षेपित किया गया था, ऐसे आवेदन पत्रों में संबन्धित विद्यार्थी/शिक्षण संस्थाओं द्वारा आक्षेप पूर्ति करने के लिए अवसर दिए जाने के उपरान्त भी कतिपय विद्यार्थियों/शिक्षण संस्थाओं द्वारा आक्षेप पूर्ति कर ऑनलाईन फॉरवर्ड नहीं किया गया है जिसकी वजह से ऐसे छात्रवृति आवेदन पत्रों की स्वीकृति एवं भुगतान संबन्धी कार्यवाही किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

संक्षिप्त खबरें...

राजकीय विद्यालय नारायणपुरा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वार्षिक उत्सव मनाया

उदयपुर (पुकार) । जिले के भिंडर उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नारायणपुरा में भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जानकारी में प्रधानाचार्य हितेंद्र सोनी ने बताया कि हर वर्ष के बाद इस वर्ष भी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नारायणपुरा में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वही इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के छात्राओं ने शानदार प्रस्तुतिया दी गई। वही कार्यक्रम राज्य स्तरीय खिलाडियों एवं बोर्ड परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एवं भामाशाह का सम्मान किया गया। इस दौरान गांव के गणमान्य नागरिक, अतिथि, एवं स्थानीय विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

फतह एकेडमी के तीन विद्यार्थियों का उपखंड स्तर पर हुआ सम्मान

फतहनगर (पुकार) । स्थानीय फत्तह एकेडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय के तीन विद्यार्थियों को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय,मावली में आयोजित उपखंड स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उपखंड अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। तीनों विद्यार्थी राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में शामिल हुए थे। सम्मान की सूची में लक्ष्यराज दमामी पुत्र टिंकल दमामी कक्षा-7 ने अंडर 14 राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में, नैनिशा दमामी पुत्री टिंकल दमामी कक्षा-10 अंडर 17 राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में, गरिमा राठौर पुत्री हेमेंद्रसिंह राठौड़ कक्षा-8 अंडर 17 राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया तथा नगर व जिले को राज्य स्तर पर गौरवान्वित किया। निदेशक अजय जैन ने बताया कि इससे पूर्व तीनों विद्यार्थियों का सम्मान गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्थानीय विद्यालय एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, फत्तहनगर में भी किया गया एवं तीनों विद्यार्थी वर्तमान में स्थानीय विद्यालय में ही अध्ययनरत हैं।

महाविद्यालय की दो छात्राओं को मिली स्कुटी

फतहनगर (पुकार) । महावीर अम्बेश गुरू महाविद्यालय, फत्तहनगर के प्राचार्य डॉ. ललित कुमावत ने बताया कि महाविद्यालय में नियमित अध्ययनरत छात्रा सुश्री सीमा भील को राजस्थान सरकार की कालीबाई भील स्कुटी योजना एंव सुश्री सपना गुर्जर को इन्दिरा प्रियदर्शिनी पुरस्कार योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा स्कुटी प्रदान की गई है। उक्त दोनो प्रतिभावान छात्राओं का महाविद्यालय में आयोजित गणतन्त्र दिवस समारोह के अवसर पर महाविद्यालय सचिव मनोहर लाल कावड़िया द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

नन्हें बच्चों को किया स्वेटर वितरण

फतहनगर (पुकार) । राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राणावतों की सादड़ी विद्यालय में भामाशाह रूपसिंह राणावत द्वारा कक्षा एक से आठ तक के बालक बालिकाओं के लिए स्वेटर वितरण किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से संस्था प्रधान किशनलाल ने भामाशाह का आभार व्यक्त कर सम्मान किया। इस अवसर पर ग्रामीण एवं विद्यालय स्टाफउपस्थित था।

''कृषक उपहार योजना'' के तहत निकाली लॉटरी, कृषक साथी सहायता योजना में 10 आश्रित हुए लाभान्वित

फतहनगर (पुकार) । मंगलवार को ''कृषक उपहार योजना'' के तहत कृषि उपज मण्डी में 01.07.2024 से 31.12.2024 तक अपनी कृषि उपज लाने वाले कृषकों के लिये ई-नाम पोर्टल के माध्यम से जारी गेटपास/विक्रय पर्ची एवं ई-भुगतान प्राप्त करने पर जारी कूपन पर ई-लॉटरी निकाली गई। साथ ही ''मुख्यमंत्री कृषक साथी सहायता योजना'' के तहत कृषि कार्य करते हुए दुर्घटना पर मृत्यु होने पर 10 आश्रितों को 20 लाख रुपये की सहायता राशि जारी की गयी।

कार्यक्रम में प्रशासक एवं उपखण्ड अधिकारी मावली, रमेश सीरवी पुनाडिया, कृष्णगोपाल पालीवाल, विधायक प्रत्याशी एवं विधानसभा प्रभारी मावली, गणपतलाल सोनी जिला उपाध्यक्ष, कैलाश गाडरी मण्डल अध्यक्ष, नितिन सेठिया उपाध्यक्ष नगरपालिका फतहनगर सनवाड, संतोष कुमार मोदी, उप निदेशक कृषि विपणन विभाग, कुन्दन देवल, सचिव कृषि उपज मण्डी समिति, फतहनगर, विनोद धमार्वत पार्षद नगर पालिका फतहनगर सनवाड, बाबूलाल मंगल उपाध्यक्ष व्यापार संघ, मण्डी व्यापारी विकास मारु, अरविन्द हिंगड, उत्तमचन्द सांखला, रमेश चपलोत व अन्य व्यापारी, लक्ष्मीलाल शर्मा पर्यवेक्षक, कृषि मण्डी तथा बडी संख्या में काश्तकार, हम्माल एवं मजदूर उपस्थित रहें। विक्रय पर्ची पर जारी कूपन पर प्रथम पुरुस्कार 25000/-रुपये मुकेश निवासी-डाबर, द्वितीय पुरुस्कार 15000/-रुपये रामेश्वर निवासी दामोदरपुरा एवं तृतीय पुरुस्कार 10000/-रुपये प्रक्षा हिंगड निवासी फत्तहनगर के नाम की लॉटरी निकली। इसी प्रकार ई-भुगतान प्राप्त करने पर प्रथम पुरुस्कार 25000/-रुपये सीतादेवी निवासी मेजा के नाम की लॉटरी निकली। यह जानकारी कृषि उपज मण्डी सचिव, कुन्दन देवल ने दी।

कृषक साथी सहायता के तहत मृतक आश्रिता को चेक प्रदान करते अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि। फोटोः विकास चावड़ा

आसना स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव, प्रतिभावान बच्चों को किया सम्मानित

फतहनगर (पुकार) । मावली ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आसना में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लस के साथ मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ . महावीर प्रसाद जैन ने की जबकि मुख्य अतिथि सहकारी समिति के अध्यक्ष मांगीलाल डांगी थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हीरालाल आमेटा,चुन्नीलाल मीणा आदि का सानिध्य मिला। इस अवसर पर विद्यालय के कक्षा एक से बारह तक के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया। सैंकेड़ों की संख्या में दर्शक/ अभिभावक कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस अवसर दसवीं बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली छात्रा पूर्वा सुथार, जीनल सुथार,रवीना डॉगी को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर तथा कक्षा बारह में बोर्ड परीक्षा में स्थान प्राप्त करने हेतु ज्योति डॉगी, किरण पूर्विया,टीना डॉगी को मोमेन्टो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय व ब्लॉक स्तरीय खेलकूद में भाग लेने वाले व स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को तथा बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले डॉ. महावीर प्रसाद जैन,नरपत कुमार, धूलीराम डॉगी, पुष्पा आमेटा,पूनम मेघवाल,बसन्ती नरुका, हीरालाल जाट, संध्या सोंलकी इन आठ शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. महावीर प्रसाद जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन में विद्यालय की प्रगति के बारे बताया व आवश्यकता की ओर भामाशाहों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का संचालन हीरालाल जाट ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति की तैयारी श्रीमती भाग्यलक्ष्मी रेगर, पद्मा शर्मा, पुष्पा सोंलकी, धर्मेन्द्र कुमार,नवीन कुमार ने करवाई। कार्यक्रम के अंत में सभी को मिठाई वितरित की गई।

आसना स्कूल में वार्षिकोत्सव के दौरान बालिकाओं को पारितोषिक प्रदान करते अतिथि। फोटोः विकास चावडा

सुखवाड़ा के स्काउट विरम ने थर्मोकोल और कार्ड सीट से तैयार किया श्री राम के मंदिर का प्रतिरूप

फतहनगर (पुकार) । मावली उपखंड क्षेत्र के साकरिया खेड़ी ग्राम पंचायत के ग्राम सुखवाड़ा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सुखवाड़ा में कक्षा 7 में अध्यनरत छात्र स्काउट विरम गायरी ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ 22 जनवरी 2025 को श्री राम के भव्य मंदिर का मॉडल बनाने का निश्चय कर थर्माकोल सीट और कार्ड शीट की सहायता से श्री राम मंदिर का प्रतिरूप तैयार कर दिया। विरम की कला को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से विरम द्वारा बनाए गए श्री राम मंदिर के मॉडल का विद्यालय प्रबंधन समिति एवं ग्राम वासियों द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूरे गांव के सामने विमोचन किया गया। मंदिर प्रदर्शन से विद्यालय में हर्ष की लहर फैल गई तथा श्री राम जय जय राम के नारों से पूरा पांडाल गूंज उठा और श्री राम के भजनों पर छात्र-छात्राओं,स्टाफतथा ग्राम वासियों द्वारा नृत्य कर खुशी जाहिर की गई। इस दौरान सुखवाड़ा के देवीसिंह सुवावत,विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष नारायण सिंह सुवावत, विक्रम फिटनेस यू ट्यूबर विक्रम सिंह सुवावत, उम्मेद सिंह राठौड़, विद्यालय स्टाफ के संस्था प्रधान राजवीर सिंह,महेंद्र कुमार, संतोष बुनकर, कैलाश कुमावत, कविता कुमारी,नीतू कुमारी, पंखी लाल मीणा, रामू राम, रजत प्रकाश सिंह, पन्ना लाल रैगर तथा गांव के अन्य लोगों द्वारा विरम की कला को प्रोत्साहन देने के लिए यथासंभव आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया।

शांति सेवा संस्थान वृद्धाश्रम में 23 से शुरू होगी श्रीमद्भागवत कथा, पोस्टर का हुआ विमोचन

भीलवाड़ा (पुकार) । शहर के भक्तजनों के लिए आगामी अप्रेल माह में भक्ति की रसधार बहने वाली हैं। ये संगीतमय भक्ति की रसधार शहर के गांधी नगर स्थित निम्बार्क आश्रम के महंत मोहन शरण शास्त्री के मुखारविंद से सात दिनों तक बहेगी। श्री निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने जानकारी देकर बताया कि श्री निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट एवं ऊ शांति सेवा संस्थान वृद्धाश्रम आश्रय के संयुक्त तत्वाधान श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 23 अप्रेल से 29 अप्रेल तक किया जाएगा। यह कथा परम पूज्य महंत मोहन शरण शास्त्री निंबार्क आश्रम गांधी नगर भीलवाड़ा के मुखारविंद से की जाएगी। सोमानी ने बताया कि उक्त कथा का आयोजन प्रतिदिन दिन में 2 बजे से 5 बजे तक ऊ शांति सेवा संस्थान वृद्धाश्रम श्रीलोक रिसॉर्ट के पास मंगरोप रोड़ भीलवाड़ा में आयोजित होगा। सोमानी ने बताया कि उक्त कथा को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं कुछ इसी को लेकर सोमवार को जिंदल शॉ लिमिटेड के हेड एस बी सिन्हा के सानिध्य में वृद्धाश्रम के बुजुर्गों द्वारा पोस्टर का विमोचन किया गया। वही इस अवसर पर श्री निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट के प्रदेश अध्यक्ष राजस्थान विपिन दीक्षित ने सभी भक्तों को अधिक से अधिक संख्यां में पधारने और भागवत ज्ञान गंगा का श्रवण करने का निवेदन किया। जबकी इस अवसर पर श्री निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलेश पालीवाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री गोपाल नारायण नागर, रवि शर्मा, युवा जिलाध्यक्ष भीलवाड़ा राजवीर सिंह राधे, युवा ब्रह्मशक्ति मेवाड़ महिला प्रदेश अध्यक्ष नीलम शर्मा, गोपाल गर्ग, गोपाल सुखवाल, पुरूषोतम गर्ग, कुलदीप तिवारी एवं ऊ शांति सेवा संस्थान वृद्धाश्रम आश्रम के समस्त ट्रस्टीगण भी उपस्थित थे।

नगर निगम ने किराना स्टोर से जब्त की 17 किलो प्लास्टिक कैरी बैग, 5600 का लगाया जुर्माना

भीलवाड़ा (पुकार) । नगर निगम द्वारा शहर में बिलिया से लगभग 17 किलो प्लास्टिक कैरी बैग को जप्त किया है। निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि निगम को सूचना मिली कि बिलिया में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग दूकान में रखे हुए हैं जिस पर कार्यवाही करते हुए बिलिया स्थित बजरंग किराना स्टोर एवं जगदीश किराना स्टोर से लगभग 17 किलो प्लास्टिक केरी बैग जप्त किए गए। उक्त दुकानदारों पर 5600 का जुर्माना भी लगाया गया है। निगम आयुक्त ने बताया कि प्लास्टिक कैरी बैग पर्यावरण को बहुत अधिक नुकसान पहुंचाते हैं एवं इनकी वजह से शहर के नालों में अवरोध उत्पन्न होता है तथा गंदगी फैलती है एवं जानवरों द्वारा भी प्लास्टिक कैरी बैग खाने पर उनकी मृत्यु तक हो जाती है नगर निगम द्वारा प्लास्टिक कैरी बैग पर नियमित रूप से कार्यवाही की जा रही है। इसी के साथ शहर में ठेले वालों से 10 किलो प्लास्टिक कैरी बैग जप्त किए गए एवं 3500 जुर्माना भी वसूल किया गया।

वार्षिकोत्सव में प्रतिभाओ का सम्मान

आकोला (पुकार) । क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मुरला में वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन विधायक अर्जुनलाल जीनगर के मुख्य आतिथ्य में मनाया गया। विधायक जीनगर ने छात्रों को विद्यालय में शारीरिक उपस्थिति के साथ-साथ मानसिक रूप से उपस्थित रहने तथा चरित्रवान नागरिक बनकर राष्ट्र निर्माण में योगदान हेतु प्रेरित किया तथा विद्यालय में प्रार्थना हाल में टीन शेड लगाने की घोषणा की और विद्यालय की प्रतिभाओं को सम्मानित किया। संस्था प्रधान अशोक कुमार रेगर ने बताया कि इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व जीएसएस अध्यक्ष लोभचंद जाट ,भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शोभा देवी जाट ,ग्राम पंचायत प्रशासक भेरूलाल जटिया , सत्येंद्र गौड ,उदयलाल छिपा , भेरूलाल कुमावत,माधव लाल कुमावत, हीरालाल लोहार, मोतीलाल जाट , माधव लाल जाट , नंदलाल के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे साथ ही शिक्षा विभाग से प्रधानाचार्य वासुदेव चरण, रामलाल बंजारा, किशन लाल गाडरी, मुकेश सुखवाल ,बबली अग्रवाल ,बेला अग्रवाल ,दुर्गा रेगर , पीईईओ मुरला के समस्त शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन व्याख्याता कालूराम तेली एवं आभार उप प्रधानाचार्य कालूराम गाडरी ने व्यक्त किया।

जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में बिजली व्यवस्था पर दौड़ा करंट

विधायक गुस्से में भूले मर्यादा, कर्मचारियों को कह डाला चोर, डाकू, जनप्रतिनिधियों ने कहा राज बदला व्यवस्थाएं नहीं

जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई समस्याओं का अधिकारी करे त्वरित निस्तारण- जिला कलेक्टर नमित मेहता

भीलवाड़ा (पुकार)। जिला प्रमुख श्रीमति बरजी बाई भील की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला परिषद साधारण सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में भीलवाड़ा शहर विधायक अशोक कोठारी, मांडल विधायक उदयलाल भडाणा, आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया, मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल खंडेलवाल, जिला कलेक्टर नमित मेहता, अतिरिक्त कलेक्टर ओमप्रकाश मेहरा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी, उप जिला प्रमुख शंकर लाल गुर्जर सहित पंचायत समिति प्रधान, जिला परिषद सदस्यगण, वरिष्ठ अधिकारी व साधारण सभा के सदस्यगण मौजूद रहे। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत, पेयजल सड़क सहित अन्य विकास कार्यों व अन्य समस्याओ की जानकारी रखी गई। जिला कलेक्टर नमित मेहता ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई समस्याओं को त्वरित रूप से निस्तारण किया जाए जिससे की ग्रामीण क्षेत्रों के आमजन को राहत मिल सके। जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में बिजली व्यवस्था पर चर्चा के दौरान जनप्रतिनिधियों में जबर्दस्त करंट दौड़ पड़ा। एक विधायक तो इतने गुस्सा हुए कि मर्यादा भूल गए। बिजली कर्मचारियों को चोर, डाकू तक कह डाला। सदस्यों ने राज बदलने के बावजूद व्यवस्थाएं नहीं बदलने का आरोप लगाया। अन्य विधायक ने बिजली अफसरों को घेरा। जिला प्रमुख बरजी देवी भील की अध्यक्षता में लगभग 12.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागर में बैठक शुरू हुई। लगभग डेढ़ घंटे से भी अधिक समय तक बिजली पर ही चर्चा में गुजर गया। शुरुआत में ही मांडल विधायक उदयलाल भडाणा बिजली एसई वीके संचेती पर भडक़ गए। उन्होंने कहाबिजली निगम के कुछ कर्मचारी अपने परिवार के सदस्य या रिश्तेदारों के नाम पर निगम में ठेकेदारी कर रहे हैं। ऐसेकर्मचारियों की लिस्ट बनाओ। उन पर कार्रवाई करो। जिन कर्मचारियों को ठेकेदार करनी है, वे पहले नौकरी से इस्तीफा दें, फिर ठेकेदारी करें। आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला, मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खंडेलवाल, सहाड़ा विधायक लादूलाल पीतलिया ने भी इसका समर्थन किया। विधायक सांखला ने बिजली निगम के कहा-एसई साहब, 26 जनवरी को राष्ट्रीय पर्व था। आपके हुरड़ा एईएन कहां थे? पता करो। उनके ऑफिस पर राष्ट्रीय ध्वज भी जेईएन ने फहराया। हुरड़ा पंचायत समिति की कल आहूत साधारण सभा में भी एईएन नहीं आए। जिन बिजली कर्मचारियों के ट्रांसफर हो गए, उन्हें रिलीव क्यों नहीं कर रहे? उन्हें तुरंत रिलीव करो। एईएन आप से भी पावरफुल हैं क्या? मांडल विधायक भडाणा ने भी इससे सहमति जताई। बिजली निगम एसई संचेती ने जल्द रिलीव करने का आश्वासन दिया, पर विधायक नहीं माने। सदस्य तुरंत रिलीव करने पर अड़ गए। विधायक सांखला भी तैश में आ गए। उन्होंने-बिजली कर्मचारियों को चोक, डाकू तक कह डाला। भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने बैठक में भीलवाड़ा शहर में घरों के ऊपर से गुजर रही बिजली लाइन से हादसों का मुद्दा उठाया। उन्होंने एसई से सर्वे करवा समाधान की बात कही। पटेल नगर में करंट से हादसे का उल्लेख किया। साधारण सभा में अवैध खनन के विषय पर जिला कलेक्टर ने बताया कि जिले में अवैध खनन के विरुद्ध गत 1 वर्ष में पांच गुना ज्यादा कार्रवाई हुई है एवं आगे भी अवैध खनन व परिवहन के विरुद्ध अभियान चला कर कार्रवाई की जाएगी। साधारण सभा में विधायकगणों व जनप्रतिनिधियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्य कराए जाने की मांग रखी। जिला प्रमुख व जिला कलेक्टर द्वारा विभिन्न विकास कार्यों करवाने की सहमति जाहिर की। साधारण सभा में शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, सिंचाई, मनरेगा, पशुपालन सहित ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विभागों की कार्य योजना व प्रगति पर चर्चा हुई।

25 -30 दिन तक नहीं बदलते ट्रांसनफॉर्मर

जिला परिषद सदस्य नंदलाल गुर्जर ने गांवों में ट्रांसफॉर्मर से आयल व कोयल चोरी होने का मुद्दा उठाया। वे बोले 25-30 दिन तक ट्रांसफॉर्मर नहीं बदलते। ग्रामीण परेशान होते। पुलिस को भी चोर गिरोह पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। एसई संचेती ने एफआईआर की रिपोर्ट आते ही ट्रांसफॉर्मर बदलने का भरोसा दिलाया।

मीटिंग में नहीं आने वाले अफसरों पर कार्रवाई करो

विधायक खंडेलवाल ने कहा कि जब भी अफसर जिला परिषद या पंचायत समिति की मीटिंग में नहीं आए तो उन पर कार्रवाई हो। कलेक्टर ने पंचायत समिति की मीटिंग में गैर हाजिर रहने वाले अफसरों के खिलाफकार्रवाई के लिए प्रस्ताव भेजने को कहा।

भगवान ऋषभदेव मोक्ष कल्याणक महोत्सव : श्री जी को रथ में विराजित शोभायात्रा निकाली,निर्वाण लड्डू चढ़ाया

ऋषभदेव,(पुकार) । स्थानीय जैन समाज ने भगवान ऋषभदेव का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया । मोक्ष कल्याणक दिवसपर प्रातः श्री जी का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक , वृहद शांतिधारा , पंचामृत अभिषेक और पूजन किया गया । तत् पश्चात साय 4 बजे दिगम्बर तीर्थ रक्षा कामटी की और श्री जी को रथ में विराजित कर शोभायात्रा निकाली गई । शोभायात्रा निज ऋषभदेव मंदिर से आरम्भ होकर ऋषभ चौक, जौहरी बाजार, सदर बाजार,नेहरू बाजार , पाटूना चौक एवं हॉस्पिटल रोड से होते हुए पगलायाजी पहुंची जहां भगवान ऋषभदेव की विशेष पूजा अर्चना की गई एवं भगवान ऋषभदेव को निर्वाण लड्डू चढ़ाया गया । तत् पश्चात शोभायात्रा पगलायाजी से पुनः निज मंदिर पहुंच कर सम्पन्न हुई ।

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/249 - 251 Date : 27/01/2025

ई-निविदा संशोधन सूचना

उदयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जारी ई–निविदा सूचना संख्याः 60/2024–25 के निविदा कार्य संख्या– 01 (फतहसागर झील (मुम्बईयां बाजार के सामने) उदयपुर में सैलानियों को नावों (सौर ऊर्जा/बैटरी से संचालित) से नौकायन कराने का कार्य।) की तिथियों में निम्नानुसार संशोधन किया गया है, ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड एवं EMD, Tender Fee & Processing Fee Online दिनांकः 06–02–2025 को सांयः 6.00 बजे तक जमा की जा सकेगें एवं दिनांकः 07–02–2025 को प्रातः 11.00 बजे तकनिकी बिड् खोली जावेगी। अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

अधिशाषी अभियन्ता-चतुर्थ
उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/24/10908

तिलक शाखा के वार्षिक चुनाव सम्पन्न

❍ मुकेश श्रीमाल अध्यक्ष, चिराग व्यास सचिव व शिवराम मोची कोषाध्यक्ष दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित

डूंगरपुर (पुकार)। तिलक शाखा की मासिक बैठक शाखा संरक्षक केतन शाह के सानिध्य में फूड़ प्लाजा परिसर पर मुकेश श्रीमाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष मुख्य अतिथि एवं चुनाव पर्यवेक्षक गिरीश पानेरी, मुख्य सरंक्षक हीरालाल पटेल, मार्गदर्शक रमेश वरयानी,डायालाल मोची एवं पद्म जैन सचिव चिराग व्यास ने वर्ष पर्यंत किये गए 43 आयोजन का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर तिलक शाखा द्वारा किये गए कार्यो पर प्रकाश डाला।

बैठक में सचिव ने वार्षिक चुनाव हेतु चुनाव पर्यवेक्षक गिरीश पानेरी को चुनाव करवाने की कार्य पद्दति के लिए आमंत्रित किया। प्रांतीय अध्यक्ष चुनाव पर्यवेक्षक गिरीश पानेरी ने अपने उद्बोधन में भारत विकास परिषद की चुनावी कार्य पद्दति को बताते हुए कहा कि भाविप में अध्यक्ष का कार्यकाल एक वर्ष रहता है इसलिए एक वर्ष पूर्ण होने पर आज शाखा के चुनाव करवाये जा रहे है।चुनाव प्रकिया में शाखा के मुख्य संरक्षक हीरालाल पटेल ने अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल द्वारा वर्ष 2024 में शाखा के लिए पूरे समर्पण भाव से कार्य किया। अध्यक्ष पद हेतु एक नाम होने के कारण मुकेश श्रीमाल को तिलक शाखा का 2025-26 का निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया गया इसी प्रकार सचिव पद हेतु चिराग व्यास का प्रस्ताव नीलेश पँचाल ने किया और समर्थन सह कोषाध्यक्ष कमलेश शाह ने किया और कोषाध्यक्ष पद हेतु पंकज नवकार ने शिवराम मोची के नाम का प्रस्ताव किया और समर्थन डायालाल मोची ने किया। इस प्रकार सत्र 2025-26 मुकेश श्रीमाल को अध्यक्ष,चिराग व्यास को सचिव एवं शिवराम मोची को कोषाध्यक्ष दूसरी बार निर्विरोध घोषित किया। बैठक का संचालन सचिव चिराग व्यास एवं आभार शाखा के मुख्य संरक्षक हीरालाल पटेल ने ज्ञापित किया।

डूंगरपुर। तिलक शाखा की नवीन कार्यकारिणी में उपस्थित पदाधिकारी। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

महावीर दिगंबर जिन चैत्यालय मंदिर में मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया

डूंगरपुर (पुकार)। महावीर नगर महावीर दिगंबर जिन चैत्यालय मंदिर में मोक्ष कल्याणक दिवस मनाया गया। परम पूज्य राष्ट्र संत श्री 108 पुलक सागर जी गुरुदेव के। सत्संघ पंडित निलेश डेंडू के सानिध्य में मनाया। महामंत्री बसंत लाल जैन ने बताया कि प्रातः 8 बजे पंचामृत अभिषेक एवं शांति धारा की गई जिसके पूर्णजक निर्मल कुमार वकील द्वारा की गई

श्री 1008 आदिनाथ भगवान की पूजा कर निर्माण लड्डू चढ़ाया गया जिसमें सो धर्म इंद्र का लाभ निर्मल कुमार वकील ने लिया तत्पश्चात भक्तामर विधान किया गया जिसमें 48 काव्यो का मंडप बनाकर श्रीफल चढ़ाया निर्वाण लाडू चढ़ाने का लाभ मनोज कुमार लक्ष्मीलाल उदयपुर वालों ने लिया। मंदिर में कई धर्म प्रेमियों ने इसका लाभ लिया। गज्जू भाई सत्कार,नवीन कुमार रामगढ़, वीर प्रकाश, गजेंद्र कुमार, नंदलाल, केसरीमल, रुक्मणी, वनिता, इंदिरा, पुष्पा, सरोज, दिव्या, मनोज उदयपुर कई धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

महावीर दिगंबर जिन चैत्यालय मंदिर में मोक्ष कल्याणक दिवस पर उपस्थित श्रद्धालु। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा के तहत मॉर्डन स्कूल में कार्यक्रम सम्पन्न

डूंगरपुर। अभियान के तहत मॉर्डन स्कूल में कानून संबंधी जानकारी से विद्यालय बच्चों को रूबरू कराते विभागीय कार्मिक। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

डूंगरपुर(पुकार)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत राजस्थान परिवहन विभाग, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन द्वारा मंगलवार को जिले के मॉर्डन स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम अयोजित हुआ।

कार्यक्रम में समस्त बालको को सड़क संकेतों की जानकारी एवं नियमों के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। शिविर में मौजूद मजिस्ट्रेट कुलदीप सुत्रधार ने बताया कि विद्यार्थी देश का भविष्य है तथा उन्हे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक होते हुए अन्य लोगो को भी जागरूक करना होगा। जिला परिवहन अधिकारी किशन तेजी ने बच्चों से दुर्घटना के कारण पुछे तथा उन कारणो से बचने की जानकारी दी। शहर कोतवाल शेलेन्द्रसिंह ने बच्चों को सड़क पर चलते हुए कानून की पालना करने व लाईसेंस बनवाने की सलाह दी। मॉर्डन स्कूल के निदेशक संतोष वर्गिस एवं प्रिंसीपल प्रतिभा जेम्स ने बताया की इस प्रकार के कार्यक्रम सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए बेहद प्रभावी साबित होंगे। इस मौके पर जिला ट्रेफिक पुलिस से प्रभारी भुपेन्द्रसिंह एवं गजराजसिंह व परिवहन कार्यालय से प्रवीण कुमार कलाल,हिमांशु राजसिहं चौहान सहायक प्रोग्रामर,मयंक गमेती सूचना सहायक,भरत कुमार मीणा, कर्मचन्द बामनिया वरिष्ठ सहायक आदि मौजुद रहे।

प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यार्थियों का सम्मान

आसपुर(पुकार)। श्री करुणाशंकर पण्ड्या राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पूंजपुर में 76 वे गणतंत्र दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया। इस समारोह के मुख्य अतिथि हरीश के.पण्ड्या, अध्यक्षता गौमती शंकर पण्ड्या एवं विशिष्ठ आतिथय सरपंच हेमलता रावत,जयश्री पण्ड्या, ललित रावल, रमेश सुथार, रंजना रावल, लता भट्ट, रतन पाटीदार, दलपतसिंह तथा मगनलाल भाटिया उपस्थित थे, प्रारंभ में प्रधानाचार्य हेमंत उपाध्याय ने ध्वज फहराकर परेड़ की सलामी तथा गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस दौरान श्री करुणाशंकर पण्ड्या सेवा संस्थान की ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यालय के 10 वीं तथा 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले लगभग 36 मेघावी छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। भामाशाह हरीश के पंडया ने रुपया 51000/-का चेक विद्यालय के संस्था प्रधान हेमंत उपाध्याय को प्रदान किया गया। यह राशि विद्यालय के नाम से बैंक में फिक्स डिपॉजिट में रखी जाकर प्रतिवर्ष अर्जित ब्याज के फंड्स से हर वर्ष गणतंत्र दिवस पर 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले सभी विद्यार्थियों को विद्यालय प्रशासन द्वारा सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई। पण्ड्या ने अपने उद्बोधन में सम्मानित छात्र व छात्राओं को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई एवं प्रतिभा सम्मान समारोह से विद्यार्थियों में उमंग तथा उत्साह का संचार होता है, ऐसे आयोजन से नई प्रतिभाएं निखरकर सामने आती है। संस्था प्रधान हेमंत उपाध्याय ने भामाशाह हरीश के पण्ड्या व जयश्री पण्ड्या को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को समाजसेवी रमेश सुथार,रतन पाटीदार,दलपतसिंह ने संबोधित किया। समारोह में विद्यालय की छात्र-छात्राओं परेड़ तथा नृत्य का आयोजन किया। इस अवसर पर तखत सिंह राठौड़, मोहन पंडया, प्रतापसिंह, ललित रावल एवं विभिन्न विद्यालयों के संस्था प्रधान, शिक्षकगण तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

आसपुर। प्रतिभा सम्मान समारोह में विद्यालय विकास के लिए चैक भेंट करते भामाशाह। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

मनरेगा में भ्रष्टाचार को लेकर प्रतिनिधी मंडल ने की डीएम सें भेंट

डूंगरपुर (पुकार)। बिछीवाडा पंचायत समिति के तहत ग्राम पंचायत नवलश्याम के ओडा छोटा गांव में मनरेगा में फर्जीवाडा करके पैसा उठाने के आरोप ग्रामीणों ने लगाकर मंगलवार दोपहर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई कराने और जांच कमेटी बनाने की मांग रखी है। ग्राम पंचायत नवलश्याम के अर्तगत ओडा छोटा के ग्रामीणों का एक प्रतिनिधी मंडल मंगलवार को जिला कलेक्टर से मिला।

प्रतिनिधी मंडल में पंचायत समिति सदस्य कैलाश ने बताया कि गांव में मनरेगा कार्य में बडे स्तर पर फर्जीवाडा चल रहा है। गांव में करीब 500 से अधिक लोगों के जॉब कार्ड बने हुए है। इसमें मेटों के परिजन और उनके परिवारजन के नाम चढाकर फर्जीवाडा किया जा रहा है। मेट के द्वारा कई लोग जिन्हें मनरेगा में कार्य की आवश्यकता भी नही है। उनके नाम चढाकर लाखों रुपए का भुगतान उठा लिया गया है। वही गांव के गरीब और वंचित लोगों को 20 से 25 दिनों का रोजगार बढी मुश्किल से दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने मनरेगा कार्य की जांच कराने की मांग रखी।

भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव 10 अप्रेल को

महोत्सव को लेकर बैठक संम्पन

डूंगरपुर (पुकार)। श्री जैन नवयुवक मंडल की कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष राजेश डेंडू की अध्यक्षता में हुई। इसमें भगवान महावीर के 2624 वां जन्म कल्याणक चैत्र शुक्ला त्रियोदशी 10 अप्रैल गुरुवार को धूमधाम से मनाया जायेगा।

श्री जैन नवयुवक मंडल के मीड़िया संयोजक ने बताया की इस बार 11 दिवसीय महोत्सव मनाएगा। महोत्सव मे 30 मार्च रविवार को रक्तदान, 6 अप्रैल अहिंसा वाहन रैली, 7 अप्रैल संभव नाथ जिनालय प्रक्षालनए भक्ताम्बर पाठ, 8 अप्रैल महावीर जिनालय वृहद पंचामृत अभिषेक भक्ताम्बर पाठ, 9 अप्रैल जनरल हॉस्पीटल में फल वितरण, गो-शाला मे गुड़, चारादान, शाम भक्ति संध्या होगी। इसीक्रम में आगामी 10 अप्रैल को प्रभात फेरी प्रातः 5.30 बजे प्रारंभ गेप सागर की पाल से, समापन ध्वजवंदन, शोभायात्रा श्री महावीर स्वामी जैन वीशा पोरवाड़ मंदिर घाँटी से एवं मामा भांजा मंदिर घाँटी से स्वामिवात्सल्य व संस्कृतिक कार्यक्रम भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव पर होने वाले सभी समारोह में सकल जैन समाज के पुरुष,महिलाए युवक-युवतियां, कन्या मंडल, बालक, बालिका अपनी निर्धारित गणवेश में मौजूद रहेंगे। जन्म कल्याणक कार्यक्रम को सुनियोजित करने के लिए विभिन्न समितियां गठित की जाएगी।

बैठक में जैन नवयुवक मंडल महामंत्री सुशील जैन, विवेक दोशी, सूर्य प्रकाश जैन, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन, वीर प्रकाश जैन, नगीनलाल जैन, नवीन प्रकाश जैन, रमेश चंद्र जैन, पवन सेठ, अशोक शाह, शैलेश जैन, जितेन्द्र जैन, विजय सेठ, प्रकाश कोटडिया, चेतन सेठ, गजेंद्र जैन, नीरज जैन, अनिल गजराज, पंकज नवकार,पदमेश गाँधी, नीरव जैन, सुनील गाँधी,अभिषेक दोशी, विकास सेठ, जयंती चितोड़ा, मनोज छापिया,प्रदीप कुमार जैन, धर्मेंद्र वोरा, रविंद्र जैन, पवन सेठ, स्वरुप जैन, नितिन गाँधी, अविचल जैन, विवेक गाँधी, महिपाल वस्सी, संजय पटवा, पारस मलासिया, विराम वखारिया, नरेश छापिया, पारस वोरा आदि मौजूद थे।

डूंगरपुर। बैठक में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव को लेकर विचार विमर्श करते। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

एमएम बी ग्रुप डूंगरपुर की ओर से स्वेटर वितरण

जरूरत मंदों को स्वेटर वितरण करते एमएमबी ग्रुप सदस्य। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

डूंगरपुर (पुकार)। एमएमबी ग्रुप डूंगरपुर की ओर से कौमी एकता के प्रतिक हज़रत किबला मस्तान शाह बाबा की याद में मंगलवार को स्वेटर वितरण समारोह पूर्व राज्य मंत्री असरार अहमद खान के निवास पर आयोजित किया। सीरत कमेटी सदर अंसार अहमद खान, आसीफ मुल्तानी, आसीफ जावेद, हकीम खां,अली व ग्रुप सदर नूर मोहम्मद मकरानी के सानिध्य में वितरित किए। मकरानी ने बताया कि अभी भी प्रदेश में सर्दी का प्रकोप जारी है इसी को ध्यान में रखकर जरूरतमंदों को स्वेटर वितरित कर राहत पहुंचाने का प्रयास किया। इस अवसर भामाशाह धर्मेंद्र कलाल, अली असगर, जोयब पटेल का आभार व्यक्त किया।

युवक की हत्या की गुत्थी सुलझी, 4 आरोपी गिरफ्तार

■ अवैध प्रेम के शक में लात-घूसों और लट्ठ मारकर कर वारदात को दिया था अंजाम

डूंगरपुर (पुकार)। जिलें की चितरी थाना पुलिस ने युवक की हत्या की वारदात का खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चितरी थाना पुलिस ने 21 दिन पहले एक युवक की हत्या की वारदात का खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी ने युवक का पत्नी से अवैध संबंधों के शक में लात-घूसों और लट्ठ के साथ ही गला घोंटकर हत्या कर दी थी। वारदात के बाद शव को 3 किलोमीटर दूर दिवडा बड़ा से किशनपुरा जाने वाले मुख्य सडक पर फेंक दिया था। चितरी थानाधिकारी परमेश्वर पाटीदार ने बताया कि 8 जनवरी को दिवड़ा बड़ा से किशनपुरा मैन रोड पर एक युवक का शव लहूलुहान हालत में मिला था। युवक के शरीर पर कई गहरे घाव और चोट के निशान थे। बाद में पुलिस ने उसकी पहचान फक्कीरा ताबियाड 45 पुत्र मावजी ताबियाड निवासी किशनपुरा दिवडा बड़ा के रूप में की। घटना के बाद से पुलिस हत्या की गुत्थी को सुलझाने में जुट गई। पुलिस ने मुखबिर तंत्र के साथ ही कॉल डिटेल खंगाली। इस दौरान पुलिस ने संदिग्ध आरोपी दिनेश डोडियार 40 पुत्र रूपा डोडियार निवासी दिवडा बड़ा फला भीलवा डूंगरी को डिटेन कर लिया। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो बताया कि उसने अपने साथी संजय 21 पुत्र मक्सी बामणिया निवासी भिलुडा फला बामनियावाडा, राजू उर्फ राजेश 24 पुत्र कचरालाल बामणिया और मुकेश 28 पुत्र वक्सी कुवोत मीणा निवासी भिलुडा के साथ मिलकर हत्या की थी।

आरोपी दिनेश ने बताया कि मृतक फक्कीरा ताबियाड के उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंधों के शक में उसके साथियों के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई। मृतक फक्कीरा को परतापुर में भजन मंडली में जाना बताकर उसे अपने साथ टवेरा गाड़ी में बैठाकर ले गए। इसके बाद राजपुर से लिमडी जाने वाले डामर रोड के पास ही जेठाना के कच्चे रास्ते पर उसके साथ लात-घूसों और लट्ठ से मारा। गले में फंदा डालकर गला घोंटकर मार डाला। इसके बाद हत्या को एक्सीडेंट बताने के लिए आरोपियों ने शव को टवेरा में डाला और दिवडा बड़ा से किशनपुरा रोड पर फेंककर भाग गए।

डूंगरपुर। चितरी पुलिस की गिरफ़्त में हत्या के चारो आरोपी। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

पंचाल समाज चौखला डूंगरपुर के चुनाव सम्पन्न

डूंगरपुर(पुकार)। त्रिपुरा सुन्दरी ट्रस्ट मण्ड़ल एवं चौदह चौखला केन्द्रीय कार्यकारिणी के निर्देशानुसार पंचाल समाज चौखरा डूंगरपुर की बैठक का आयोजन पंचाल समाज छात्रावास डूंगरपुर में किया गया, जिसमें श्रीत्रिपुरा सुन्दरी ट्रस्ट मण्डल बांसवाड़ा के द्वारा दो केन्द्रीय पर्यवेक्षक संजय पंचाल छोटा डूंगरा एवं देवीलाल पंचाल छोटा डूंगरा एवं चुनाव अधिकारी अमृतलाल पंचाल एड़वोकेट के निर्देशन में पंचाल समाज चौखरा डूंगरपुर के चुनाव सम्पन्न हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र पंचाल ने की, जब कि मुख्य अतिथि पूर्व चौदह चौखरा अध्यक्ष करीलाल पंचाल माथुगामड़ा विशिष्ट अतिथि जगदीश पंचाल देवल, मंगलजी खेडा, अमृतलाल डूंगरपुर एवं कारीलाल गडामोरैया मंचासीन रहे। सर्वप्रथम वर्तमान अध्यक्ष सुरेन्द्र पंचाल ने कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा की।

शराब से भरी कार पकड़ी, दो शराब तस्कर गिरफ्तार

●2 लाख की शराब जब्त

सीमलवाड़ा(पुकार)। डूंगरपुर जिले की धम्बोला थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफकार्रवाई करते हुए धम्बोला पावर हाउस के पास शराब से भरी एक कार को जब्त किया है । पुलिस ने कार से 2 लाख की अवैध शराब बरामद करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है । पुलिस तस्करों से पूछताछ कर रही है । धम्बोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि डूंगरपुर जिले के एसपी मोनिका सैन के आदेशानुसारए एएसपी अशोक मीणा के निर्देशानुसार एवं सीमलवाड़ा डिप्टी राजकुमार राजोरा के सुपरविजन में मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है । इसी अभियान के तहत मुखबिर के जरिये शराब तस्करी की सुचना मिली थी । सुचना पर पुलिस की ओर से धम्बोला पावर हाउस के पास नाकेबंदी शुरू की गई । इस दौरान एक उदयपुर नम्बर की कार को रुकवाकर तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान कार में अवैध शराब भरी हुई थी । जिस पर पुलिस ने कार और कार सवार साकरोदा थाना प्रतापनगर जिला उदयपुर निवासी विजय सिंह पुत्र रोड सिंह देवड़ा और अदलाया थाना प्रतापनगर जिला उदयपुर निवासी नाहरसिंह पुत्र माधुसिंह देवड़ा को डिटेन कर थाने लेकर आये। जहा कार में रखी शराब की गिनती की गई तो कार से 26 कार्टन शराब के मिले। पुलिस ने कार व शराब को जब्त करते हुए आबकारी अधिनियम में दोनों तस्करों को गिरफ्तार किया। जब्त शराब की कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस आरोपियो से पूछताछ कर रही है । कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान, करण भट्ट, भानुप्रताप सिंह, डाया लाल और लोकेंद्र सिंह शामिल है।

धंबोला पुलिस की ओर से जब्त कार, शराब और गिरफ्त में तस्कर। गुणवंत कलाल

संक्षिप्त समाचार

वार्षिकोत्सव पारितोषिक वितरण समारोह संपन्न

डूंगरपुर(पुकार)। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रागेलाफला पीईईओ बलवाडा में वार्षिकोत्सव एवं पारितोषित समारोह संपन्न हुआ। वाषिकोत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती भारती पंचाल प्रधानाचार्य ने की। समारोह के मुख्य अतिथि रामबाबू साहू सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेल्वे विभाग डूंगरपुर तथा विशिष्ठ अतिथि कैलाशचंद्र गोरा कार्यालय अधीक्षक रेलवे व शांतिलाल कटारा संचालक पायल कंप्यूटर सेंटर रेलवे फाटक एएसएमसी उपाध्यक्ष मीरा देवी, विमला एयुवा समाजसेवी चेतन लाल बरंडा रहे। अतिथियों का स्वागत हेमंत कुमार खराड़ी संस्था प्रधान ने किया ।

समारोह में पिछले वर्ष परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों एउपस्थिति व व्यक्तिगत अभिवृत्तियां, विद्यालय में सहयोग व पर्यावरण देखभाल तथा स्वास्थ्य शारीरिक गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले साहिल बरांडा व चेतन बरण्ड़ा और ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम को अतिथियों द्वारा संबोधित करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में अधिक से अधिक पढ़ाई में आगे बढ़ने के लिए कड़ी मेहनत करने की बात कही। विद्यालय के समस्त शिक्षकगण विमला कुमारी,जसोदा पाटीदार,जीजा बरांडा, मुकेश बरांडा एव ग्रामीण अभिभावक जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गीत मेहता व आभार प्रियंका प्रजापत ने ज्ञापित किया।

जनवादी नौजवान सभा का जिला सम्मलेन 3 फरवरी को

डूंगरपुर(पुकार)। भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला संयोजक देवीलाल डामोर ने बताया की मंगलवार को नेहरू पार्क डूंगरपुर मे साथी नरसिंग बरण्ड़ा की अध्यक्षता मे बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नौजवान सभा सबको शिक्षा, सबको काम के नारे के लिए संघर्षरत है। बैठक मे जिले मे संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। आगामी 3 फरवरी 2025 को नौजवान सभा का जिला सम्मलेन करने का निर्णय लिया गया। नौजवान सभा शहिद भगतसिंह की विचारधारा के साथ सभी के लिए निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक बराबरी के साथ जीने का अधिकार देने का सरकार का काम होता है, लेकिन हमारी सरकारों ने जनता के अधिकारों के साथ शोषण ही किया है। आज पूंजीपति को सब कुछ बेचा जा रहा है और युवाओं को नौकरी के नाम पर भारी शोषण किया जा रहा है। देश में भारी आर्थिक गैर बराबरी बहुत हो गई है। बेरोजगारी सबसे ज्यादा है सरकारें युवाओं को काम देने मे नाकामी रही है। बैठक मे आशीष व्यास, रोशन हड़ात, मनीषा आमलिया, देवीलाल डामोर, फाल्गुन, कैलाश रोत आदि उपस्थित रहे।

पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय टाऊन का अवलोकन

डूंगरपुर(पुकार)। पीएमश्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय टाऊन पीएमश्री विद्यालयों के साथ साझेदारी गतिविधि के तहत मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय डूंगरपुर का अवलोकन किया गया। जिसके तहत प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य जिज्ञासा भगोरा, शारीरिक शिक्षिका नीतू माली, कंप्यूटर शिक्षक पंकज भट्ट, लैब असिस्टेंट मोक्षी मेहता, चंद्रशेखर डिंडोर एवं तरुण आर्य तथा 14 छात्र-छात्राओं के साथ कुल 20 जनों ने अवलोकन किया। केंद्रीय विद्यालय के खेल मैदान कंप्यूटर लैब, विज्ञान में भौतिक, रासायनिक और बायो लैब, अटल लैब, बाल वाटिका,पुस्तकालय इन्नोवेटिव लैब को देखकर सभी के द्वारा सारा गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सेल्फी प्वाइंट कट बहुत ही शानदार था। साथ ही प्रत्येक गतिविधि को विद्यार्थियों और अध्यापकों द्वारा नोट किया गया और उसे अपने विद्यालय में किस तरह से कार्य करना है उसके बारे में अपने विचार बताएं। केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य लक्ष्मण सिंह द्वारा विद्यालय संचालन के बारे में बताया गया और पीएमश्री के तहत बढ़ते हुए भारत के कदम के बारे में विद्यालय की जानकारी दी गई। पीएमश्री टाउन की प्रधानाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया और विद्यालय की उपलब्धियां को सराहा गया।

गौशाला के आदेश निरस्त करानें की मांग को लेकर सौपा ज्ञापन

पूर्व स्थापित जगह पर गौशाला रखने की मांग

डूंगरपुर(पुकार)। आसपुर के ग्राम पंचायत बडलिया के ग्रामीण ने मंगलवार को गौशाला के आदेश को निरस्त करवाने को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि श्री राधे गोविंद गौशाला समिति बनकोडा में हरेन्द्रसिंह चौहान के द्वारा अपने स्वार्थ एवं हितार्थ के लिए लिये गौशाला ग्राम पंचायत बनकोडा मे अपनी निजी जमीन पर खोली गई है। उसे तत्काल बन्द करवा कर ग्राम पंचायत बडलीया धुणी की जमीन पर गौशाला खोलने के आदेश दिए जाने की मांग की तथा ग्रामीणों ने मांग है कि जहां पहले से गौशाला है वही यथावत रखे जाने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

डाकघरों के आधार पंजीकरण केन्द्रों में दी जा रही सुविधा का लाभ ले आमजन

डूंगरपुर(पुकार)। भारतीय डाक विभाग डूंगरपुर मंडल के प्रधान डाकघर डूंगरपुर, बांसवाड़ा उप डाकघर सागवाड़ा बिछीवाड़ा, आसपुर, साबला, सीमलवाड़ा, गेपसागर डूंगरपुर, गढ़ी, परतापुर, घाटोल एवं कुशलगढ़ में नया आधार कार्ड एवं आधार कार्ड में सुधार करने का कार्य किया जा रहा है। प्रधान डाकघर डूंगरपुर और बांसवाड़ा में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक एवं उप डाकघरों में प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक किया जा रहा है।

प्रधान डाकघर डूंगरपुर के अधीक्षक ने आम जन से अपील है कि वे उक्त डाकघरों के आधार पंजीकरण केन्द्रों में दी जा रही सुविधा का लाभ लेवें। आधार का नया पंजीकरण निःशुल्क है तथा अन्य बायोमेट्रीक अपडेट का शुल्क 100 रूपये एवं अन्य अपडेट(नाम, पता,जन्मतिथि, मोबाईल नम्बर, लिंग एवं ई-मेल) का शुल्क 50 रूपये है।

बीआरकेजीबी को लगातार 10 वीं बार मिला बेस्ट टेक्नोलॉजी अवॉर्ड

भारतीय बैंक संघ ने 7 राष्ट्रीय पुरस्कारों से किया सम्मानित

डूंगरपुर(पुकार)। भारतीय बैंक संघ आईबी द्वारा मुंबई में आयोजित वार्षिक कार्यक्रम में नवीनतम टेक्नोलॉजी का उपयोग कर ग्राहकों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने और सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के लिए विभिन्न सेगमेंट्स में ग्रामीण बैंको की श्रेणी में बडौदा राजस्थान क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को लगातार दसवीं बार राष्ट्रीय स्तर पर बेस्ट टेक्नोलॉजी बैंक के पुरुस्कार से सम्मानित किया है। साथ ही डिजिटल इंगेजमेंट,फिनटेक तथा डीपीआई अडॉप्सन, आर्टिफिसियल इन्टेलिजन्स और मशीन लर्निंग अडॉप्सन में भी बैंक को प्रथम पुरस्कार तथा बेस्ट वित्तीय समावेशन, आई टी रिस्क मैनेजमेंट और टेक्नोलॉजी टैलेंट हेतु भी बैंक को पुरस्कृत किया गया। आईबीए द्वारा मुंबई में आयोजित 20 वीं वार्षिक बैंकिंग टेक्नोलॉजी कांफ्रेंस में भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर श्री टी रविशंकर ने बैंक अध्यक्ष यादव एस ठाकुर को उक्त पुरस्कार प्रदान किए। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष इन पुरुस्कार के लिए निर्णय आईबीए, की ज्यूरी कई चरणों की स्क्रीनिंग के बाद करती है, ज्यूरी में देश के बैंकिंग, वित्त एवं टेक्नोलोजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित नाम शामिल हैं। बैंक द्वारा तकनीकी का उपयोग कर ग्राहक सेवा को पूर्णतया आटोमेटिक माध्यमों पर ले जाने हेतु बनाये गए नए मॉडल जैसे एमएसएमई, रीटेल, हाऊसिंग, किसान क्रेडिट कार्ड .केसीसी सहित सभी लोन ऑटोमेशनए लोन ट्रैकिंग सिस्टम, पीएफएमएस मैनेजमेंट, पॉजिटिव पे सिस्टम, अकाउंट एग्रीगेटर और सीकेवाईसी को इंप्लीमेंट किया गया है। एंड टू एंड लोन ऑटोमेशन के तहत अब बैंक के ग्राहकों को घर बैठे पर्सनलए एमएसएमई तथा पशुपालन और मत्स्य पालन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड एएचएफक्रेसीसी लोन की सुविधा उपलब्ध करवाई जा चुकी है।

सादडिया में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित, सीबीईओ बने भामाशाह

सीमलवाड़ा(पुकार)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सादडिया में वार्षिकोत्सव एवं भामाशाह सम्मान समारोह का धूमधाम से आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पंचायत समिति सीमलवाड़ा के प्रधान कारी लाल ननोमाए कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कुमार डामोर ने की। विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत सादडिया की सरपंच रेखा देवी ननोमाएउपसरपंच दिलीप डामोरएबंजारा समाज के प्रदेशाध्यक्ष उदयलाल बंजाराएविधायक प्रतिनिधि कारी लाल डामोर एसमाज सेवी राकेश ननोमा उपस्थित रहे ।

सीमलवाड़ा। सादडिया में वार्षिकोत्सव समारोह में बच्चों को पुरस्कृत करते हुए अतिथि। गुणवंत कलाल

संक्षिप्त समाचार

राउमावि भोइयों की पंचोली में वार्षिकोत्सव

उदयपुर (पुकार)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोइयों की पंचोली में मंगलवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया है। छात्र छात्राओं ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। संस्था प्रधान देशपाल सिंह शेखावत ने बताया कि आयोजन के मुख्य अतिथि समाजसेवी हिम्मत सिंह देवड़ा, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी नजरसिंह देवड़ा, शिवदान सिंह देवड़ा और देवेन्द्र शर्मा थे। कार्यक्रम में वार्षिक प्रतिवेदन और उपलब्धियों का वाचन भी किया गया।

वीना सिंघवी अध्यक्ष, शिल्पा लोढ़ा सचिव मनोनीत

उदयपुर (पुकार)। हिरण से.11 स्थित महावीर भवन में प्रभा बहू मंडल का शपथ ग्रहण समारोह एवं 18वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। वीना सिंघवी को अध्यक्ष, शिल्पा लोढ़ा को सचिव, हेमलता बापना को उपाध्यक्ष व रेखा बाबेल को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। सुशीला कच्छारा ने नवीन कार्यकारिणी को गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम की शुरुआत में खुशबु सामर एवम् दीपिका सिंघवी द्वारा मंगला चरण प्रस्तुत किया गया।धर्म के प्रति किये गये कार्यो के लिए मंजू सेठ का विशेष सम्मान किया गया।धन्यवाद सोनाली जैन व भाग्यश्री गन्ना द्वारा दिया गया। संचालन अनुपमा लोढ़ा ने किया। कार्यक्रम में ज्ञान चेतना समिति की शकुंतला लोढ़ा, सम्पत सेठ, शान्ता बरोला, निर्मला मेहता आदि सदस्यायें उपस्थित रही।

कबड्डी चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन

उदयपुर (पुकार)। जिला कबड्डी संघ उदयपुर के तत्वाधान में मंगलवार को गांधी ग्राउंड में उदयपुर जिला सीनियर पुरुष एवं महिला कबड्डी चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए जिला कबड्डी संघ उदयपुर के सचिव मुकेश जैन ने बताया कि चयन ट्रायल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि उदयपुर जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विनोद साहू थे। अध्यक्षता जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह खनुजा ने की। विशिष्ट अतिथि राजेश बंधु एवं जिला ओलंपिक संघ के सचिव जालमचंद जैन थे। समारोह के बाद आयोजित चयन प्रतियोगिता में उदयपुर जिला सीनियर पुरुष एवं महिला कबड्डी टीम का चयन किया गय। चयनित टीम 5 फरवरी से 8 फरवरी तक जोधपुर में आयोजित होने वाली 71वीं राजस्थान राज्य सीनियर पुरुष एवं महिला कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेगी।

सेन्ट एन्थोनिज का सीनियर वार्षिक खेलकूद दिवस सम्पन्न

उदयपुर (पुकार)। स्थानीय सेन्ट एन्थोनिज सीनियर सैकण्डरी स्कूल का सीनियर वार्षिक खेलकूद दिवस सम्पन्न हुआ। मिडिया प्रभारी विकास साहू ने बताया कि कक्षा 6 से 12वीं तक का खेलकूद दिवस में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर आए छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा स्वर्ण, रजत, कास्य पदक प्रदान किये गयें इस भव्य समारोह के मुख्य अतिथि भूपेंद्र मलहरा, ,विनय भाणावत, विद्यालय के स्टार खिलाड़ी युग चलानी स्विमिंग, अरुण कटारिया शतरंज, अल्पना रावत क्रिकेट, जिज्ञासा पटेल बॉक्सिंग, मयूर राज स्केटिंग थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय निदेशक एलबिन डिसूज़ा द्वारा की गई ।

बावजी चतुर सिंह जी की 145वीं जयंती मनायी



उदयपुर (पुकार)। राजस्थानी विभाग, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर एवं चतुर धाम सेवा संस्थान,सुखेर उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में बावजी चतुर सिंह जी की 145वीं जयंती तपोस्थली हवा मगरी पर मनाई गई। विभाग प्रभारी अध्यक्ष डॉ सुरेश सालवी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं बावजी चतुर सिंह जी की मायड़ भाषा के प्रति भाव को उजागर किया। लक्ष्मण पुरी गोस्वामी ने बावजी के जीवन एवं कृतित्व पर आधारित दोहा से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया । डॉ रचना जी , मेनारिया जी ,ओझा जी ने बावजी के कृतित्व को उजागर किया। वरिष्ठ कवि श्रेणी दान जी चारण ने बावजी पर अपनी मधुर आवाज में गीत प्रस्तुत किया ।झाला मैडम ,अनंत गणेश, चतुर धाम सेवा समिति के अध्यक्ष दीपक डांगी ने एवं महामंत्री मदन जी डांगी, डॉ राम सिंह सारंगदेवोत ने बावजी के वैराग्य एवं धर्म के विचार को प्रकट किया । श्री कमलेंद्र सिंह पंवार ,भरत जोशी भी विचार व्यक्त किये। शहर के प्रतिष्ठित वरिष्ठ साहित्यकारों के साथ रावल राम पंवार, जगदीश गुर्जर,संगीता मेहरा महेंद्र प्रताप सिंह, दीपेश व्यास ,दीपेंद्र सिंह, भावना प्रजापत, प्रिया सालवी, अजय नागदा ,निर्मल नागदा ,दीपेश मेघवाल, कैलाश गुर्जर, प्रेमलाल मेघवाल, अनिता, ललिता आदि के साथ छात्र-छात्राओं भि उपस्थित रही । डॉ लोकेश राठोर ने सफल संचालन किया।

कंप्यूटर अनुदेशको ने सांसद रावत को सौंपा ज्ञापन

उदयपुर (पुकार)। कंप्यूटर अनुदेशक संघ द्वारा सोमवार को उदयपुर सांसद डॉ. मन्ना लाल रावत को कंप्यूटर अनुदेशको के पदनाम परिवर्तन, कैडर संशोधन एवं विस्तार एवं वेतन विसंगति के निराकरण के लिए ज्ञापन दिया गया। इस संबंध में सांसद ने सारे विषय को गंभीरता से सुनने के बाद मांगों को मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री तक पहुंचा कर निस्तारण करवाने का भरोसा दिलाया। उदयपुर कंप्यूटर अनुदेशक संघ के जिलाध्यक्ष विकास पाराशर ने बताया कि शिक्षा विभाग में कार्यरत कम्प्यूटर अनुदेशक पद शिक्षक संवर्ग का हैं, उनके जॉब प्रोफाइल में भी शिक्षण कार्य को रखा गया हैं, और वर्तमान में कक्षा 9 से 12 तक कंप्यूटर शिक्षा का कार्य कर भी रहे है, परंतु अनुदेशक नाम के कारण उन्हें शिक्षक का दर्जा नहीं मिल पा रहा, और न ही अन्य विषय के शिक्षकों की भांति वेतन मिल पा रहा हैं। इस मौके पर विकास पाराशर, विकास सियाल, राहुल तंबोली, कुलदीप स्वर्णकार, कुलदीप खटीक, मंगलेश व्यास, देवेंद्र मेघवाल, राकेश खटीक, निर्मल लोहार, लोकेंद्र सालवी, पंकज जीनगर सहित कई अनुदेशक उपस्थित रहे।

जिला परिषद की साधारण सभा बैठक : महात्मा गांधी नरेगा योजना वर्ष 2025-26 के एक्शन प्लान का अनुमोदन

67282 कामों के लिए 1353 करोड़ के व्यय का प्रस्ताव

312 लाख मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य

सदस्यों ने जनहित के बिंदुओं पर की चर्चा, अधिकारियों को दिए निर्देश

उदयपुर (पुकार)। जिला परिषद उदयपुर की साधारण सभा बैठक मंगलवार को जिला प्रमुख के निर्देशन एवं उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली की अध्यक्षता में जिला परिषद सभागार में हुई। उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, वल्लभनगर विधायक उदयलाल डांगी, सलूम्बर विधायक शांतादेवी, मावली विधायक पुष्कर डांगी बतौर अतिथि उपस्थित रहे। बैठक में सदस्यों ने जनहित के बिंदुओं पर खुलकर चर्चा की। सदन ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया। बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2025-26 के एक्शन प्लान का भी अनुमोदन किया गया।

प्रारंभ में जिला परिषद सीईओ हेमेन्द्र नागर ने उप जिला प्रमुख तेली सहित विधायक गणों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। साथ ही गत 25 सितम्बर 2024 को हुई बैठक का कार्यवाही विवरण एवं पालना रिपोर्ट से अवगत कराया। इसके पश्चात सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वन विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि विभाग, रसद विभाग,पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास, जलग्रहण एवं भू संरक्षण विभाग, खान विभाग, आबकारी, परिवहन, विद्युत आदि विभागों के अधिकारियों ने विभागीय उपलब्धियों और विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी साझा की। सदस्यों द्वारा उठाए गए विषयों पर तथ्यात्मक जानकारी सदन के समक्ष रखी। बैठक में एसीईओ अंजुम ताहिर सम्मा, सलूम्बर एसीईओ श्री निलेश कलाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

1353.41 करोड़ के एक्शन प्लान का अनुमोदन

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत वर्ष 2025-26 के एक्शन प्लान को सदन में अनुमोदनार्थ रखा गया। सीईओ श्री नागर ने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष में उदयपुर एवं सलूम्बर जिले की कुल 648 ग्राम पंचायतों में 67282 कार्य प्रस्तावित किए गए हैं। उक्त कार्यों पर श्रम मद में 831.73 करोड़ तथा सामग्री मद में 521.68 करोड़ रूपए सहित कुल 1353.41 करोड़ रूपए व्यय करना प्रस्तावित किया गया है। योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 312.89 लाख मानव दिवस सृजन का भी लक्ष्य तय किया गया है। सदन ने एक्शन प्लान का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर मुख्यमंत्री भी संवेदनशील

सदन में कई सदस्यों ने कुछ स्थलों पर क्षतिग्रस्त सड़कों, झाड़ियों से हादसों की आशंका व्यक्त की। इस पर सीईओ नागर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को सदस्यों द्वारा बताए स्थलों पर यथाशीघ्र समस्या समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी संवेदनशील हैं तथा नियमित रूप से बैठकों के माध्यम से इसकी मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं।

रेस्टोरेशन के काम साथ-साथ पूर्ण कराएं

साधारण सभा में सदस्यों ने जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों में ठेकेदारों द्वारा तोड़ी गई सड़कों को दुरूस्त नहीं करने पर नाराजगी जताई। इस पर उप प्रमुख श्री तेली और सीईओ श्री नागर ने सर्वे कराकर ऐसे सभी कार्यों में रेस्टोरेशन कराने तथा आगामी समय में होने वाले कार्यों में हाथों हाथ रेस्टोशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही रेस्टोरेशन नहीं करने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई के भी निर्देश दिए।

संयुक्त टीम गठित कर डिमार्केशन के निर्देश

बैठक में कुछ विकास कार्यों में वन विभाग संबंधी विवादों पर भी चर्चा हुई। इस पर सदन ने एसीईओ की अगुवाई में पीडब्ल्यूडी, वन विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त कमेटी गठित कर ऐसे सभी प्रकरणों में डिमार्केशन कराने के निर्देश दिए।

खाद्य सुरक्षा का पोर्टल खुला, वंचितों को मिल सकेगा लाभ

बैठक में रसद विभाग की प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना अंतर्गत पोर्टल खुल गया है। वंचित पात्र परिवार इनमें ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने अपात्रों को सूची से हटाने के लिए चलाए जा रहे गिव अप अभियान की भी जानकारी दी।

आवास का सपना होगा साकार

बैठक में जिला परिषद सीईओ श्री नागर ने बताया कि पीएम आवास योजना में उदयपुर जिले को वर्ष 2024-25 में 13 हजार 700 की स्वीकृति मिली थी। जिले में लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत लाभार्थियों को पीएम आवास स्वीकृत कर दिए गए हैं। अब केंद्र सरकार ने उदयपुर के लक्ष्य को बढ़ाकर 47 हजार 500 कर दिया है। इससे वंचित पात्र परिवारों का आवास का सपना पूर्ण हो सकेगा। इसके अलावा वर्ष 2025-26 के लिए सर्वे जारी है। इसमें अब तक 40 हजार आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। आवेदनों की जांच सहित अन्य प्रक्रिया के पश्चात सरकार की ओर से मिलने वाली स्वीकृति के अनुसार आवास जारी किए जाएंगे।

जनजाति प्रतिभा सम्मान समारोह

टीएडी मंत्री खराड़ी बोले-लक्ष्य हमेशा बड़ा रखें, सरकार हरसंभव मदद को तैयार

पुरखों की विरासत को संजोए रखना और समाज में फैल रहे सांस्कृतिक प्रदूषण को रोकना हम सभी की जिम्मेदारी

उदयपुर (पुकार)। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि आज हमें गर्व है कि आदिवासी समाज के बच्चे कलेक्टर भी है, एसपी भी है और बड़े प्रशासनिक पदों तक पहुंचे हैं। आज इस समारोह में सम्मानित हुई प्रतिभाएं हमारा आने वाला सुनहरा भविष्य है। खराड़ी मंगलवार को जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग एवं टीआरआई द्वारा नगर निगम स्थित प. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में आयोजित जनजाति प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारा संस्कार ठीक नहीं होगा तो हम कितने भी ऊंचे पद पर पहुँच जाए किंतु हमारा सम्मान नहीं होगा। बड़ों का आदर करना, हमारी संस्कृति को जिंदा रखना, हमारे पुरखों की जो विरासत है उसको संजोए रखना भी हमारी जिम्मेदारी है।

शिक्षा के माध्यम से सशक्त होकर निभाएं अपनी जिम्मेदारी

मंत्री खराड़ी ने कहा कि लक्ष्य हमेशा बड़ा होना चाहिए, विभाग और सरकार भी आप की मदद करने के लिए पूरी तैयार और मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में हम बच्चों को आईएएस की निःशुल्क तैयारी भी करवाएंगे, उन्होंने योग्य और काबिल बनने की बात पर जोर देते हुए कहा कि सिर्फ नौकरी हासिल करना नहीं , हमें पढ़ लिख कर मालिक बनना है की मंशा के साथ आगे बढ़ना है। समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी है उसे हमें निभाना है, शिक्षा के माध्यम से सशक्त होकर इस जिम्मेदारी को निभाना होगा।

भारतीय संस्कृति में ओल्ड एज हाउस व्यवस्था नहीं

खराड़ी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में ओल्ड एज हाउस की व्यवस्था नहीं बल्कि श्रणव कुमार संस्कृति है जो माता-पिता को सर्वोपरि मानती है। पद पर पहुचने के बाद सेवा का भाव मन में होगा तो समाज भी सम्मान करेगा। हमें ऐसे लोगों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है जिनके अच्छे योगदान के कारण आज समाज और देश जिन्हें याद करता है। शिक्षा ग्रहण कर जिस भी क्षेत्र में हम जाएं वहां हम अपना बेहतर योगदान दें, देश के लिए जीने की प्रेरणा लेकर काम करें। उन्होंने कहा कि समाज में फैल रहे सांस्कृतिक प्रदूषण को रोकने की जिम्मेदारी हम सभी की है। पड़ोसी देशों में हो रही घटनाओं से हमें सबक लेने की आवश्यकता है।

जनप्रतिनिधियों ने भी दी प्रतिभाओं को प्रेरणा

समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित करते हुए उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत ने कहा कि प्रत्येक दिन बेहतर करने का संकल्प लें, आने वाले समय की बागडोर आप ही के हाथों में है। विकसित भारत संकल्प में आप सभी की प्रभावी भूमिका रहेगी, केंद्र और राज्य सरकार ने तय किया है कि जनजाति समाज के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किये जाएंगे। ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने जीवन में पढ़ाई का महत्व बताते हुए स्वंय के अनुभवों से छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि पढ़ाई का सकारात्मक असर परिवार और समाज में पड़ता है, साधारण से साधारण परिवार का व्यक्ति भी अपनी प्रतिभा से ऊंचाईयों तक पहुँच सकता है।

अनुसूचित क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों की 197 जनजाति प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

प्रतिभा सम्मान समारोह में अनुसूचित क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभाशाली जनजाति छात्र-छात्राओं एवं युवक-युवतियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपरणा ओढ़ाकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस क्रम में दसवीं कक्षा के 17 छात्र एवं 15 छात्राओं समेत कुल 32, 12वीं कक्षा के 11 छात्र एवं 9 छात्राओं समेत कुल 20, राजपत्रित सेवा में चयनित 14 युवक एवं 12 युवतियों समेत कुल 26 तथा नीट परीक्षा उत्तीर्ण 61 छात्रों एवं 40 छात्राओं समेत कुल 101, यूजी के 12 छात्रों एवं 9 छात्राओं, पीजी की 4 छात्राओं तथा पीएचडी के 3 छात्र जनजाति प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

समारोह में संभागीय एवं टीएडी आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी, अतिरिक्त आयुक्त टीएडी गीतेश श्री मालवीय, टीआरआई निदेशक ओपी जैन, टीएडी उपायुक्त रागिनी डामोर समेत विभागीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में जनजाति प्रतिभाएं एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना

प्रदेश में 22 हजार से अधिक तीर्थ यात्रियों ने लिया लाभ

उदयपुर संभाग से अब तक 2359 वरिष्ठ नागरिकों ने की तीर्थ यात्रा

उदयपुर (पुकार)। राज्य सरकार के देवस्थान विभाग द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत प्रदेश में अब तक 22 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिक विभिन्न तीर्थ स्थलों पर फ्लाईट व रेलगाडियों के माध्यम से पहुंच कर अपने आराध्य के दर्शनों का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। इसी क्रम में उदयपुर संभाग से 2359 वरिष्ठ नागरिकों ने तीर्थ यात्रा का लाभ प्राप्त किया है।

देवस्थान आयुक्त वासुदेव मालावत के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में देवस्थान विभाग द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा पूर्णतया निशुल्क है और यात्रियों को सुगम यात्रा के लिए मेडिकल सहित विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत प्रदेश में 27 रेलगाडियों के माध्यम से 20 हजार 156 एवं 64 फ्लाईट (हवाई यात्रा) के माध्यम से 1606 यात्रियों ने तीर्थ दर्शनों का लाभ 27 जनवरी 2025 तक प्राप्त कर लिया है।

इन तीर्थ स्थलों की यात्रा : देवस्थान आयुक्त वासुदेव मालावत ने बताया कि प्रदेश सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना- 2024 के तहत रेल यात्रा के माध्यम से तीर्थ स्थल क्रमशः रामेश्वरम, हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या, तिरूपति गंगासागर, कामाख्या, जगन्नाथपुरी की निशुल्क यात्रा करवाई जा रही है। इसी क्रम में हवाई यात्रा के माध्यम से पशुपतिनाथ काठमांडू (नेपाल) की यात्रा करवाई जा रही है।

22 हजार से अधिक ने लिया योजना का लाभ : आयुक्त मालावत ने बताया कि तीर्थ स्थल रामेश्वरम के लिए संचालित 9 रेलगाडियों के माध्यम से 7146, हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या के लिए संचालित 12 रेलगाडियों के माध्यम से 8768, तिरूपति के लिए 2 रेलगाडियों द्वारा 1554, गंगासागर के लिए एक रेल द्वारा 807, कामाख्या के लिए एक रेल द्वारा 770 एवं जगन्नाथपुरी के लिए 2 रेलगाडियों के माध्यम से 1471 सहित कुल 27 रेलगाडियों द्वारा 20 हजार 516 वरिष्ठ नागरिकों ने तीर्थ दर्शनों का लाभ लिया है। इसी क्रम में तीर्थ स्थल पशुपतिनाथ काठमांडू (नेपाल) के लिए 64 फ्लाईट के माध्यम से 1606 यात्रियों ने तीर्थ दर्शन का लाभ प्राप्त किया है। इस प्रकार रेल व हवाई यात्रा के माध्यम से 22 हजार 122 यात्री निशुल्क तीर्थ यात्रा कर चुके है।

उदयपुर संभाग से 2359 ने की यात्रा : देवस्थान अतिरिक्त आयुक्त अशोक कुमार ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना- 2024 के तहत 27 जनवरी 2025 तक उदयपुर संभाग से रेल के माध्यम से हरिद्वार-ऋषिकेश-अयोध्या 1854, गंगासागर-कोलकाता 204 एवं कामाख्या 226 सहित 2 हजार 284 यात्रियों ने तीर्थ यात्रा कर ली है। इसी क्रम में हवाई यात्रा के द्वारा 75 यात्रियों ने तीर्थ दर्शन का लाभ प्राप्त कर लिया है। इस प्रकार संभाग से 2359 वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा कर चुके है।

सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस वीक का आयोजन

उदयपुर (पुकार)। गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल आफ नर्सिंग उदयपुर में सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस वीक 2025 का आयोजन गायनेकोलॉजी नर्सिंग विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीन प्रोफेसर (डॉ.) विजया अजमेरा गीतांजलि कॉलेज एवं स्कूल ऑफ़ नर्सिंग द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. योगेश्वर पुरी गोस्वामी, प्रिंसिपल प्रोफेसर दिनेश कुमार शर्मा एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर कमलेश जोशी, समस्त विभाग अध्यक्ष, फैकल्टी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत क्विज पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई। कम्युनिटी अवेयरनेस प्रोग्राम के अंतर्गत सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता एवं शुरुआती पहचान पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं स्वास्थ्य शिक्षा आंगनवाड़ी सेंटर रोशन नगर सवीना में प्रस्तुत की गई जिसमें 50 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। अगले चरण में कार्यक्रम के तीसरे दिन नेशनल वेबीनार 'टुगेदर अगेंस्ट सर्वाइकल कैंसर अवेयरनेस प्रीवेंशन एंड अर्ली डिक्टेशन' का आयोजन किया गया जिसमें 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। नेशनल वेबीनार के अंतर्गत सर्वाइकल कैंसर की जानकारी पर आधारित विभिन्न विशेषज्ञ सत्र डॉ रमेश पुरोहित, सीनियर कंसल्टेंट ऑकोलॉजी विभाग गीतांजलि हॉस्पिटल उदयपुर डीन डॉ. विजया अजमेरा, एसोसिएट प्रोफेसर ब्रिसी बाबू, असिस्टेंट प्रोफेसर एंजेल अलीना वर्गीस, लेक्चरर दिव्या चौधरी, शीतल स्वर्णकार, विकास कुशवाहा द्वारा प्रस्तुत किया गया। पोस्टर प्रदर्शनी एवं स्वास्थ्य शिक्षा का आयोजन गायनिक ओपीडी गीतांजलि हॉस्पिटल उदयपुर में किया गया।

अंत में समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष के कल्पेश प्रजापत, जयश्री चौधरी, राधे गुलाब ओझा, आंचल पटेल एवं पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम रेवती सीरवी द्वितीय लक्षिता सोनीगरा आदि छात्र छात्राओं को परितोषित प्रदान किए गए।

स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम

मोबाइल के सदुपयोग का दिया संदेश

उदयपुर (पुकार)। जिले के राजकीय विद्यालयों में आयुष्मान भारत योजना के तहत संचालित स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम अंतर्गत आज विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सत्र आयोजित किए गए जिसमें मोबाइल के सदुपयोग का संदेश दिया गया।

डाइट प्रिंसिपल डीईओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया कि आरएससीईआरटी उदयपुर के निर्देशन में डाइट उदयपुर के परिक्षेत्र के समस्त 1662 राजकीय उच्च माध्यमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में स्कूल हेल्थ एंड वैलनेस प्रोग्राम संचालित किया जा रहा है जिसके तहत आज विद्यालयों में विभिन्न विधाओं के माध्यम से कार्यक्रम के समस्त आयामित बिंदुओं पर चर्चा की गई।

कार्यक्रम के ज़िला सह समन्वयक त्रिभुवन चौबीसा के अनुसार मंगलवार को राउप्रावि रामनगर बडगांव में इंटरनेट और सोशल मीडिया की सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना विषय पर मोबाइल के सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव के बारे में विद्यार्थियों के साथ चर्चा की गई। इस दौरान हैल्थ एम्बेसडर विजय लक्ष्मी पोरवाल द्वारा हैल्थ मैसेंजर के सहयोग से बिफोर मोबाइल और आफ्टर मोबाइल की नाट्य प्रस्तुति की गई। जिसके माध्यम से मोबाइल के अधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को उदाहरण एवं सच्ची घटनाओं के साथ बताया गया।यहां विद्यार्थियों ने शपथ ली कि वह जरूरत के अनुसार ही मोबाइल का उपयोग करेंगे।दूसरी ओर खेरवाडा ब्लॉक के राउप्रावि खुणादरी में हेल्थ एम्बेसडर ज्योत्सना खराड़ी ने वार्ता प्रस्तुत कर पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता की जानकारी दी,वही राउमावि पीपली बी में हैल्थ एम्बेसडर वर्षा वर्मा व वंदना मंत्री ने स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से जेंडर समानता की जानकारी दी जबकि राउप्रावि धनोल (नयागांव)में दामिनी चौबीसा द्वारा स्वस्थ जीवन शैली पर ज़ोर दिया गया।

राउमावि बडगांव में हैल्थ एम्बेसडर प्रभा शर्मा द्वारा स्वस्थ बढ़ना विषय पर चर्चा की गई।राउप्रावि भामटी में प्रजनन स्वास्थ्य एवं एच आई वी की रोकथाम पर चर्चा हुई।अमरपुरा गिर्वा में हेल्थ एम्बेसडर संगीता काबरा द्वारा गुड टच बैड टच संदेश आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गई।वही राबाप्राउवि फलीचड़ा की हैल्थ एम्बेसडर नेहा पारीक ने हेल्थ मैसेंजर के जरिए मानव तस्करी पर नाट्य प्रस्तुति दी। वाना में धर्मेंद्र सोलंकी ने वार्ता के माध्यम से स्वस्थ बढ़ना संबंधी पाठ पढ़ाया।

इस बीच जिले के सगतडी (कुराबड़), बामनिया (भींडर), खरपीणा (गिर्वा),वलाफला बुझड़ा (गिर्वा), छिपाला (गोगुंदा)आदि स्थानों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच की गई साथ एनजीओ द्वारा वार्ताएं भी की गई।

इसके साथ ही भैंसड़ा खुर्द, बेमला, झाड़ोली, भादवीगुडा, राणा,बरोठी ब्राह्मणान, धौलीमगरी, सिंधु, भानसोल,गुडली, बामनिया खेत, छापरा,ऊंकार, चांसदा, बाघदडा, मावली गांव, छैला खेड़ा, सूरजगढ़,मोडी,वरनोदा, कुकावास, निचली सिगरी (फलासिया), दुर्गावत नोहरा, रेडिया खेड़ी, गड़वाड़ा सहित जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों में मंगलवार को स्मार्ट बोर्ड और टीवी के माध्यम से इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देना,जेंडर समानता,स्वास्थ्य एवं पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता, योग ध्यान एवं मानसिक स्वास्थ्य,स्वस्थ बढ़ना, प्रजनन स्वास्थ्य, भावनात्मक कल्याण की जानकारी सांझा की गई तथा शक्ति दिवस मनाया जाकर आयरन फोलिक एसिड टैबलेट्स का वितरण किया गया है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.